* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 83

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को चुनौती देने के लिए ग्रामीणों को हथियार चलाना सिखायेगी सीआरपीएफ











# जबरन धर्म परिवर्तन बहुत गंभीर मुद्दा इसे राजनीतिक रंग न दें : सुप्रीम कोर्ट

- याचिका पर अगली सुनवाई 7 फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को गंभीर बताया। कोर्ट ने कहा कि इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहिए। याचिका पर अगली सुनवाई अब 7 फरवरी को होगी।

**सरकार द्वारा ठोस कदम उठाने की मांग :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें फर्जी धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गयी है। यह भी कहा गया है कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर अतिक्रमण कर सकता है। उन्होंने याचिका में दावा किया कि एक भी जिला ऐसा नहीं है जो धर्म परिवर्तन से मुक्त हो। जबरन धर्मांतरण एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है।

**आदिवासी इलाकों में ज्यादा होते हैं ऐसे मामले :** इससे पहले सुनवाई के दौरान केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के ऐसे मामले आदिवासी इलाकों में ज्यादा देखे जाते हैं। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि अगर ऐसा है तो सरकार क्या कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र से कहा कि इस मामले में क्या कदम उठाए जाने हैं, उन्हें साफ करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान के तहत धर्मांतरण कानूनी है, लेकिन जबरन धर्मांतरण कानूनी नहीं है।

## आइआरबी-9 के पारण परेड समारोह में सीएम हुए शामिल

# बेहतर दिशा देने के लिए व्यवस्था बनाना जरूरी है : हेमंत सोरेन

- 182 महिला समेत 552 प्रशिक्षु आरक्षियों ने ईमानदारी, निष्ठा, हर्ष और नम्रता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने की ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए बेहतर व्यवस्था देनी होगी। हमारा प्रयास व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। जिससे आपके कर्त्तव्य पथ पर आपको व्यवस्था से किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री सोनवार को जैप-3 परेड ग्राउंड, गोविंदपुर, धनबाद में आइआरबी-9 के पारण परेड समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षु जवानों के आकर्षक मार्च पास्ट का निरीक्षण किया और सलामी ली। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर जवानों को नमन किया और सरना स्थल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**कर्तव्य पथ पर चलने को हैं तैयार :** मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु जवानों से कहा कि आपने बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। अब आप कर्तव्य पथ पर चलने को तैयार हैं। सरकार के अभिन्न अंग के रूप में आपको अहम जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके आत्म बल और जिम्मेदारियों तथा कार्यों के प्रति जवाबदेह बनाते हुए आने वाले समय में चुनौतियों से निपटने में आपको सक्षम बनायेगी। उन्होंने कहा कि आपने प्रशिक्षण में जो हासिल किया है, कर्त्तव्य जीवन में प्रवेश करने के उपरांत उससे अलग और हटकर भी कई चुनौतियां आपके सामने आयेंगी। विशेष कर आप जिस क्षेत्र से जुड़ने जा रहे हैं, वहां चुनौतियों के साथ काफी जोखिम भी है। ऐसे में इन चुनौतियों और जोखिमों से निपटने में आपका बुद्धि विवेक और प्रशिक्षण काफी मायने रखेगा।

**महिला सशक्तिकरण की कड़ी में मजबूत पहल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल के साथ अन्य क्षेत्रों में भी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिलाएं अब पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। इसे हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखते हैं और यह राज्य और देश के लिए सुखद संदेश है।

**आधारभूत संरचना और सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसाबनी, लेस्लीगंज, बोकारो और गोविंदपुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षु जवानों के पारण परेड समारोह में मुझे शामिल होने का मौका मिला। यह मेरे लिए यह काफी खुशी की बात है और खुशी इस बात को लेकर ज्यादा है कि यहां सफलतापूर्वक बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कूल 2445 जवानों में 813 महिलाएं हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि जिन -जिन प्रशिक्षण केंद्रों में मुझे जाने का मौका मिला है, वहां आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं नहीं होने की जानकारी मिली। अगले दो वर्षों के अंदर सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का व्यापक जीर्णोद्धार किया जायेगा।

**552 आरक्षियों ने प्राप्त किया है बुनियादी प्रशिक्षण :** झारखंड सशस्त्र पुलिस- 3 (जैप) प्रशिक्षण केंद्र में इंडिया रिजर्व बटालियन-9 (आइआरबी), गिरिडीह के 512 आरक्षियों ने 215 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। इनमें 182 महिला आरक्षी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने समारोह में श्रेष्ठ प्रशिक्षक के रूप में हवलदार प्रणेन्द्र कुमार सिंह, बेस्ट कैडेट (महिला) प्रतिमा सिंह और बेस्ट कैडेट (पुरुष) रामकुमार बेदिया को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, एडीजीपी प्रशांत सिंह, उपायुक्त धनबाद संदीप सिंह, डीआईजी जैप सुनील भास्कर, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, पुलिस अधीक्षक गिरिडीह अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक धनबाद आर रमेशन, समादेष्टा जैप-3 प्रियदर्शी आलोक और अन्य पुलिस पदाधिकारी, आइआरबी-9 के प्रशिक्षु आरक्षी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# सतगावां के कोठियार में सौ से अधिक हिंदुओं को बनाया ईसाई

- कोडरमा जिले में बड़े पैमाने पर हो रहा धर्मांतरण का खेल

संजीव



**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड के कोठियार गांव में एक सौ से अधिक लोगों को ईसाई बना दिया गया। कोठियार पंचायत के गरडीह टोला में लालच देकर हिंदुओं का धर्मांतरण कराया गया है। रविवार को 25 परिवारों के 100 से अधिक सदस्यों ने हिंदू धर्म छोड़ कर ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया।

जानकारी के अनुसार जिले के कई जगहों पर प्रार्थना का कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को चल रहा है। शुरुआती दौर में यह लोग सत्संग भजन के नाम पर सबसे पहले अनपढ़ औरतों को अपना शिकार बनाते हैं। धीरे-धीरे इन पर विश्वास जमा कर इनका धर्म परिवर्तन कराया जाता है।

### प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा : कृष्णा सिंह

घटवार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष और जदयू के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार एवं जिला अध्यक्ष रीतलाल सिंह ने बताया कि यह सब लोभ देकर हो रहा है। जंगली इलाके में बसे समाज के लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करने का यह खेल चार-पांच साल से चल रहा है।

कोठियार गांव के इन लोगों का कहना है कि सरकार एवं समाज ने उनकी कोई सुध नहीं ली, इसलिए उन्होंने ईसाई धर्म कबूल किया। ईसाई धर्म स्वीकार करने वाले गांव के बासुदेव राय, राजकुमार सिंह, देवंती देवी, बच्चू राय, उपेंद्र राय, जानकी राय ने बताया कि वे घटवार जाति से आते हैं। सरकार और समाज ने कभी उनकी सुध नहीं ली। ईसाई धर्म अपनाने पर उन्हें कई प्रकार के लाभ देने का आश्वासन दिया गया। शादी-विवाह में मदद का आश्वासन मिला। यह भी कहा गया है कि गरीबी-बेरोजगारी दूर की जायेगा। बीमार पड़ने पर निःशुल्क इलाज होगा। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कई अन्य लोग भी इसाई धर्म स्वीकार करने वाले हैं।

### पटना से आते हैं ईसाई प्रचारक

बताया जाता है कि पटना से आये ईसाई प्रचारकों ने धर्मांतरण के इस कार्य को अंजाम दिया है। कई लोगों के इसाई धर्म स्वीकार करने की सूचना के बाद आरएसएस समेत कई संगठनों ने यहां पहुंच कर इन लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे भी असफल रहे। इस बाबत भाजपा नेता बालमुकुंद सिंह ने बताया कि पिछले छह साल से ईसाई धर्म के लोग प्रत्येक गुरुवार को यहां आते हैं। वहीं मुखिया वीरेंद्र कुमार का कहना था कि पिछले वर्ष पटना से ईसाई धर्म प्रचारक आये थे। काफी समय तक यहां रहे और उन्हीं के लालच पर इन लोगों ने ईसाई धर्म अपनाया है। अब इन्हें वापस हिंदू धर्म में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित करने के विरोध में संथाल समाज आज करेगा रैली

**गिरिडीह (आजाद सिपाही संवाददाता)।** मधुबन में 10 जनवरी को प्रस्तावित जनसभा व रैली के लिए सिदो-कान्हु विद्यालय चिरकी में बैठक हुई। मरांग बुरु सांवता सुसार बैसी के बैनर तले आयोजित इस बैठक में कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि पारसनाथ पहाड़ संथाल समाज का मरांगबुरु है। यह इस समाज का विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल है।

# निवर्तमान डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह पर गोली मारने का आरोप

## जनता मजदूर संघ के नेता के पुत्र को मारी गोली, सोनू की स्थिति गंभीर, दुर्गापुर रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** रविवार की देर रात धनबाद के तिसरा थाना क्षेत्र में भाजपा सह जनता मजदूर संघ (जमसं) के नेता दिनेश सिंह के पुत्र सोनू पर गोली चलने की घटना ने कोयलांचल को दहला दिया है। सोमवार की सुबह भाजपा सह जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) की नेत्री रागिनी सिंह दुर्गापुर हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल में गंभीर अवस्था मे इलाजरत सोनू सिंह से मिलने पहुंची एवं चिकित्सकों से सोनू का हाल जाना। इसके बाद रागिनी सोनू के परिजनों से मिलने उसके आवास पहुंची व परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें ढांढस भी बंधाया।

**भाजपा नेत्री रागिनी ने कहा - सत्ता के दबाव में बौना बन बैठा है प्रशासन :** पत्रकारों से बात करते हुए रागिनी सिंह ने पुलिस, सरकार और अपने प्रतिद्वंदियों जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर मनबढुओं द्वारा सरेआम गोली चला कर इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे दिया जाता है और पुलिस हाथ पर हाथ धर बैठी रहती है। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता के दबाव में पुलिस बौना बन बैठी है। राजनीतिक क्षेत्र के अपने सबसे बड़े विरोधी रघुकुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब तक कि रघुकुल में दो जगह पर रंगदारी नहीं पहुंचाया जाता है, तब कोई भी चैन से नहीं बैठ सकता है।

**क्या है पूरा मामला :** रविवार की देर रात झरिया के तीसरा थाना क्षेत्र के थाना मोड़ के समीप बालियापुर-झरिया मुख्यमार्ग पर जमंस कुंती गुट के नेता दिनेश सिंह के बेटे सोनू सिंह पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आनन फानन में सोनू के सहयोगियों ने उन्हें उठा कर जिले एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले गये, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सोनू को दो गोली लगी है एक नाक में जबकि दूसरी हाथ में। फिलहाल हाथ की गोली धनबाद में ही निकाल दी गयी थी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह अस्पताल पहुंचे व मामले की जानकारी ली।

### पिछले कई दिनों से मिल रही थी जान से मारने की धमकी : सोनू की मां

गोलीकांड में घायल सोनू की मां ने कहा कि उसका बेटा कोयला का काम करता था पिछले कई दिनों से उसे जान से मारने की धमकी मिल रही थी। उन्होंने कहा कि घटना वाली शाम को निवर्तमान डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह तिसरा क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ घूम रहे थे। उन्हें पता था कि सोनू आज गाड़ी निकलवाने वाला है। इसकी भनक सोनू को भी लग गयी थी, पर थाना पहुंचने से पहले ही उस पर इन लोगों ने हमला कर दिया। उन्होंने सिसकते हुए कहा कि इस कोयले के काम को लेकर ऐसे कई सोनू अपनी जान गंवा बैठे हैं।

## इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए प्रधानमंत्री


# भारत स्किल कैपिटल, दुनिया के विकास का इंजन बन सकता : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए। मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत की सुनती है। भारत में स्किल कैपिटल बनने का सामर्थ्य है, यह दुनिया के विकास का इंजन बन सकता है। भारत के पास सक्षम युवाओं की बड़ी तादाद है। हमारे युवाओं के पास स्किल भी है, वैल्यूज भी हैं। काम करने के लिए जरूरी जज्बा और ईमानदारी भी है। प्रधानमंत्री ने इंदौर की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंदौर दुनिया में लाजवाब है। लोग कहते हैं कि इंदौर एक शहर है, लेकिन मैं कहता हूं कि इंदौर एक दौर है, जो समय से आगे चलता है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल भारत दुनिया के जी-20 समूह की अध्यक्षता भी कर रहा है। भारत इस जिम्मेदारी को एक बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। हमारे लिए यह दुनिया को भारत के बारे में बताने का अवसर है। हमें जी-20 को केवल एक डिप्लोमैटिक इवेंट नहीं, बल्कि जन भागीदारी का आयोजन बनाना है। प्रवासी भारतीयों को सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। मोदी ने प्रवासी भारतीयों को समर्पित डाक टिकट का विमोचन किया। सम्मेलन में करीब 70 देशों से आये 3200 प्रवासी भारतीय शिरकत कर रहे हैं।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 52,900 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



## पुण्यतिथि पर विशेष : कहानी जस्टिस लाल पिंगला नाथ शाहदेव की

# संघर्ष से उनकी दोस्ती, संघर्ष ही उनका हथियार, संघर्ष ही उनका जीवन और संघर्ष ही उनकी कहानी

- कहानी झारखंड के पहले भूमिपुत्र की, जिन्हें हाइकोर्ट का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ
- कैसे लातेहार के एक बीहड़ गांव में पैदा हुआ बच्चा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तक का सफर तय करता है
- जिस स्कूल में कभी खुद बोरा लेकर पढ़ने जाते थे, आज वही स्कूल उनके नाम से जाना जाता है
- कहानी झारखंड आंदोलन की रीढ़ कहे जाने वाले अग्रणी पंक्ति के योद्धा जस्टिस एलपीएन शाहदेव की

आजाद सिपाही विशेष

**जस्टिस एलपीएन शाहदेव, ऐसा नाम जो झारखंड ही नहीं, पूरे देश में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। झारखंड का पहला भूमि पुत्र, जिसे उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। कभी बोरा लेकर स्कूल जानेवाला बच्चा, कैसे जज की कुर्सी तक पहुंचता है। गरीबी की मैल कपड़ों से झलकती थी, लेकिन पढ़ाई के प्रति जूनून की चमक ने उन्हें रोशन कर दिया। पढ़ा, खूब पढ़ा। संघर्ष से उनकी दोस्ती थी, संघर्ष ही उनका हथियार, संघर्ष ही उनका जीवन था और संघर्ष ही उनकी कहानी। जस्टिस एलपीएन शाहदेव की कहानी जितनी रोमांचक है, उतनी ही प्रेरक भी। आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने व्यापक शोध के बाद यह कहानी लिखी है।**



राकेश सिंह

**न्यायमूर्ति लाल पिंगला नाथ शाहदेव,** यानी जस्टिस एलपीएन शाहदेव, झारखंड के पहले भूमि पुत्र, जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। एक ऐसा नाम, जिन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन को मजबूती प्रदान की। नयी धार दी। झारखंड आंदोलन के प्रणेता जस्टिस लाल पिंगला नाथ शाहदेव का जन्म तीन जनवरी 1930 को लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के बीहड़ जंगल के रोल गांव में हुआ था। न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव राज परिवार से ताल्लुक रखते थे, लेकिन समय के साथ-साथ परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि संघर्षों के महाजाल में जिंदगी कठिन बनती चली गयी। शायद संघर्ष से उनकी काफी अच्छी दोस्ती थी और संघर्ष भी उनका खूब ख्याल रखता, इसीलिए उनका शुरूआती सफर भी बहुत ही संघर्षों भरा रहा। जब उन्होंने पढ़ाई शुरू की, तब लोगों ने कहा कि राजा के बेटे को पढ़ने की क्या जरूरत। अब यह एक अलग ही सामाजिक संघर्ष था। लेकिन श्री शाहदेव को उनके पिता ने पढ़ाना शुरू किया। उन्हें बखूबी पता था कि ज्ञान से बड़ा खजाना और कुछ नहीं। वह अपने बेटे को इस खजाने से वंचित नहीं रखना चाहते थे। भले राजपाट और जमींदारी चली गयी थी, लेकिन उस परिवार ने कभी भी बुलंदियों को भी अपने माथे से नहीं लगाया। कहते हैं, संस्कार जीवन का वह अमूल्य रत्न है, जिसे न खरीदा जा सकता है और न बेचा। उसे सिर्फ तराशा जा सकता है। वही संस्कार रूपी रत्न बाल शाहदेव के पिता ने उनके अंदर जड़ा। यह बाल शाहदेव के मस्तिष्क में आने ही नहीं दिया कि वह राज परिवार का सपूत है। पढ़ो और खूब पढ़ो, इसी मंत्र से उन्होंने बाल शाहदेव का पालन पोषण किया। श्री शाहदेव में संस्कार कूट-कूट कर भरा था। वह शुरू से ही आदर्श पथ पर चलते थे।

### उठाया बोरा और सरकारी स्कूल में बैठ गये पढ़ने

उनकी प्रारंभिक शिक्षा लातेहार जिला के बीहड़ जंगलों के आसपास के इलाके में ही हुई। वह जंगल जितना घना था, उतना ही अनोखा था। उस जंगल के घनत्व में कुछ तो बात रही होगी, जिसने श्री शाहदेव के रगों में संघर्षों से लड़ने की शक्ति भर दी। उन्हें पढ़ना था। खूब पढ़ना था। फिर क्या था, बाल शाहदेव ने खुद का बोरा उठाया और जमीन पर बिछा कर सरकारी स्कूल में पढ़ाई शुरू की। कक्षा पांच तक वह उसी सरकारी स्कूल में पढ़े। पढ़ने की ललक इतनी कि बीहड़ से निकल पहुंच गये रांची के रातू रोड। काका का घर था और श्री शाहदेव वहीं रह कर पढ़ने लगे। उन्होंने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई बालकृष्णा स्कूल से पूरी की। उसके बाद उन्होंने रांची कॉलेज से अपनी इंटर और ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की। उनदिनों राज परिवार के लोग अपनी संपत्ति एशो-आराम के लिए बेचा करते थे, लेकिन श्री शाहदेव के हिस्से जो संपत्ति आयी थी, उन्होंने उसे अपने पढ़ाई में लगा दी। शुरू से ही संघर्ष पथ पर चलने वाले श्री शाहदेव की जिंदगी में संघर्ष कम नहीं था कि अब नित दिन और नये-नये संघर्षों से उनका सामना होता गया। अब जब दोस्ती ही संघर्ष से कर ली थी, तो सामना तो होता रहेगा। अपने काका के यहां रह कर जब वह पढ़ा करते थे, उस दौरान वहां काफी संख्या में और भी बच्चे रह कर पढ़ा करते थे। पढ़ाई में फोकस बहुत जरूरी होता है। यह वही समझ सकता है, जो पढ़ता है। लेकिन अपने फोकस से श्री शाहदेव डिगे नहीं। मन लगा कर बस पढ़ते रहे। कभी राज परिवार के सपूत रहे श्री शाहदेव के पिता की जमींदारी छिन जाने से आर्थिक तंगी और संघर्ष जिंदगी का एक हिस्सा बन गया। इस संघर्ष का चरम यह रहा कि उन्हें कई बार मैले कपड़े पहन कर भी स्कूल जाना पड़ता था, लेकिन पढ़ाई का जूनून इस कदर था कि वह डिगे नहीं। उन्हें उनके कपड़ों में कभी मैल दिखा ही नहीं। सिर्फ पढ़ना था उन्हें।

### कानून पढ़ने पहुंचे पटना, मिंटू लॉज और लोटा की कहानी भी बड़ी रोचक

श्री शाहदेव कानून पढ़ना चाहते थे। उस वक्त रांची में कानून की पढ़ाई नहीं होती थी। फिर क्या था, उन्होंने बैग पैक किया और पटना निकल गये। यहां उनकी मुलाकात एक और नये संघर्ष से हुई। बेस्ट फ्रेंड था संघर्ष। साथ नहीं छोड़ता था। यहां संघर्ष का नाम था मिंटू लॉज। श्री शाहदेव मिंटू लॉज में रहने लगे। मिंटू लॉज की भी अलग कहानी थी। वहां पर 50 बच्चों के लिए एक टॉयलेट हुआ करता था। सुबह-सुबह लोटा ले कर लाइन में लगना पड़ता था। सभी को अपने-अपने लोटे की पहचान भी होती थी। आप समझ सकते हैं कि यह तमाम संघर्षों से भी बड़ा संघर्ष था कि आप सुबह-सुबह एक-दो घंटे लोटा लेकर लाइन में खड़े रहिये। एक राज परिवार का खून हाथ में लोटा लिये टॉयलेट के पास खड़ा हो और अपना नंबर आने का इंतजार कर रहा हो। खैर अगर इंसान जुनूनी है, तो ये सारी तकलीफें मामूली बन जाती हैं। मिंटू लॉज में रहकर और अनेकों कठिनाइयां सहकर उन्होंने पटना लॉ कॉलेज से लॉ की पढ़ाई पूरी की।

### न्यायिक सेवा में एंट्री और प्रभा शाहदेव का आगमन

श्री शाहदेव का जन्म एक अहम कार्य के लिए हुआ था और उस कार्य को करने वह निकल पड़े थे। साल था 1958, जब एलपीएन शाहदेव ने न्यायिक सेवा में एंट्री मारी। उनकी नियुक्ति मुंसिफ मजिस्ट्रेट के रूप में हुई। उन्हें पूरे बिहार में सातवां स्थान प्राप्त हुआ था। जब मेडिकल हुआ, तब इन्हे ब्लड-प्रेशर की शिकायत हो गयी। ब्लड-प्रेशर के कारण मेडिकल बोर्ड ने इन्हें रिजेक्ट कर दिया। फिर श्री शाहदेव ने हाइकोर्ट में अपील की। इस बीच उन्होंने डॉक्टर से संपर्क भी किया। इनका बीपी भी कंट्रोल हो गया था। हाइकोर्ट ने कहा कि अगर दवा से बीपी कंट्रोल हो रहा है, तो इन्हे थोड़े मिलिट्री सर्विस में जाना है। फिर से बीपी जांचा गया। बीपी नॉर्मल था। करीब नौ महीने के संघर्ष के बाद श्री शाहदेव को नौकरी में रखा गया। साल 1960 में श्री शाहदेव की शादी प्रभा शाहदेव से हो गयी। प्रभा शाहदेव तत्कालीन डीएसपी शिव प्रसाद सिंह की पुत्री थीं। जैसे ही श्री शाहदेव के जीवन में प्रभा शाहदेव का आगमन हुआ, मानो श्री शाहदेव का भाग्योदय हो गया। प्रभा शाहदेव एमए पास थीं। वह आसानी से लेक्चरर बन सकती थीं, लेकिन उन्होंने परिवार को संभालना ज्यादा उचित समझा। वह जीवन भर जस्टिस एलपीएन शाहदेव की सबसे मजबूत स्तंभ बन कर रहीं। दोनों के पांच बच्चे हुए। चार लड़की और एक लड़का। सबसे बड़ी पुत्री संगीता देव, उसके बाद कृति देव, बबिता देव, शिल्पी सिंहदेव और सबसे छोटे पुत्र प्रतुल शाहदेव। प्रतुल शाहदेव आज जानी-मानी राजनीतिक शख्सियत हैं। वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रदेश प्रवक्ता हैं।

### जब न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव की पोस्टिंग धनबाद और गया में हुई

अपने कार्यकाल के दौरान श्री शाहदेव की पोस्टिंग कई जगहों पर हुई, लेकिन साल 1980 में न्यायमूर्ति शाहदेव धनबाद में डिस्ट्रिक्ट जज बने। वह गया में भी डिस्ट्रिक्ट जज रह चुके थे। ये दोनों जगहें उन दिनों बहुत ही कुख्यात थीं। धनबाद तो कोयला तस्करों के लिए पहले से ही कुख्यात था और गया था नक्सलवाद के लिए। न्यायमूर्ति शाहदेव की छवि बहुत ही कड़क जज की रही थी। वह निडर थे। उन्होंने बखूबी अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया।

### कभी खुद का बोरा लिये स्कूल जाने वाला बच्चा आज हाइकोर्ट का जज था

साल 1986 के सितंबर में न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव हाइकोर्ट के जज बने। एक मुंसिफ मजिस्ट्रेट से हाइकोर्ट के जज तक का सफर आसान नहीं था। उन दिनों यह कोई आम बात नहीं थी कि कोई मुंसिफ मजिस्ट्रेट से अपना सफर शुरू किया हो और सब जज, एडिशनल जज, डिस्ट्रिक्ट जज का रास्ता अख्तियार करते हुए हाइकोर्ट का जज बना हो। यह सिर्फ और सिर्फ न्यायमूर्ति शाहदेव का जुनून और काम के प्रति निष्ठा ही थी, जो कभी खुद का बोरा लिये स्कूल जाने वाला बच्चा आज हाइकोर्ट का जज था। उसके बाद उनका तबादला पटना हाइकोर्ट के रांची बेंच में हुआ। यहीं से वह 1992 में रिटायर भी हुए।

### कूद पड़े अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में

लेकिन यह रिटायरमेंट तो न्यायिक सेवा से हुआ था, असल में तो यहां से अब उनकी नयी शुरूआत होनेवाली थी। नयी शुरूआत, मतलब अब जिंदगी के सबसे बड़े संघर्ष से उनकी मुलाकात होनेवाली थी। अब जब उन्होंने यारी ही संघर्ष से कर ली



थी, तो आराम तो उनके लिए हराम ही था। निकल पड़े अपने नये सफर की ओर, नये पड़ाव की ओर, एक नये संघर्ष की ओर। संघर्ष अलग राज्य का, संघर्ष झारखंड का। यहां बताना महत्वपूर्ण हो जाता है कि जस्टिस शाहदेव झारखंड के पहले भूमिपुत्र थे, जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। जब न्यायमूर्ति शाहदेव सेवानिवृत्त हुए, तो वह बैठे नहीं। उन्होंने कलम उठा ली। अपने लेखों के जरिये, विचारों के जरिये कई सार्वजनिक मंचों और अखबारों से अलग झारखंड राज्य के लिए उन्होंने तपस्या शुरू की। उनके प्रयासों से सदानों का एक बड़ा वर्ग तथा राज्य के बुद्धिजीवी भी अलग राज्य के आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने लगे। न्यायमूर्ति शाहदेव ने 1998-1999 के दौर में अलग राज्य के आंदोलन का नेतृत्व किया था। रिटायरमेंट के बाद वह खुल कर अलग राज्य के आंदोलन से जुड़ गये। इनका हरमू आवास आंदोलनकारियों और नेताओं का अड्डा हुआ करता था। यहां आंदोलन की रूपरेखा से लेकर स्वरूप तक पर व्यापक चर्चा होती थी।

### केंद्र सरकार के सामने तन कर खड़े रहे

जब-जब केंद्र सरकार ने आंदोलन को संवैधानिक भूल-भुलैया में फंसाने की कोशिश की, तो न्यायमूर्ति शाहदेव कानून विशेषज्ञ के रूप में सामने आये। उसी वक्त सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति अस्तित्व में आयी थी। अलग राज्य के प्रबल समर्थक एवं गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने के कारण सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति शाहदेव को सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति का संयोजक चुना गया। 1998 में श्री शाहदेव ने सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति के संयोजक के रूप में आंदोलन की कमान भी संभाल ली। यह वह दौर था, जब झारखंड में भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आजसू, वामदल, जदयू सहित विभिन्न विचारधारा के कुल 16 दल अलग राज्य के गठन के लिए एक मंच पर आये थे। यह झारखंड आंदोलन के बिखराव और ठहराव का दौर था। 1998 में केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य के गठन संबंधी बिल को सदन में पेश कर राय जानने के लिए बिहार विधानमंडल में भेजने की घोषणा की थी। यह वही दौर था, जब बिहार सरकार का दमन चरम पर था। बिहार सरकार अलग राज्य नहीं देना चाहती थी और आंदोलनकारी अलग राज्य के लिए मर-मिटने तक को तैयार थे।

### जब लालू यादव ने कहा, झारखंड मेरी लाश पर बनेगा

इस घोषणा से बौखला कर लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि बिहार का बंटवारा उनकी लाश पर होगा। तारीख 21 सितंबर, साल 1998। बिहार विधानमंडल में झारखंड विधेयक पर वोटिंग होनी थी। बिहार विधानसभा में उत्तर और मध्य बिहार के विधायकों के बहुमत को देखते हुए यह निश्चित था कि झारखंड विधेयक विधानसभा में गिर जायेगा। सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति की संयोजक मंडली ने यह निर्णय लिया कि 21 सितंबर को ही झारखंड बंद का आयोजन हो। इसके पीछे तर्क था कि विधेयक तो विधानसभा में वोटिंग के दौरान गिर जायेगा, लेकिन अगर झारखंड बंद सफल रहा, तो केंद्र को यह स्पष्ट संदेश जरूर जायेगा कि अलग राज्य के मुद्दे पर झारखंड एकमत है। उन दिनों लालू यादव द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि झारखंड की मांग सिर्फ मुट्ठी भर आदिवासियों की मांग है। लालू प्रसाद यादव ने बंद को विफल करने के लिए पूरी तैयारी की थी। पूरी रांची पुलिस छावनी में तब्दील हो चुकी थी, लेकिन झारखंड की जनता में भी लालू यादव के खिलाफ जबरदस्त उबाल था। ऐसा प्रतीत होता था कि दक्षिण बिहार उसी समय शेष बिहार से मानसिक रूप से अलग हो गया हो। राजनीतिक दलों के अतिरिक्त झारखंड क्षेत्र के लगभग सभी व्यावसायिक और सामाजिक संगठनों ने बंद का समर्थन किया था। कुछ ऐसा नजारा था कि जनता आगे और नेता पीछे हो गये।

### जब न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव की गिरफ्तारी से पूरे देश में हड़कंप मच गया

फिर 21 सितंबर का वह दिन भी आ गया। झारखंड में अभूतपूर्व बंद का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति शाहदेव की नेतृत्ववाली 16 राजनीतिक दलों की सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति अब कमर कस चुकी थी। पहले माटी और फिर पार्टी का नारा बुलंद हुआ। हजारों-हजार कार्यकर्ता सड़क पर उतर गये थे। कहीं कोई जोर-जबरदस्ती नहीं हुई। लोग खुद ही स्वेच्छा से बंद को सफल बनाने निकल पड़े। रेल आवागमन भी प्रभावित हुआ। बस, टेंपो और अन्य साधन भी ठप रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे पूरा झारखंड एक होकर कह रहा हो कि अब हमें बिहार से मुक्ति दो। आंदोलन के क्रम में 21 सितंबर को झारखंड बंद के दौरान जुलूस का नेतृत्व करते हुए न्यायमूर्ति शाहदेव को पुलिस ने शहीद चौक के पास गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोतवाली ले जाया गया। वहां उन्हें और उनके संग सैकड़ों कार्यकर्ताओं को घंटों रखा गया। न्यायमूर्ति शाहदेव की गिरफ्तारी से पूरे देश में हड़कंप मच गया था, क्योंकि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था कि उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को आंदोलन के क्रम में गिरफ्तार किया गया हो। आंदोलन के इस दौर में न्यायमूर्ति शाहदेव ने एक नयी ऊर्जा का संचार किया था। सदानों का एक बड़ा वर्ग, जो इस आंदोलन को शंका से देखता था, वह भी इस आंदोलन से पूरे तरीके से जुड़ गया था। कई बार ऐसा समय भी आया, जब केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य के आंदोलन को संवैधानिक भूल-भुलैया में उलझाने की कोशिश की थी। तब न्यायमूर्ति शाहदेव ने इसका जबरदस्त प्रतिकार किया था। उन्होंने ही सर्वप्रथम बताया था कि अगर बिहार विधानसभा विरोध भी करे, तो भी अलग राज्य का गठन हो सकता है। श्री शाहदेव ने यह भी स्पष्ट किया था कि अलग राज्य के गठन संबंधी विधेयक को सदन में मामूली बहुमत से भी पारित कराया जा सकता है। इस विधेयक से संविधान संशोधन होने के कारण ज्यादातर लोग यह समझते थे कि इसे पारित करने हेतु दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है। न्यायमूर्ति शाहदेव ने विधि विशेषज्ञ के रूप में झारखंड आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि के रूप में कई बार केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी। केंद्र भी झारखंड आंदोलन की व्यापकता के कारण इसे नजरअंदाज नहीं कर पाया।

### सपना हुआ साकार, मिल गया झारखंड

न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन की रीढ़ थे। झारखंड आंदोलनकारियों का जूनून ही था, जब 1999 में अलग राज्य झारखंड का बिल पास हुआ और 2000 में झारखंड बना। झारखंड बनने के बाद भी न्यायमूर्ति शाहदेव सामाजिक रूप से उतने ही सक्रिय रहे। वह बैठे नहीं रहे। उन्होंने फिर एक और नया लक्ष्य निर्धारित किया। आंदोलनकारियों के हक की लड़ाई की कमान संभाली। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद आंदोलनकारियों के साथ गलत बर्ताव हो रहा था। बहुत से आंदोलनकारियों को पुराने केस में जेल में बंद किया जाने लगा था। उसी क्रम में चाइबासा के एक आंदोलनकारी भी इसका शिकार हुए। न्यायमूर्ति शाहदेव उस आंदोलनकारी के घर पहुंच गये और उसे हर प्रकार की कानूनी सहायता दी। वहीं पर उन्होंने कहा था और अखबार में लिखा भी था कि जिन आंदोलनकारियों को सम्मान मिलना चाहिए था, उन्हें जेल मिल रहा है।

### झारखंड की सत्ता यहां के आदिवासियों और मूलवासियों के हाथ में होनी चाहिए

जस्टिस एलपीएन शाहदेव का मानना था कि झारखंड की सत्ता यहां के आदिवासियों और मूलवासियों के हाथ में होनी चाहिए, क्योंकि झारखंड को वही समझ सकते हैं। उसका अपेक्षित विकास कर सकते हैं। उनका कहना था कि पांच दशकों तक झारखंड बिहार के अधीन रहा, लेकिन बिहार ने इसका सिर्फ दोहन ही किया। खनिज संपदा से संपन्न झारखंड को हमेशा उपेक्षित होना पड़ा। यहां के लोगों को तरजीह नहीं दी जाती थी। विकास भी झारखंड से कोसों दूर था। श्री शाहदेव का मानना था कि झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को उनका हक मिलना चाहिए। उनका स्पष्ट मानना था कि झारखंड के लोग बिहार जाकर चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, लेकिन बिहार के लोगों को यहां के लोग सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। अब समय आ गया है कि झारखंड के लोग भी अपनी किस्मत का फैसला खुद करें।

### शिक्षा के क्षेत्र में सुधार

2005 में न्यायमूर्ति शाहदेव को झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया। उनकी यह भी कोशिश रही कि एक कक्षा में उतने ही छात्र होने चाहिए, जितने जरूरी हों। ठूंसनेवाली प्रथा के वह खिलाफ थे। उन्होंने अपने शुरूआती दौर में ही यह पाठ पढ़ लिया था। वह प्राइवेट स्कूल में फीस स्ट्रक्चर को लेकर भी बहुत मुखर रहे। जस्टिस एलपीएन शाहदेव की मृत्यु 10 जनवरी 2012 को हुई। वहीं उनकी पत्नी प्रभा शाहदेव का निधन 11 अप्रैल 2021 में हुआ था। प्रभा शाहदेव जीवन भर अपने पति जस्टिस एलपीएन शाहदेव की ताकत बनी रहीं और उनके साथ एक मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ी रहीं। जिस झारखंड अलग राज्य के लिए जस्टिस शाहदेव सड़क पर उतरे, पुलिस गिरफ्त में आये, उस झारखंड ने भी अपने भूमिपुत्र का मान रखा। उनकी पहचान को अक्षुण्ण रखने के लिए ही जिस स्कूल में एक बालक के रूप में वह टाट का बोरा लेकर पढ़ने जाया करते थे, आज उन्हीं के नाम से वह स्कूल जाना जाता है। उस स्कूल का नामकरण राज्य मंत्रिमंडल ने 2012 में जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय कर दिया। यही नहीं, जिन आंदोलनों की बदौलत झारखंड अलग राज्य बना, उनमें शामिल आंदोलनकारियों को सम्मान देने की परंपरा भी कायम हुई। न्यायमूर्ति शाहदेव का तैल चित्र विधानसभा में लगाया गया है, जिसका अनावरण तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह ने किया था। यही नहीं, मुख्यमंत्री आवास के सामने स्थित चौक का नामकरण जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक किया गया, जिसका उद्घाटन 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। हर साल 10 जनवरी को उस चौक पर हजारों-हजार लोग अपने नायक के सम्मान में सिर नवाते हैं। पुष्प अर्पित करते हैं। यह सच है कि जानेवाले लौट के कभी नहीं आते, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि उनके कर्म बार-बार याद आते हैं और उन कर्मों को याद कर लोग अपने नायक के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। आज उस नायक को श्रद्धासुमन के रूप में मेरे दो शब्द।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.3 °c | 9.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.20 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



# रिंग रोड में लूटपाट, ट्रक चालक को अपराधियों ने मारी गोली

## गोली लगने के बाद ट्रक लेकर रातू थाना पहुंचा, हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र स्थित रिंग रोड में लूटपाट किया गया। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने ट्रक चालकों को गोली मार दी। यह घटना रविवार की देर रात के करीब तीन बजे हुई है। बाइक सवार अपराधियों ने लूटपाट करने के दौरान ट्रक चालक को गोली मार दी। गंभीर हालत में ट्रक चालक को रिम्स में भर्ती कराया गया है।

### विरोध करने पर मारी गोली

जानकारी के मुताबिक रिंग रोड में किसी होटल के पास ट्रक रोका गया। ट्रक चालक ने ट्रक नहीं रोका तो पीछाकर ट्रक रोका और लूटपाट करने लगे। इसी



दौरान ट्रक चालक ने विरोध किया तो अपराधियों ने गोली मार दी है। बताया जा रहा है कि घायल अवस्था में ट्रक चालक ने ट्रक को लेकर भागा और रातू थाना के पास ट्रक लगाया। जिसके बाद पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी ने ट्रक चालक को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जहां ट्रक चालक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

## सेना के जवान ने अपने किरायेदार को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

रांची। राजधानी के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के खोखमा टोली में सेना के जवान ने अपने घर में रहने वाले किरायेदार को गोली मार कर घायल कर दिया। यह घटना रविवार की देर रात 12 बजे की बतायी जा रही है। जहां सेना के जवान राजेश तिवारी ने अपने घर में रहने वाले किरायेदार हरिलाल यादव उर्फ बबलू यादव को गोली मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर, आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया है।

### घर का गेट खोलने को लेकर हुआ विवाद

जानकारी के मुताबिक हरिलाल सेना के जवान राजेश तिवारी के घर पर किराये में रहते हैं। काम की वजह से किरायेदार हरिलाल हमेशा देर से घर आया करता था। रविवार को भी वह देर से घर पहुंचा। जवान ने उससे कहा कि अगर वह देर से आयेगा तो दरवाजा नहीं खुलेगा। रात में उठकर दरवाजा खोलना मुश्किल है। इस पर किरायेदार ने उससे कहा कि वह इसकी एक अलग चाभी दे दे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गयी कि आरोपी जवान ने किरायेदार पर लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी। गोली किरायेदार के पैर में लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी जवान को पकड़ लिया। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल को भी जब्त कर लिया है।

## भोजन का अधिकार अभियान-नरेगा वॉच ने झारखंड के वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# सरकार को दिलायी वादों की याद, जो आज भी हैं अधूरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भोजन का अधिकार अभियान (झारखंड) और नरेगा वॉच ने झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को बजट से पहले एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें सरकार के वादों की याद दिलायी गयी है। कई अहम बिंदुओं पर सरकार को सुझाव भी दिये गये हैं। दोनों संस्थाओं ने सोमवार (9 जनवरी 2023) को राज्य के वित्त मंत्री को यह ज्ञापन सौंपा है।

### वित्त मंत्री से की गयी ये मांग

इसमें स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में हर दिन अंडा, 2500

बजट से उम्मीदें



रुपये प्रति माह की बढ़ी हुई दर पर सभी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ग्रीन कार्ड धारकों को खाद्यान्न राशन (5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह) की नियमित आपूर्ति और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन मामले में) सभी बच्चों को मातृत्व लाभ के विस्तार की मांग की गयी है।

भोजन का अधिकार अभियान और नरेगा वॉच के अशर्फी नंद प्रसाद, जेंस हेरेंज, ज्यां द्रेज, परन अमिताभ और तारामनी साहू ने झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को संबोधित इस पत्र में लिखा है कि वर्ष 2023-24 के बजट की प्रत्याशा में हम आपको झारखंड सरकार के कुछ अधूरे वादों की याद दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहे हैं। इस पत्र में जिन बिंदुओं का जिक्र किया गया है, उसमें स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में हर दिन अंडा पहले नंबर पर है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में हर दिन मिले बच्चों को अंडा

वित्त मंत्री को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि स्कूलों में उपस्थिति की निराशाजनक दर को देखते हुए यह बेहद जरूरी है कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में हर दिन बच्चों को अंडा दिया जाये। इसके साथ एक 42 पेज की रिपोर्ट भी सौंपी गयी है, जिसमें बताया गया है कि झारखंड के स्कूलों की दशा कैसी है। बच्चों को कैसा भोजन मिलता है, स्कूलों में उपस्थिति कैसी है। स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी है।

# दोनों पत्नियां मायके गयीं, नशेड़ी पति ने धारदार हथियार से 3 बच्चों को किया लहूलुहान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरायकेला जिला अंतर्गत राजनगर थानाक्षेत्र के टांगरानी गांव में एक नशेड़ी बाप ने अपने 3 मासूम बच्चों को धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शराब के नशे में धुत बबलू सोय नामक व्यक्ति ने अपने 3 मासूम बच्चों पर सोये अवस्था में ही धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में 14 महीने का दुधमुंहा बच्चा आयरन सोय, 7 वर्षीय विकास सोय और 9 वर्षीय आकाश सोय गंभीर रूप से जख्मी हो गये। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पड़ोस की बुजुर्ग महिला बच्चों को बचाने के लिए निकली। हालांकि, आरोपी ने बुजुर्ग महिला पर भी हमला किया। बुजुर्ग महिला ने बहादुरी से नशेड़ी बबलू सोय का मुकाबला किया और तीनों बच्चों को बचा लिया।

### आरोपी बबलू सोय को पुलिस ने पकड़ा

सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी चंदन कुमार ने आरोपी बबलू सोय को हिरासत में लिया और थाने ले गये। बबलू सोय गांव में छिप गया था लेकिन पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे ढूंढ़ निकाला। मिली जानकारी के मुताबिक बच्चों पर जानलेवा हमला करने से पहले उसने बूढ़ी मां को दूसरे कमरे में बंद कर दिया था। आरंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी बबलू सोय ने दो शादियां की थीं। दोनों पत्नियां बबलू की हरकतों से परेशान होकर मायके भाग गयीं।

## अभियान : अब सिर्फ कोल्हान में नक्सलियों की मौजूदगी

# सीआरपीएफ का छह ऑपरेशन नक्सलियों पर पड़ा भारी, तीन कोर एरिया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) लगातार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहा है। सीआरपीएफ का छह ऑपरेशन नक्सलियों पर भारी पड़ा और नक्सलियों के तीन कोर एरिया को ध्वस्त कर दिया गया है। सिर्फ एक कोर एरिया बचा है। उसमें भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इन ऑपरेशन में ऑपरेशन डबल बुल, ऑपरेशन क्लीन स्वीप, ऑपरेशन ब्लैक पैंथर, ऑपरेशन थंडर स्टॉर्म, ऑपरेशन ऑक्टोपस औरऑपरेशन स्कॉर्पियन शामिल है। नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये इन ऑपरेशन में झारखंड पुलिस सहित अन्य सुरक्षाबलों की अहम भूमिका रही है।

आइजी सीआरपीएफ अमित कुमार ने सोमवार को बताया कि झारखंड में नक्सल के चार कोर एरिया हुआ करते थे। इनमें बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ और ट्राई जंक्शन (खूंटी, सरायकेला और चाइबासा )और कोल्हान शामिल हैं। इनमें तीन को नक्सल मुक्त कर दिया गया है। सिर्फ कोल्हान में नक्सलियों की मौजूदगी है। उसे भी जल्द समाप्त कर दिया जायेगा।

### कैंप भी रहा काफी मददगार

सीआरपीएफ की टीम झारखंड पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों के साथ मिलकर वर्ष 2022 में 22 नये सुरक्षा कैंप(एफओबी) तैयार किये हैं। इन कैंप के जरिए नक्सलियों की मांद तक पहुंचकर राज्य के सभी सिक्योरिटी वैक्यूम वाले इलाकों को कवर किया है।

### 136 नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार

सीआरपीएफ की ओर से ही वर्ष 2022 में कुल 136 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। 123 हथियार और 8102 गोली बरामद की गयी है। जबकि सीआरपीएफ ने 1106 आइइडी, 4554.125 किलो विस्फोटक बरामद किये हैं। साथ ही लेवी के पांच लाख 98 हजार 868 रुपये बरामद किये हैं। सीआरपीएफ ने वर्ष 2022 में 10 इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। जबकि नौ नक्सलियों ने सीआरपीएफ के समक्ष सरेंडर किया है। पांच नक्सलियों को सीआरपीएफ ने अभियान के दौरान मार गिराया है।

नव स्थापित सुरक्षा कैंपों की स्थापना का महत्व

नव स्थापित सुरक्षा कैंपों की स्थापना से सुरक्षा वैक्यूम को भरा गया है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के बीच सुरक्षा का भाव उत्पन्न हुआ है। सामुदायिक पुलिसिंग एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम के द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में सीआरपीएफ एवं स्थानीय ग्रामीणों के संबंध को मजबूत किया जा रहा है। नवस्थापित सुरक्षा कैंपों को एकीकृत विकास केंद्र (इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट सेंटर) के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार तथा सभी स्थानीय ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सोमवार को राज भवन में भेंट की। दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल को विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की ओर से प्रकाशित डायरी एवं कैलेंडर भेंट किया।



## लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार पर साधा निशाना, कहा-

# जल, जंगल, जमीन बचेगा तभी आदिवासी बचेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड बचाओ मोर्चा के प्रदेश संयोजक सह बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि राज्य में जल, जंगल और जमीन बचेगा, तो आदिवासी बचेंगे। इसलिए हमें फिर से लड़ने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य भर में 53 संगठनों को मिलाकर झारखंड बचाओ मोर्चा की स्थापना की गयी है।

### हेमंत सरकार पर साधा निशाना

लातेहार में आयोजित मोर्चा के प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि बिहार से झारखंड अलग राज्य होने के बाद



भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद यहां के मूल निवासी आदिवासियों से किया गया वादा, अब तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार बनने से पहले हेमंत सोरेन ने झारखंड के लोगों से वादा किया था कि जल, जंगल और जमीन, एसपीटी एक्ट, सीएनटी एक्ट, 1932 खतियान और पेसा एक्ट को लागू करेंगे। लेकिन आज सरकार किसी मुद्दा को लागू नहीं कर सकी है।

### संताल परगना में सुखाड़ के कारण लोग कर रहे पलायन

आज भी यहां के मूल निवासी अपनी जमीन नहीं बचा पा रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ का उदाहरण देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पेसा एक्ट लागू कर दिया गया है, जबकि झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य एक साथ बना था। पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि संताल परगना में सुखाड़ के चलते लोग पलायन कर रहे हैं। सरकार 1932 जोहर यात्रा निकाल कर जनता को ठग रही है।

# कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी का तीन दिवसीय दौरा, आज पहुंचेंगे रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय मंगलवार 10 जनवरी से झारखंड के तीन दिवसीय यात्रा पर रांची पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के बाद कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक ममता देवी से मुलाकात करेंगे। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवगठित पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक 11 जनवरी को जिमखाना क्लब, रामगढ़ में आहूत की गयी है। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीति हालात, नियोजन नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, सरना धर्म कोड, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, दलित उत्पीड़न के



मामले, महिला सशक्तिकरण, भीड़-हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी अविनाश पांडेय उपस्थित रहेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि इसके उपरांत दिनांक 12 जनवरी को कटहल मोड़ स्थित लालगुटुवा, रांची में झारखंड प्रदेश के नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक भी आहूत की गयी है। उक्त बैठक में अविनाश पांडेय हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के राज्य पर्यवेक्षक अर्जुन मोडवारिया, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर के राजू उपस्थित रहेंगे। विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा और रणनीति तथा संगठन सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

# आज भी राजेश ठाकुर की बात आरपीएन सिंह से होती है: आलोक दुबे

**कॉल डिटेल से दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा**

**कांग्रेस नेताओं का हल्लाबोल, कहा- राहुल गांधी ने हमें सिखाया है डरो मत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अनुशासन कमेटी द्वारा पार्टी के दो प्रदेश महासचिव सहित पांच नेताओं को दल से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा की है। इसके बावजूद इन नेताओं में से चार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ हल्लाबोल जारी रखा है। इसमें आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ.राजेश गुप्ता छोटू और साधु शरण गोप शामिल थे।

इन नेताओं ने कहा हमारे सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने हमें सिखाया है डरो मत और हम सच कहने से ना पीछे हटेंगे और न ही डरेंगे। आलोक कुमार दुबे ने कहा हमारी रक्त की धमनियों में कांग्रेस पार्टी और विचारधारा दौड़ रही है। 32 वर्षों की तपस्या को अगर पार्टी से निकालना ही एकमात्र विकल्प है तो यह शौक भी दूसरे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूरा कर लें। आलोक दुबे ने कहा कि हमारे जवाब से अगर प्रदेश अध्यक्ष असंतुष्ट थे या समय देने में असमर्थ थे तो वह हमें बुलाकर हमारा पक्ष ले सकते थे और अनुशासन समिति की बातों से अवगत करा सकते थे लेकिन ऐसा नहीं करके मीडिया के माध्यम से हमारी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा एवं सम्मान को जानबूझकर ठेस पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की बात भाजपा नेता और पूर्व में प्रदेश प्रभारी रहे आरपीएन सिंह से होती है। उनके कॉल डिटेल से दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। पार्टी के प्रदेश महासचिव आलोक दुबे ने कहा कि जो लोग सोनिया गांधी के विदेशी मूल के होने के सवाल पर पार्टी छोड़कर चले गये थे, वह आज मुझे अनुशासन का पाठ न पढ़ायें। हम सभी जल्द पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे से मिलकर अपनी बात रखेंगे और उनसे कहेंगे कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की भाजपा नेता से बातचीत होती है। उनका सीडीआर निकालकर जांच की जाये तो सब साफ हो जायेगी। कांग्रेस मजबूत हो, 2024 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हम भाजपा को परास्त करें, इसके लिए जरूरी है कि अयोग्य प्रदेश अध्यक्ष को हटाकर किसी आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाये। साधु शरण गोप ने कहा कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ उनका हल्लाबोल इसलिए है क्योंकि उन्होंने राज्य में अक्सर पार्टी को कमजोर करने का काम किया है, जिसने जिला के लिए इंटरव्यू नहीं दिया और चुनाव में 700-500 वोट आया, उसे बिना इंटरव्यू के जिलाध्यक्ष बना दिया।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जिस तरह से वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने का काम किया है, ऐसे में अब राज्य में किसी आदिवासी चेहरे को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाये ताकि 2019 की तरह कांग्रेस और महागठबंधन 2024 में भाजपा को परास्त कर सके। राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि राज्य की अनुशासन कमेटी प्रदेश अध्यक्ष के दबाव में काम कर रही है, और कांग्रेस को मजबूत करने की इच्छा रखने वाले लोगों को प्रदेश अध्यक्ष के दबाव में शो कॉज और निष्कासन की अनुशंसा की जा रही है।

### आगे बढ़ने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा: अंबा

गिरीडीह (आजाद सिपाही)। देवरी प्रखंड के चितरोकुरहा (मंडरो) में साहू समाज जमुआ विधानसभा का द्वितीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद, कोडरमा के पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद थे। विधायक अंबा ने कहा कि आर्थिक व सामाजिक रूप व राजनीतिक रूप से आगे बढ़ने के लिए समाज को एकजुट होना होगा।

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Letter No. 124 Date : 09.01.2023

CORRIGENDUM NOTICE

Corrigendum notice regarding "SHORT TENDER FOR PROVIDING TRANSPORTATION SERVICES VARIOUS DISTRICTS OF JHARKHAND FOR TRANSPORT OF PADDY & CUSTOM MILLED RICE (CMR) FROM PADDY PROCUREMENT CENTRES TO TAGGED RICE MILLS AND FROM RICE MILLS TO GODOWNS OF F.C.I. RESPECTIVELY FOR THE KHARIF MARKETING SEASON 2022-23 & 2023-24 TO JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED" regarding with reference to advertisement and Tender Ref. No. 5132, dated 30.12.2022.

Suitable Corrigendum related to the terms and condition of the tender document to be published on the website of department, JSF&CSCL and C1 India Pvt. Ltd. Interested applicants are requested to check the website of the department (http://jharkhand.gov.in), JSF&CSCL (https://sfcjharkhand.in) or C1 India Private Ltd. (http://jharkhand.eproc.in).

Managing Director
(JSF&CSCL)

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** काफी संघर्ष से कार्य में सफलता, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष** सरकारी विवाद से मुक्ति मिलेगी, आर्थिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति।

**मिथुन** भाग्य प्रबल है, सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति, सेहत अच्छा रहेगा।

**कर्क** रुके हुए कार्यों में प्रगति, पारिवारिक सुख-शांति, नौकरी में पदोन्नति होने की संभावना।

**सिंह** लापरवाही से परेशानी, सरकारी कार्य में सफलता, अचानक धनलाभ हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में उन्नति, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता, आवश्यक कार्य पूरा होगा।

**तुला** व्यापार रोजी, रोजगार में उन्नति, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, पारिवारिक दायित्व की पूरा होगा।

**वृश्चिक** कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि, संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्ति होगी।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, यशस्वी कार्य करने का अवसर, शत्रुओं पर विजय।

**मकर** नयी योजनाएं बनेंगी, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, धन-द्रव्य का लाभ होगा।

**कुंभ** कठिन परिश्रम से लाभ, कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें, स्वजन-कुटुंबियों का सहयोग।

**मीन** आर्थिक स्थिति में सुधार, नौकरी में बदलाव होने की संभावना, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

## राज्य सरकार अविलंब न्यायिक मामले में लोगों को सहूलियत दे: सीपीआइ

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अजय सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा है कि राज्य सरकार ने कोर्ट में न्यायिक मामलों की फीस, स्टांप ड्यूटी सहित कई ज्यूडिशल मामले में दाम को बढ़ाकर राज्य की जनता पर महंगाई का बोझ डाला है। राज्य के सभी जिलों में वकील कोर्ट फीस एवं स्टांप ड्यूटी की बढ़ोतरी के विरोध में राज्य भर में आंदोलनरत हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जनहित में उनके आंदोलन को समर्थन करती है। राज्य की जनता बेतहाशा महंगाई के चपेट में है। देश में हर आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। कहा कि राज्य सरकार अविलंब अधिवक्ताओं के द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन को समाप्त कर न्यायिक मामले में लोगों को सहूलियत दे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार रहा जारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोर्ट संशोधन बिल को लेकर अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार सोमवार को भी जारी रहा। कोर्ट फीस में बढ़ोतरी के खिलाफ गत 6 जनवरी से कोर्ट कार्य से अधिवक्ता खुद को अलग रखे हुए हैं। झारखंड हाईकोर्ट समेत सभी जिलों में अधिवक्ताओं द्वारा कोर्ट कार्य का बहिष्कार किया जा रहा है। कोडरमा कोर्ट के अधिवक्ता कोर्ट जरूर पहुंचे, लेकिन अपने केस की पैरवी के लिए कोर्ट रूम नहीं जा रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह जो मांग है वह आम जनता के लिए है। हालांकि कोर्ट में इंटरनल काम जारी है। फिलहाल अधिवक्ताओं द्वारा 10 जनवरी तक कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। आगे की रणनीति के बारे में स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर निर्णय लिया जाएगा। इधर आम लोग कोर्ट परिसर में पहुंच रहे हैं लेकिन कोर्ट में कार्य ना होने के कारण मायूस होकर अपने-अपने घर लौट रहे हैं। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सलूजा और महासचिव मनीष सिंह ने बताया कि जिले में कार्य बहिष्कार के कारण सभी तरह के न्यायिक कार्य ठप हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का यह आंदोलन जनहित में है।

## वकीलों के द्वारा जनहित में चलाये जा रहे आंदोलन को भाकपा का समर्थन : प्रकाश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा कोर्ट न्यायिक मामलों के फीस स्टांप ड्यूटी सहित कई जुडिशल मामले में दाम को बढ़ाकर राज्य की जनता पर महंगाई की बोझ डाला है। राज्य के सभी जिलों में वकीलों ने कोर्ट फीस स्टांप ड्यूटी के बढ़ोतरी के विरोध में आंदोलन चल रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उनके आंदोलन को समर्थन करती है। श्री रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य की जनता बेतहाशा महंगाई के चपेट में है। देश में हर आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई का बोझ लोगों पर डाला जा रहा है तो दूसरी तरफ राज्य सरकार ने भी न्यायिक मामलों को लेकर कोर्ट फीस में बढ़ोतरी कर राज्य की जनता पर कहर बरपा रही है। राज्य में 5 के स्टांप को 20 रुपये कीमत कर दिया गया है। यानि 4 गुना की बढ़ोतरी की गई है। इसीलिए न्यायिक मामलों के फीस की बढ़ोतरी को राज्य सरकार वापस ले। झारखंड के सभी जिलों में वकील साथियों के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के समर्थन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी कंधे से कंधा मिलाकर जनहित की लड़ाई में उनके साथ काम करेगी। राज्य सरकार अविलंब अधिवक्ताओं के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को समाप्त कर न्यायिक मामले में लोगों को सहूलियत दे।

## चोपनाडीह पंचायत कमेटी का गठन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह स्थित देवी मण्डप प्रांगण में सोमवार को झामुमो पार्टी की एक बैठक की गयी। बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह व केंद्रीय कमिटी सदस्य गोपाल यादव, जिला सचिव बीरेंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष पवन माईकल कुजूर मुख्य रूप से मौजूद थे। मोके पर गोपाल यादव ने कहा कि सम्पदाओ से संपन्न झारखण्ड एक अमीर प्रदेश है लेकिन यहां की जनता गरीबी से जूझ रही है। झामुमो माटी कि पार्टी है गरीब व मजदूर की पार्टी है जो झारखण्ड व यहां के लोगों के हित की बात करती है।बैठक में चोपनाडीह पंचायत कमिटी का गठन भी किया गया जिसमे प्रकाश दास को अध्यक्ष, शामी आलम किशुनदेव यादव को उपाध्यक्ष, दिनेश ठाकुर को सचिव, निजाम अंसारी को संयुक्त सचिव, शाहजहां अंसारी को कोषाध्यक्ष, रामदेव पासवान को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे प्रकाश यादव, बसंत यादव, कुदरत अंसारी, दाऊद अंसारी, शिवशंकर राय, सुधीर यादव, प्रभात यादव, सुरेश राय, मुकेश यादव, अरविन्द यादव, आबिद का चयन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी तथा संचालन सुजीत यादव ने किया। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मो खलील, जिला संगठन सचिव एम चंद्रा, केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय, जैनुल अंसारी, रामचंद्र यादव, सागर कु यादव, नन्दलाल यादव, प्रमिला मासोमात, पार्वती देवी, मो मुस्तकीम, रामु यादव, विकाश यादव उपस्थित थे।

## एमपीडब्ल्यू को ओरल हेल्थ का प्रशिक्षण दिया गया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सिविल सर्जन सभागार कोडरमा जिला अंतर्गत पदस्थापित सभी एमपीडब्ल्यू को एक दिवसीय ओरल हेल्थ का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रमन कुमार ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर ओरल हेल्थ से संबंधित सुविधाएं ग्रामीण लोगों तक उपलब्ध कराने का कहा। वहीं प्रशिक्षण में दंत चिकित्सा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के डॉ शरद कुमार एवं दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनीत कुमार ने प्रशिक्षण में मुख एवं दंत रोग से संबंधित बीमारियों की लक्षण बचाव एवं उपचार के बारे में विभिन्न जानकारियां देकर प्रशिक्षित किया एवं ओरल हेल्थ से संबंधित ओरल कैंसर, दांत खराब होने, दांत में दर्द, मसूडे में सूजन एवं बीमारियों संबंधित इलाज की प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सभी उन्होंने सभी को बताया कि दंत एवं मुख्य रोग से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई लक्षण दिखाई देते हैं तो उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु जाने की सलाह दें। प्रशिक्षकों के द्वारा सभी एमपीडब्ल्यू को बताया गया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अगर वैसे मरीज मिलते हैं, जिन्हें ओरल हेल्थ से संबंधित किसी प्रकार के लक्षण दिख रहे हो तो उन्हें जागरूक करें एवं सही ढंग से ब्रश करने के तरीका के बारे में बतायें। प्रशिक्षण में ब्रश करने के तरीके भी बताए गए।प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे मुँह और दांतों की जाँच करनी है और क्या क्या लक्षण दिखने पर उसे कैसे प्राथमिक उपचार कर संबंधित दन्त चिकित्सक के पास रेफर करना है।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा व शोध गोष्ठी संपन्न



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कैलाशराय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित हुई जिसमें प्रज्ञा,उत्तमा, मध्यमा एवं प्रवेशिका में कुल 15 आचार्य व दीदी जी शामिल हुए। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित होने वाली यह परीक्षा प्रतिवर्ष विद्या भारती के विद्यालयों में आयोजित होती है। इस परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में कोषाध्यक्ष नवल कुमार उपस्थित थे ।इसमें भारतीय संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछे जाते है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कुरुक्षेत्र में होता है ।पश्चात उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देय होता है ।विद्या विकास समिति झारखंड के पत्रिकानुसार विद्यालय में ही शोध गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में सारे आचार्य वह दीदी जी शामिल हुए। गोष्ठी का उद्घाटन प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा किया गया ।अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि क्रिया शोध के अंतर्गत बोध पूर्वक प्रयत्न से तथ्यों का संकलन कर सूक्ष्म ग्राही एवं विवेचक बुद्धि से उसका अवलोकन विश्लेषण करके नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है ।शोध गोष्ठी में शोध के मूलभूत सिद्धांतों को आचार्य प्रदीप कुमार ने रखा। वही शोध के विभिन्न सोपानों के बारे में बताते हुए आचार्यों को विषय दिए गए एवं वृत्त तैयार करने को कहा गया। शिक्षण में आने वाली समस्याओं का समाधान ही क्रिया शोध है ।अंत में मौके पर उपस्थित कोषाध्यक्ष श्रीमान नवल कुमार ने भी शोध के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा निर्देशित इंटीग्रेटेड पेमेंट सिस्टम कार्यशाला आयोजित हुई ।जिसमें कोडरमा जिला के सभी संबद्ध विद्यालय के प्राचार्य एवं उनके संगणक शिक्षक शामिल हुए ।इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यालय के प्राचार्य व सहोदया के सचिव शर्मेन्द्र कुमार साहु थे।

# तुम से मिलने को है मुरली वाला दिल में दिल के अरमान मचलने.. पर झुमे श्रद्धालु



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के अडडी बंगला रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में साल के पहले रविवार के मौके पर बीती रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा वीर हनुमान, श्री राणी सती दादी जी एवं श्याम बाबा की पूजा अर्चना की गई। आयोजक समिति के संयोजक गिरधारी सोमानी ने बताया कि यहां त्रिदेव भगवान की पूजा अर्चना के साथ-साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें गायक के अलावा श्रद्धालु भक्त भक्ति कार्यक्रम में गोता लगाते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ के साथ शुरू हुई। इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें भजन गायक मनोज माथुर ने तुम से मिलने को है मुरली वाला दिल में दिल के अरमान मचलने.. सुशील सिन्हा ने कहां गए हो कान्हा बृजवा को छोड के.. गिरधारी सोमानी किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, जुवां पर राधा राधा नाम हो जाय.. सत्येन्द्र सिन्हा ने श्री राम जयराम जय जय राम.. सुरेश यादव ने चल चल माता के द्वार.. राजा चौरसिया ने जीवन के सारी मुश्किलें आसान हो गई जब से हनुमान से पहचान हो गयी.. जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। इस अवसर पर पैड और ढोलक पर शुभम कुमार विशाल कपसिमें ने संगत दी मंदिर के पूजारी राम प्रवेश पांडेय के अलावा रामकृपाल कंठ, अमित सुरेलिया सहित कई श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### डीसी का आदेश नहीं मानते जिले के ही अधिकारी

# बच्ची के साथ अनशन पर बैठी हाई स्कूल की शिक्षिका

**संजीव/ अमित**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में उपायुक्त के आदेश को भी कुछ अधिकारी नहीं मानते। इसी तरह के एक मामले में हाई स्कूल की एक शिक्षिका को अपनी 5 माह की बच्ची के साथ अनशन पर बैठना पड़ा। जयनगर थाना अंतर्गत आरके प्लस टू उच्च विद्यालय लदबेदवा जयनगर में प्रतिनियुक्त शिक्षिका बेबी सिंह महापात्रा दूध मुहीं बच्ची के साथ सोमवार दिन के एक बजे जब अचानक जमीन पर बैठ गयी तो लोगों की भीड़ जुटी। मीडिया के लोग भी वहां पहुंचे तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। शिक्षिका के अनुसार वह अपने मूल विद्यालय यूपीजी प्लस टू उच्च विद्यालय ढाब जाना चाहती है। इस आलोक में इन्होंने उपायुक्त आदित्य रंजन से मिलकर आवेदन भी दिया।



उपायुक्त ने गत 21 दिसम्बर को ही आदेश के जरिये डीईओ को प्रतिनियोजन समाप्त करने को कहा। परंतु अभी तक यह नहीं हो पाया और जब भी शिक्षिका डीईओ ऑफिस जाती हैं तो उन्हें गोल मटोल जवाब दिया जाता है कि कार्रवाई प्रोसेस यानि प्रक्रिया में है। थक हार कर सोमवार दोपहर एक बजे डीसी ऑफिस तथा डीईओ ऑफिस कोडरमा को जानकारी देते हुए अनशन पर बैठ गयी। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षिका पहले यू पी जी प्लस टू उच्च विद्यालय ढाब में पढ़ाती थी पर वहां के प्रधानाध्यापक के साथ अनबन हुआ था। आरोप है कि इनके साथ प्रधानाध्यापक का आचरण अच्छा नहीं था। इस कारण इन्होंने शिकायत की और उसी आधार पर दोनों यानि प्रधानाध्यापक और शिक्षिका को अलग-अलग जगह पर प्रतिनियोजित कर दिया गया। शिक्षिका का कहना है कि मुझे प्रताड़ना के बाद तबादला के रूप में दंड दिया गया। शिक्षिका ने बताया कि उसकी महज 5 महीने की बच्ची है और प्रतिनियोजित स्कूल की दूरी आना जाना मिलाकर 50 किमी है। अब प्रधानाध्यापक को वहां से हटा दिया गया है तो फिर मुझे मूल विद्यालय में फिर से भेज दिया जाए। इधर इस आलोक में जब डीईओ अलका जायसवाल से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि पूर्व में शिक्षिका आरोप लगाकर विद्यालय से हटी और फिर वहीं जाना चाहती हैं। कोई भी काम प्रोसेस से होता है, इनका काम भी प्रोसेस में है। ऐसे में इनका धरना देना गलत है। पर इस प्रोसेस में कितने दिन लगते हैं, इसपर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इधर सोमवार की देर शाम में डीईओ द्वारा दो दिनों के भीतर प्रतिनियोजन समाप्ति का पत्र मिलने के आश्वासन पर शिक्षिका ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।

## एक साथ निकली दंपति की शव यात्रा, एक ही चिता पर जले, सब की आंखे हुईं नम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** क्या ईश्वर की माया है कहीं धूप तो कहीं छाया है। टाटीझरिया प्रखंड और इचाक थाना क्षेत्र के झरपो गांव मे रविवार की सुबह एक सनसनी खेज मामला ग्रामीणों द्वारा प्रकाश में लाया गया। क्षेत्र में 65 वर्षीय बिशुन महतो 60 वर्ष गोलवा देवी दोनों दंपति कोयला की चूल्हा जला कर बन्द कमरे में सोने के दौरान कोयला से निकले विषैले गैस से दम घुटने के कारण मृत्यु हुई थी। दंपति अपने पीछे दो बेटे विकास प्रसाद और बजरंगी प्रसाद



है जो अपने परिवार साथ बाहर रहते है दो बेटी दामाद नाती नतनी पोता पोती समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गये। सोमवार को बुजुर्ग दंपति का शव आमने सामने चिता पर लेटाकर झरपो श्मशान घाट मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे विकास प्रसाद ने मुखाग्नि दी। परिजनों में रो रोकर बुरा हाल है। प्रखंड क्षेत्र में हृदय विदारक घटना को लेकर चौक चौराहे में चर्चा का विषय बना है कि ऐसी घटना झरपो में वर्षो बाद दुबारा देखने को मिला बिष्णु महतो हाथ पैर मोच आने पर हर कोई का इलाज करता था।

## 11 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा गुरुजी का जन्मदिन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिसुम गुरु शिबू सोरेन का 79 वा जन्मदिन आगामी 11 जनवरी को बड़े धूमधाम से सोनी धर्मशाला में मनाया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैकड़ों कार्यकर्ता के द्वारा केक काटकर दिसुम गुरु का जन्मदिन मनाया जाएगा। जिसको लेकर उन्होंने 11:00 बजे सभी कार्यकर्ताओं से सोनी धर्मशाला पहुंचने का अपील किया है।

## आदिवासी संथाल समिति ने सोहराय पर्व समारोह का आयोजन किया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड आदिवासी सन्थाल समिति द्वारा विष्णुगढ़ के पड़वा पोखर मैदान में सोहराह का उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी एवं भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के युवक युवतियां शामिल हुए। समारोह में परम्परागत नृत्य संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि सोहराय पर्व हम सब उमंग उत्साह से मनाते है ।परम्परा के मुताबिक पांच दिनों तक चलने वाले त्योहार का पहले दिन उदघाटन किया गया ।जो पांच दिनों तक चलेगा ।समारोह को सम्बोधित करते हुए आदिवासी सन्थाल समिति के अध्यक्ष बहराम हंसदा,सचिव चुनुलाल सोरेन, शिबू सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज के ईस्ट देवता मरांग बुरु के उपासना में सोहराय मनाया जाता है जो पहले दिन नहाय खाय,दूसरा दिन उपवास, गोहाल पूजा, तीसरे दिन बरद खुट्टा,चौथा दिन जाले एवं पांचवे दिन हकु कटकोम किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि 10 जनवरी को बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मधुबन जाएंगे व केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध करेंगे ।मौके पर, गंगाधर महतो,महेंद्र कुमार महतो, बाबूचंद टुडू, देवीराम हेम्ब्रम, सुरेश हंसदा, महावीर हंसदा, महादेव मुर्मू, मेहीलाल मरांडी, बहराम मरांडी, छत्रु हंसदा, प्रभु मरांडी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाता है, तभी समाज में परिवर्तन ला सकते हैं : रुची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति संगठनों के परिसंघ के हजारीबाग जिला के जिलाध्यक्ष रुची कुजूर के झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार में सदस्य बनने पर परिसंघ के द्वारा नागरिक अभिनन्दन स्वागत किया गया। हजारीबाग परिसदन में आयोजित समारोह में परिसंघ के भारी संख्या में सदस्यगण उपस्थित हो कर रूचि कुजूर को सम्मानित




किया। इस अवसर पर परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बालगोविन्द राम, बालेश्वर रजक, अमरेंद्र रजक, महादेव रजक, राष्ट्रपति पदक विजेता डॉ बालेश्वर राम, अर्जुन रजक, प्रो जयप्रकाश रजक इत्यादि ने अपनी बात रखी और कहा की यह हमलोग के लिए गर्व की बात है कि परिसंघ कि महिला सदस्य झारखण्ड सरकार में जिम्मेदार पद पर मनोनीत हुई है इनके पद पर रहने पर जरूरतमंद को मदद मिलेगी। रूचि कुजूर ने कहा कि बाल संरक्षण आयोग से सम्बंधित समस्याओं का निदान होगा बच्चे हमारे वर्तमान पीढ़ी है बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित रहेंगे तो आने वाली पीढ़ी भी खुशहाल होगी। आज के वर्तमान पीढ़ी को शिक्षा ग्रहण करना अनिवार्य है तभी समाज में परिवर्तन ला सकते हैं। आज के कार्यक्रम में सर्वसम्मति से महादेव रजक को हजारीबाग जिला परिसंघ का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंच संचालन राजेश्वर राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलदीप कु रजक, गणेश कुमार रजक, राजकुमार रजक, कामेश्वर दास, अमरेंद्र रजक,सुंदर राम,श्यामलाल राम, बालेश्वर राम, विजय रजक, सुनील रजक, धरमेश्वर राम रजक, महेश रजक इत्यादि उपस्थित थे।

## कुरहा मुखिया ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री किया वितरित




**इचाक (आजाद सिपाही)।** कुरहा पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। गीतांजलि युवा क्लब कुरहा के 16 खिलाड़ियों के बीच वितरण किया। जिसमें जर्सी, बूट, गार्ड समेत कई समान है। मुखिया संगीता देवी ने कहा की सरकार का एक अच्छा संदेश है जो पंचायत स्तर से खिलाड़ियों को चयन कर राज्य स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया। जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बना रहे एवं खेल में भी युवा एक कैरियर बना सकते हैं। मौके पर समाजसेवी राकेश मेहता उर्फ जोधन मेहता, पंचायत सचिव रविंद्र सिन्हा, बीएफटी अनुज कुमार, राजेंद्र उर्फ मलखान मेहता, भाजपा नेता मुनेंद्र मेहता, वकील मेहता, महेश मेहता, अशोक मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन समयावधि को 9:30 से 1 बजे तक किया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सरकार के संयुक्त सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने राज्य में बढ़ रहे ठंड के मद्देनजर आदेश जारी कर आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन अवधि में संशोधन करते हुए 9:30 पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक करने या आवश्यतानुसार बंद रखने का आदेश जारी किया है। इसी आदेश के आलोक में उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व से निर्धारित समय को परिवर्तित करते हुए 15 जनवरी तक पूर्वाह्न 9:30 से 1:00 बजे अपराह्न तक करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होने यह भी आदेश दिया है कि आँगनबाड़ी सेविका सहायिका पूर्वाह्न 9:30 बजे केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने कार्यों का निष्पादन करेंगी। तत्पश्चात स्कूल पूर्व शिक्षा हेतु नामांकित बच्चों को पूर्वाहन 10:30 बजे केन्द्र में बुलाकर विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुरूप नाश्ता तथा गर्म ताजा का पोषाहार का वितरण सुनिश्चित करेंगी।

## संवेदक संघ ने रामप्रकाश भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीवीसी चौक स्थित संवेदक संघ कार्यालय में वरीय संवेदक स्वर्गीय रामप्रकाश भाई पटेल के निधन पर सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। सभी संवेदकों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी संवेदकों ने बारी-बारी से स्व रामप्रकाश भाई पटेल के तसवीर पर माल्यार्पण किया। संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता ने कहा कि स्व रामप्रकाश भाई पटेल बहुत पुराने संवेदक थे। अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी के साथ कार्य किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। संवेदक संघ को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाये थे। सभी जगहों पर उनकी एक अलग पहचान थी। मौके पर संघ के सचिव मुकेश कुमार, मुख्य संरक्षक दीपक कुमार, संजय कुमार उपाध्याय, अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष विशेश्वर यादव, पुरुषोत्तम सिंह, प्रकाश कुशवाहा, अमरेंद्र यादव, इंद्रजीत मेहता, पवन पांडे, संजय अखोरी, बहादुर पटेल, इंद्रदेव सिंह, सुजीत मेहता, नागेंद्र साहू, अखिलेश नायक, बादल राज ,रवि कुमार, अमरेंद्र यादव, महावीर यादव, अजीत कुमार ,रवि सिंह, एस के शर्मा, रवि यादव, मुकेश कुमार, बालेश्वर मेहता, श्रीकांत मेहता, विकास यादव, सुरेंद्र प्रसाद, प्रमोद पांडे, प्रदीप पांडे, अरुण शर्मा, छोटेलाल प्रसाद समेत कई संवेदक उपस्थित थे।

## प्रखंड एवं अंचल विधायक प्रभारी बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद द्वारा जगत नंदन प्रसाद गुप्ता को बड़कागांव प्रखंड एवं अंचल विधायक प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने विधायक एवं श्री गुप्ता को बधाई दी है। कांग्रेसियों ने कहा है कि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता सुलझे हुए बड़कागांव के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। ये धैर्य, शालीनता एवं सादगी का परिचायक हैं। कांग्रेसियों ने आगे कहा कि वर्तमान समय में नया पीढ़ी में अवसरवादी राजनीति हावी हो गई है जबकि पहले के लोग जिस भी राजनीतिक दिल में रहते थे पूरा सिद्धांत वादी एवं कर्तव्य निष्ठा का निर्वाहन करते थे। ऐसी राजनीति अब धीरे-धीरे समाप्त की ओर है। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वेश्वर नाथ चौबे, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, वरिष्ठ कांग्रेसी रामसेवक सोनी, शेख अब्दुल्ला, बसंत नारायण सिंह, दिनेश्वर पासवान,अशोक सिंह, महेंद्र नाथ पांडे,सुमित्रा देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष तारिक अनवर उर्फ बाबर, सुरेश महतो, संजय कुमार, त्रिलोकी साव, चंदर साव, धनेश्वर प्रसाद, अहमदुल्लाह, छोटे खान, धनु प्रसाद निराला, दीपक कुमार, पदुम साव, कौलेश्वर राम, मोहम्मद शमीम, पंकज साहू, गिरेंद्र कुमार, आनंद कुमार,जमाल सगीर, शमशेर अंसारी, दिनेश प्रसाद, डॉक्टर चंद्रिका साहू, गोवर्धन साव, द्वारका महतो, अजीत महतो, शाहिना परवीन, मोहम्मद शाहिद, उपेंद्र महतो, दशरथ महतो, कोमल साहू, आशीष चक्रवर्ती, प्रकाश प्रसाद, निरंजन साव, श्याम भार्गव, जूठन साहू, पंकज प्रसाद, पंकज कुमार गुप्ता, निर्मल राम, फागु यादव, रामेश्वर राम, रामचंद्र भुइया, सतनारायण नायक, संतोष राणा, वीरेंद्र प्रसाद सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हैं।

## प्रमुख प्रतिनिधि ने किया कंबल वितरण



**चलकुसा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चौबे पंचायत के चौबे गांव में प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी द्वारा कंबल का वितरण किया गया। अत्यधिक ठंड को देखते हुए दीपक चौधरी ने वरिष्ठ नागरिकों को कंबल का वितरण किया। उन्होने चौबे गांव के सुखदेव रजक, बहादुर रजक, दुखन सिंह,अर्जुन चौधरी, प्रयाग सिंह ,बद्री सिंह ,सरजू रजक, महादेव चौधरी, जानकी दास, सोहवा देवी जुबली मसोमात, भिखनी देवी, शिव शंकर दास, जानकी देवी, सुखदेव दास, मुंद्रिका देवी, लुखरी देवी, कुंती देवी, बिंदवा देवी आदि को कंबल वितरण किया गया।

## हजारीबाग के मोहित ने मुंबई में मचाया धमाल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों। जी हां, प्रतिभा पैरों से नहीं चलती वो पंखों से उड़ान भरती है। सभी के अंदर अनंत प्रतिभा शक्ति अंतर्निहित है बस जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की ।अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानकर उपरोक्त वाक्यों को सार्थक सिद्ध करते हुए हजारीबाग के मोहित कुमार ने अपने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन कर महानगरी मुंबई में धमाल मचाया है। मोहित ने मुम्बई में आयोजित इंडियन हिप हॉप डांस चैंपियनशिप- 2023 में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता है। मोहित फिलहाल विवेकानंद स्कूल में बारवीं कक्षा के छात्र हैं ।बचपन से ही मोहित का डांस के क्षेत्र में रुचि था। इनके घर में ही राहुल डांस अकेडमी होने की वजह से डांस के प्रति विशेष रुचि जागृत हुई और अतिरिक्त समय तक निरंतर अभ्यास और मेहनत के बदौलत कम समय में ही डांस के कई गुर सीख लिए। मोहित के टीम में हजारीबाग के दो और प्रतिभावान डांसर थे जिसमें केंद्रीय विद्यालय, मेरू के आयुष सिन्हा और संत स्टेफेन स्कूल की साक्षी कुमारी शामिल रही। इनके टीम का नाम आरडीए रॉकर्स क्रू है। मोहित और उनके टीम के सदस्यों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने डांस गुरु राहुल कुमार और माता- पिता एवं समर्थन करने वाले सभी शुभचिंतकों को दिया है । मोहित के इस उपलब्धि पर पुरा हजारीबाग गर्व महसूस कर रहा है। मोहित की मां ज्योत्सना देवी सदर विधायक मनीष जायसवाल के जेएसएलपीएस विधायक प्रतिनिधि हैं और उनके पिता सेवानिवृत्त आर्मी मैन हैं ।

# प्रेमी के उकसाने पर पायल ने की थी खुदकुशी

## आरोप : मायके वालों ने लगाया था दहेज के लिए हत्या का आरोप

बरलांगा पुलिस ने किया खुलासा

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बरलांगा में चर्चित हत्याकांड का खुलासा नए थाना प्रभारी ने कर दिया है। सोमवार को थाना परिषर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे प्रकरण से पर्दा उठाया है। एसपी पीयूष पांडेय के कुशल निर्देशन में नए थाना प्रभारी ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। लोग जिसे हत्या मान रहे थे। वह मामला आत्महत्या का निकला। प्रेमी के उकसाने पर ही पायल ने खुदकुशी कर ली थी। जिसके बाद मृतिका के पिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस जब अनुसंधान शुरू की तो मामले का परत दर परत खुलने लगा। पूरे प्रकरण के खुलासे में बरलंगा थाना के नए थाना प्रभारी का प्रमुख भूमिका रहा।



### प्यार में मिला धोखा, वाट्सअप पर वीडियो कॉल कर प्रेमी के सामने की आत्महत्या

जिसके बाद पायल ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर साड़ी के सहारे पंखे से फंदा लगाकर जान देने की बात बोली तो प्रेमी मनजीत ने उसे मना करने के बजाए फांसी लगाने के लिए उकसाने लगा। जिसके बाद पायल ने साड़ी का फंदा लगाकर पंखे से झूल गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। लेकिन मंजीत ने पूरा प्रकरण वीडियो कॉल का स्क्रीन रिकॉर्डिंग अपने मोबाइल में किया। जिसके बाद साक्ष्य छुपाने की नियत से स्क्रीन वीडियो क्लिप को पेन ड्राइव में सेव कर मोबाइल का पूरा डाटा डिलीट कर दिया। प्रेमी मनजीत ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मंजीत को अभियुक्त बना कर जेल भेज दिया गया है।

### एसपी पीयूष पांडेय की मॉनिटरिंग की हो रही है तारीफ

एसपी पीयूष पांडे के निर्देश पर बरलांगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने हत्या और आत्महत्या में पूरी कहानी को सुलझाने के लिए अपनी पूरी टीम के साथ लगे। पूरे प्रकरण को सुलझाने में करीब 10 दिनों का समय लगा। लेकिन मामले का खुलासा होने के बाद हर कोई पुलिस जांच की वाहवाही कर रहा है। क्योंकि मामले को गंभीरता से जांच पड़ताल नहीं किया जाता तो कई निर्दोष आज सलाखों के पीछे होते हैं और दोषी खुली हवाओं में सांस लेते नजर आता।

### क्या है मामला

बरलांगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि 19 नवंबर को थाना क्षेत्र के पूरबटांड निवासी तेजू सिंह के घर में उनकी बहू पायल कुमारी ने पंखे से साड़ी के सारे पंखे में झूलकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद मृतिका के पिता तपेश्वर सिंह ने एक लिखित आवेदन देकर दहेज के खातिर बेटी की हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया। पुलिस ने बरलंगा थाना कांड संख्या 26/ 2022 धारा 304 बी 34 भादवी के तहत नामजद अभियुक्त मृतिका के पति विशाल सिंह, ससुर तेजू सिंह, सास बुधनी देवी एवं देवर बीरू सिंह को नामजद अभियुक्त बनाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### शादी के बाद भी प्रेमी के संपर्क में थी पायल

उन्होंने बताया कि अनुसंधान जब बारीकी से शुरू हुई तो पता चला कि मृतिका पायल कुमारी का प्रेम प्रसंग शादी से पहले ही उसके मायके कुम्हार डीहा थाना बड़कागांव हजारीबाग के रहने वाले मंजीत कुमार पिताजी झमन महतो से चल रहा था। यह प्रेम प्रसंग शादी के बाद भी जारी रहा। पूरे प्रकरण की जानकारी मृतिका के पति को पता चला तो दोनों में आपस में नोकझोंक चलने लगा। लेकिन पायल और प्रेमी मनजीत में बातचीत जारी रहा। कुछ दिनों बाद प्रेमी मंजीत पायल से छुटकारा पाना चाहता था।

### पुणा जाने से कहानी में ट्विस्ट

इसी बीच 26 नवंबर को पायल को अपने चाचा के लड़के की शादी में मायके जाना था। जिसमें मनजीत कुमार द्वारा पायल से मिलने का वादा किया। परंतु 18 नवंबर को ही मनजीत कुमार अपने घर से पुणे के लिए ट्रेन पकड़ कर चला गया। इस बात की जानकारी पायल को हुई। जिसके बाद पायल ने 19 नवंबर की सुबह 10:25 बजे मनजीत कुमार को फोन करने के बाद पुणे जाने वाली बात पर नाराज हो गयी और मनजीत को वापस लौटने की जिद्द करने लगी। लेकिन मनजीत ने लौटने से साफ इनकार कर दिया।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक प्रकोष्ठ का हुआ वनभोज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक प्रकोष्ठ रामगढ़ का वनभोज सह जिला स्तरीय बैठक टूटी झरना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय राय ने किया। आयोजित बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी 21 जनवरी को राजभवन के समक्ष पांच शिक्षक संघों के संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा आयोजित शिक्षक एवं शिक्षा हित के सात सूत्री मांगों के लिए एक दिवसीय धरना में रामगढ़ जिला से बड़ी संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रांतीय सह संयोजक बिजय बहादुर सिंह, अजय कुमार सिंह, कृष्णा, रामकुमार साहू, अंजय अग्रवाल, सतेन्द्र कुमार सिंह, संतोष राय, संजय सिन्हा, पमपम कुमार, राजीव रंजन, रामजन्म शर्मा, प्रशांत चटर्जी, अर्जुन प्रजापति, ऋषि देव चौधरी, कुलेश्वर कुमार, अजीत कुमार, सत्येन्द्र रवि, रीतेश भारती, कर्मवीर प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## झारखंड राज्य विद्युत मजदूर महासंघ की बैठक




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस में सोमवार को झारखंड राज्य विद्युत मजदूर महासंघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार पासवान ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे राज्य में संगठन मजबूती को लेकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय समिति के शामिल किए गए पदाधिकारियों को स्वागत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार पासवान, केंद्रीय महासचिव पवन कुमार गुप्ता, रजनीन, कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार राय, विनोद कुमार सिंह , मोहम्मद अरशद इमाम, राकेश कुमार सिंह, सतीश कुमार बालेश्वर महली, मनोज कुमार सिंह, नीरज कुमार, अली रजा अमोल कुमार झा, बालेश्वर कुमार कैलाश ठाकुर सहित कई सदस्य शामिल थे।

## आजसू छात्र संघ ने की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** आजसू छात्र संघ ने 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती के अवसर पर निकाले जाने वाले युवा आक्रोश मार्च को लेकर धनहारा में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता आजसू छात्र संघ के जिला प्रवक्ता शिवम मिश्रा ने की। इस दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि आक्रोश मार्च हरमू मैदान से बापू वाटिका मोरहाबादी तक निकाला जायेगा। जिसमें मांडू प्रखंड से बड़ी संख्या में युवा साथी शामिल होंगे। बैठक में विशेश्वर बेदिया, युगल महतो, प्रकाश राजवंश, प्रेम कुमार, बादल रजवार, मिथिलेश बेदिया समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कपड़ा बैंक संचालन समिति की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा थाना के समीप सोमवार को कपड़ा बैंक संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान कपड़ा बैंक को पुनः चालू करने को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की भुरकुंडा थाना चैक स्थित गोपाल होटल के समक्ष पिछले वर्ष सफलता से जरूरतमंदो की सेवा में चलने वाले कपड़ा बैंक को वर्तमान में कड़ाके की ठंड को देखते 11 जनवरी बुधवार से इसे पुनः चालू किया जायेगा। मौके पर कपड़ा बैंक संचालन समिति की संस्थापक अनामिका श्रीवास्तव ने कहा की वर्तमान में ठंड काफी बढ़ी हुई है जिसके कारण गरीब-जरूरतमंदों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। मौके पर समाजसेवी अनामिका श्रीवास्तव, सुंदर नगर पंचायत के मुखिया ब्यास पांडेय, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, जवाहर नगर के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, कपड़ा बैंक कोर कमिटी के सदस्य भुवनेश्वर मेहता, आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, सदस्य पंकज कुमार व अंगद राय, संत सिंह, शैलेंद्र कुमार, आकाश कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, रेणुका देवी आदि मौजूद थें।

## स्वस्थ्य कोयलांचल जिम भुरकुंडा में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित स्वस्थ्य कोयलांचल जिम के दो खिलाड़ी दीप सिंह व दीपक केशरी ने अरगडा में आयोजित रामगढ़ जिला ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की सफलता पर स्वस्थ्य कोयलांचल जिम में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें जिम के संचालक सह ट्रेनर सत्यनारायण ठाकुर ने दोनो को बुके व फूल माला पहनाकर सम्मानित करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सत्यनारायण ठाकुर ने बताया कि 8 जनवरी को अरगडा में आयोजित रामगढ़ जिला ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से दर्जनों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें स्वस्थ्य कोयलांचल जिम भुरकुंडा के चार बॉडी विल्डरों ने भी हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के 50-55 किग्रा कटेगरी में गिद्दी निवासी दीप सिंह ने पांचवा स्थान व पटेलनगर भुरकुंडा निवासी दीपक केशरी ने 60-65 किग्रा कटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने जिम व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दीप व दीपक की सफलता पर सत्यनारायण ठाकुर, अंशु कुमार, राहुल, जितेंद्र, विकास, राजा, लक्की, लक्ष्मी सिंह, विश्वजीत, रवि यादव, सागर, रवि सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बलकुदरा शाखा की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बलकुदरा शाखा की बैठक सोमवार को बलकुदरा में हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा सचिव संतोष मुंडा व संचालन सुरेश यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू अंचल सचिव कॉमरेड मनोज कुमार महतो उपस्थित थें। बैठक में बलकुदरा खुली खदान में हो रहे कार्य को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि बलकुदरा अंतर्गत टोलो में ग्रामीणों के मकानों में हैवी ब्लास्टिंग के कारण दरारें पड़ रही है। खेतों में सुखाड़ एवं कुंआ का जलस्तर नीचे जा रहा है। साथ ही प्रदूषण का स्तर भी निरंतर बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में कंपनी द्वारा ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि उक्त मुद्दे पर व विभिन्न मांगों को ले भुरकुंडा पीओ व और पीएलआर कंपनी प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा जायेगा। मौके पर कॉमरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीणों के हक-अधिकार के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। मौके पर मनोज कुमार महतो, संतोष मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश यादव, देवा मुंडा, छोटू मुंडा, सिकंदर तांबा, बाबू मुंडा, रवि मुंडा, मनोज मुंडा, रवि मुंडा, पवन मुंडा, सनी मुंडा, देवराज मुंडा, संदीप मुंडा, अरुण मुंडा, राजेंद्र मुंडा, विजेंद्र मुंडा, संजय उरांव, सुमित मुंडा, अजीत मुंडा, संदीप मुंडा, यशराज मुंडा आदि मौजूद थें।

## अज्ञात अपराधियों ने गुडकुवा निवासी राजेंद्र उरांव की हत्या की

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी थाना क्षेत्र के गरसुला रोड़ स्थित तेतरिया जंगल में सोमवार को गुडकुवा निवासी राजेंद्र उरांव उम्र लगभग 26 वर्ष पिता सकबीर उरांव की शव बरामद हुई। हत्या अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर कर दिया है ।शरीर में तीन चार जगह छेद के निशान पाया गया। वहीं बगल के झाड़ी में मृतक राजेंद्र उरांव का मोटरसाइकिल स्पेलंडर जेएच 02 ए के - 0496 खड़ा पाया गया ।लाश का शिनाख्त उरीमारी पुलिस ने राजेंद्र उरांव के परिजनों के द्वारा कराया गया। शव का शिनाख्त कर उरीमारी पुलिस के द्वारा कागजी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

### शिबू टोला में आदिवासियों ने मनाया सोहराय महोत्सव के साथ मिलन समारोह

## सोहराय पर्व से ही संथाली सभ्यता और संस्कृति है जीवित : दयामंति देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत अंतर्गत शिबू टोला (मुरपा) मे संथाली आदिवासी समाज द्वारा सोहराय महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मांडू प्रखंड भाग संख्या तीन के जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी, विशिष्ट अतिथि अतिथि पंचायत पंसस रेखा देवी, सम्मानित अतिथि जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, उप मुखिया कुमारी नीलम, आजसू नेता कुलेश्वर महतो, रामाकांत पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान बाबूलाल मरांडी और पाहन रामलाल मरांडी की अगुवाई में पारंपारिक वेशभूषा में महिलाओं द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। तत्पश्चात महिलाओं व पुरुषों ने सरना स्थल से मांदर की थाप, झाल व ढोल नगाड़ों के साथ पारंपारिक वेशभूषा के साथ परंपरागत नृत्य करते हुए अखरा स्थल पहुंचे। जहां मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर इष्ट देवी-देवताओं से अच्छी फसल, धन-दौलत की बरकत, झारखंडवासियों की सुख शांति, समृद्धि की कामना करते हुए प्रार्थना की। साथ ही, आदिवासी समाज के महिला-पुरुषों ने परंपरागत गीत के साथ झूमर की प्रस्तुति की। वही, मंचासीन अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर जिप सदस्य दयामन्ति ने कहा कि यह पर्व संथाली आदिवासी समाज के लिए महान पर्व है। सोहराय पर्व से ही संथाली सभ्यता व संस्कृति अब भी जीवित है। कहा कि मान्यता है कि मनुष्य के सुखमय जीवन में कृषि और जीव जंतु की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की महिलाओं के द्वारा प्राप्त स्नेह से अभिभूत हैं। मानव जाति में एकमात्र आदिवासी समाज ही है, जो प्रकृति की इतनी नजदीक रहते है। साथ ही हमें भी आदिवासी समाज से सीख लेनी चाहिए कि कैसे प्रकृति से संरक्षित किया जाता है। वही, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने कहा कि सोहराय पर्व संथाल आदिवासियों का महान पर्व है। आदिवासी समाज सोहराय धूमधाम से मनाते है। इस पर्व में लोग काफी उत्साहित रहते हैं। पर्व के दौरान कृषि और जीव जंतु की पूजा की जाती है। मौके पर सुखराम टूडू, सुखराम किस्कू, संजू बास्के, लालजी मरांडी, लालू सोरेन, तालों बास्के, नेहा कुमारी, झालो देवी, बिंदू देवी, सरिता कुमारी, सुनीता देवी, आशा बास्के समेत समाज के कई लोग मौजूद थे ।

## अफीम की खेती करने वालों पर चला डंडा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना एवं वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अफीम की खेती करने वालों पर डंडा चलाया गया ।टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एवं वनक्षेत्र पदाधिकारी मुक्ति प्राकाश पन्ना के संयुक्त टीम के नेतृत्व में चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सोमवार को लगभग एक एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उक्त खेती टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के फुलवरिया मारंगलोईया एवम लातेहार सीमाना के बॉर्डर से सटे जंगल में की जा रही थी सूचना के आलोक में ये अभियान चलाया गया। इस अभियान में संयुक्त रूप से इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, वन क्षेत्र पदाधिकारी मुक्ति प्रकाश पन्ना,वन कर्मी के जवान वनरक्षी समेत पुलिस जवान मुस्तैद थे।

## भाकपा माले का पटना में राष्ट्रीय महाधिवेशन 15 से 20 फरवरी तक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता सह ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि आगामी 15 से 20 फरवरी तक पटना में भाकपा माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन होगी। इसमें देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महाधिवेशन से पूर्व 15 फरवरी को बिहार के पटना गांधी मैदान में आयोजित रैली में झारखंड, बिहार सहित देशभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली के बाद महाधिवेशन की शुरूआत होगी जो 20 फरवरी तक चलेगी। महाधिवेशन की सफलता को ले पार्टी के महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने देश के किसानों, मजदूरों, छात्र-नौजवानों सहित महिलाओं से भी इस महाधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## रिभर साईड ऑफिसर्स क्लब में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड स्थित ऑफिसर्स क्लब में सोमवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीसीएल सुरक्षा बोर्ड सदस्य विकास कुमार व संचालन स्टॉफ ऑफिसर सेफ्टी राजेश ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डीएमएस माईनिंग आफताब अहमद, डीडीएमएस माईनिंग पीआर ठाकुर, पी हनुमंत राव व मो. अजास, डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल विनीत चैरसिया, डीडीएमएस मैकेनिकल रविन्द्र बोनथा बरका-सयाल जीएम अजय सिंह मौजूद थें। बैठक में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही सड़क, स्वास्थ्य, एम्बुलेंस की व्यवस्था करने, डॉक्टरों की बहाली सहित सुरक्षा मापदंडों के पालन पर बल दिया गया। मौके पर जीएम माईनिंग विनोद कुमार, स्टॉफ ऑफिसर पर्सनल एके मलिक, जीएम एसएंडआर आरके सिन्हा, आईएसओ प्रतिनिधि सीबी प्रसाद, एसओ पीएंडपी सुबोध कुमार, एसओ ईएंडउम अमरेंद्र कुमार, एसओ सिविल आर बैसाख, एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. एचके सिंह, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक देवव्रत गुप्ता, एसओ एक्सवोशन केआर भवन, एसओ माईनिंग एके मेहता, एसओ एमएम संजय कुमार, बिरसा पीओ डी शिवादास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एनके सिंह, एटीओ विजय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सहारे, रितिक दास गुप्ता सहित सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य, शशि भूषण सिंह, सीएमओएआई के अंकुर विश्वानाथ, अशोक कुमार वशिष्ठ, गणेश राम, संजय कुमार शर्मा, सच्चू प्रसाद मेहता, श्रीकांत गुप्ता, श्यामनंदन प्रसाद, अजीत कुमार, महेंद्र सिंह, संजय कुमार यादव, संजय कुमार वर्मा, हरेंद्र कुमार सिंह सहित दर्जनों प्रतिनिधि शामिल थें।

### अवैध डीजल कालाबाजारी और आपूर्ति का भंडाफोड़

## डीलर एसोसिएशन के अधिकारियों ने दो टैंकर तेल किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा ।** सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना में अवैध डीजल कालाबाजारी व आपूर्ति की साजिश का एक बार भंडाफोड हुआ। पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन जिला इकाई के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष ने अवैध डीजल लगा दो टैंकर पकड़ा है। टैंकरों को पकड़कर सिमरिया थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। टैंकरों से बरामद दस्तावेज के मुताबिक इंडियन ऑयल के टैंकर में लोड है रिलायंस का डीजल। कानपुर से रिलायंस का डीजल लोड कर दोनों टैंकर धनबाद भेजा जा रहा था। पेट्रोल पंप एसोसिएशन के मुताबिक आम्रपाली कोल परियोजना में कार्यरत अंबे माइनिंग द्वारा टैंकरों के माध्यम से कराई जा रही डीजलों की कालाबाजारी। प्रतिदिन सरकारी नियमों को धता बताकर लगाया जा रहा राज्य सरकार को करोड़ों के राजस्व का चूना। इंडियन ऑयल के टैंकर मे रिलायंस का लोड डीजल पकड़े जाने से कोयलांचल में हड़कंप मच गया। एसोसिएशन ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर अंबे माइनिंग करवा रही माइंस में संचालित गाड़ियों व मशीनों में कालाबाजारी के डीजल की आपूर्ति। पकड़े गए टैंकरों को मामला मैनेज कर छुड़ाने को ले कंपनी के सौरभ झा और मो शमीम नामक दो कर्मी सक्रिय है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों को फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर टैंकरों को छुड़ाने का प्रयास भी किया जा रहा है। सिमरिया-टंडवा रोड पर पकड़ी गई है गाड़ियां। इंडियन ऑयल से पूर्व में ही ब्लैक लिस्टेड है पकड़ा गया डीजल लदा टैंकर। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विवेक कुमार, गाड़ियों को जप्त कर थाना में पहुचाई गयी।

## रेलवे एलाइमेंट की जद में कब्रिस्तान मस्जिद आने से मुस्लिम समुदायों में रोष

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र धनगड़ा पंचायत के अंतर्गत खरिका टोला रहमत नगर क्षेत्र में चट्टी बरियातू कोल माइंस के कोयला परिवहन के लिए जो एलाउंसमेंट तैयार किया गया है ।उसके तहत रहमत नगर का कब्रिस्तान, मस्जिद,कर्बला,इमामबाड़ा और कर्बला भी आ जा रहा है। साथ हीं गाँव के आधी आबादी भी लपेटे में शामिल है ।जिससे कब्र में मैयत एवं कब्र की तौहीन होगी ।जो ग्रामीणों के लिए निहायत हीं दर्द व अफसोस की बात है। इसे लेकर ग्रामीणों ने गोल बन्द होकर उपायुक्त चतरा एवं मंत्री सत्यानन्द भोगता को ज्ञापन सौप निवेदन किया है कि कोल कम्पनी का एलाइमेन्ट को उक्त स्थान से आगे पीछे कर रोड़ मैप तैयार करें। ताकि मुस्लिम समुदाय के धर्म व आस्था पर कुठारा घात ना हो। अगर इससे भी बात सुनी नहीं गयी तो हम ग्रामीण झारखण्ड सरकार से लेकर सड़क पर उतर धर्म स्थल को नुकशान होने से बचाने के लिए आंदोलन करने को तैयार हैं। किसी भी हालत में धर्म स्थल होकर रोड़ मैप जाने नहीं देंगे। कोल कम्पनी यदि रोड़ मैप को आगे पीछे कर एलाइमेन्ट नहीं बनाती है तो आंदोलन का जिम्मेवार खुद कोल कम्पनी होगी।

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए निःशुल्क क्लासेस का किया उद्घाटन

## चतरा के छात्रों को तैयारी के लिए नहीं जाना होगा बाहर, मिलेगी सुविधा : सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा ।** जिला प्रशासन के सौजन्य से मोशन जी/ नीट फाउंडेशन कोटा महिला महाविद्यालय चतरा में फ्री कोचिंग का मंत्री सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री के आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी/ कर्मियों/ मीडिया बंधुओ/ शिक्षक-शिक्षिकाओं/ छात्र-छात्राओं को नव वर्ष की शुभकानाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्व में निःशुल्क योग्य छात्र-छात्राओं के लिए यूपीएससी, जेपीएससी क्लासेस का शुभारंभ किया गया था। जिससे कि जिले के योग्य छात्र-छात्राओं को यूपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी जैसे उच्च शिक्षा की तैयारी करने के लिए दूसरे प्रदेश न जाना पड़े इसके लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था महिला महाविद्यालय चतरा में निःशुल्क क्लासेस का शुभारंभ किया गया। साथ ही उन्होने कहा कि इसी प्रकार से इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं एवं मेडिकल की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मोशन जी/नीट फाउंडेशन कोटा के द्वारा जिला प्रशासन के सौजन्य से निःशुल्क जी/नीट क्लासेस का शुभारंभ किया गया। मौके पर मंत्री ने छात्र-छात्राओं के बीच मोशन जी/नीट फाउंडेशन कोटा के द्वारा प्राप्त पठन पाठन कीट का वितरण किया। उक्त मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, 20 सुत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, विद्यालय के छात्र-छात्राएं समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री ने जिला 20 सूत्री कार्यालय का फीता काट किया उद्घाटन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** निर्वाचन कार्यालय स्थित जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति कार्यालय का मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फीता काट उद्घाटन किया। उक्त मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव समेत पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिहार ने बढ़ाये कदम

बिहार में बहुचर्चित जातिगत जनगणना का पहला चरण शनिवार से शुरू हो गया। राज्य की महागठबंधन सरकार के इस कदम पर सबकी नजरें टिकी हैं। इसकी राजनीतिक अहमियत तो है ही, कई अन्य लिहाज से भी यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अगर जातिवार गणना का यह काम सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है, तो 1930 के बाद से पहली बार राज्य में विभिन्न जातियों की संख्या को लेकर अधिकृत आंकड़े सामने आयेंगे। 2011 की जनगणना में देश भर में जाति से जुड़े आंकड़े इकट्ठा जरूर किये गये थे, लेकिन बड़े पैमाने पर गलतियों के मद्देनजर इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। इस बार भी जातिगत जनगणना को लेकर राजनीतिक दलों में ही नहीं, सरकारों के बीच भी खासा मतभेद है। केंद्र सरकार न केवल जातिगत जनगणना की जरूरत महसूस नहीं करती, बल्कि सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करके इसे अव्यावहारिक बता चुकी है। जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में एक राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल इस मसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने गया था, तो बीजेपी भी खुद को उससे अलग नहीं रख पायी थी। राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी चाहे जो भी कहती हो, प्रदेश में पार्टी के नेताओं ने कभी ऐसी कोई बात नहीं कही, जिससे उन्हें इस मांग के खिलाफ माना जाये। ऐसे में बिहार में जातिगत जनगणना को लेकर राजनीतिक सर्वसम्मति शुरू से रही है। फिर भी देखना होगा कि यह कवायद कहां तक आगे बढ़ती है और इसे कितनी कामयाबी मिलती है। क्या इस बार भी उसमें वैसी ही गलतियां होंगी, जिनकी वजह से 2011 की इस कवायद के नतीजे बाहर नहीं आ सके? अगर नहीं तो उन गलतियों से बचने के लिए राज्य सरकार ने कौन से विशेष उपाय किये? वैसे राज्य सरकार अभी से यह साफ कर चुकी है कि नतीजे चाहे जो भी हों, उन्हें सार्वजनिक किया जायेगा। माना जा रहा है कि गिनती से ओबीसी और पिछड़े जाति समूहों के लोगों का कुल आबादी में बढ़ा हुआ अनुपात स्थापित होगा, जिसके बाद उनके लिए आरक्षण प्रतिशत में बढ़ोतरी की मांग को तथ्यों का बल हासिल होगा। बहरहाल, अभी तो ये अनुमानों-आशंकाओं के ही दायरे में आने वाली बातें हैं। वैसे जाति से अलग इसका प्रशासनिक पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जैसा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा भी है कि इस कार्यक्रम में सभी जाति समूहों से जुड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति से जुड़े आंकड़े इकट्ठा किये जाने हैं। यानी सारे आंकड़े ठीक से इकट्ठा कर लिये गये तो हर क्षेत्र की आबादी की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की सटीक जानकारी उपलब्ध हो जायेगी। स्वाभाविक ही इससे नीति निर्धारण में आसानी होगी। बहुत संभव है कि कई अन्य राज्य भी बिहार सरकार के इस कदम से प्रेरित हों। मगर सबसे पहले यह देखना होगा कि बिहार सरकार की यह पहल किस हद तक अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचती है।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा भी है कि इस कार्यक्रम में सभी जाति समूहों से जुड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति से जुड़े आंकड़े इकट्ठा किये जाने हैं। यानी सारे आंकड़े ठीक से इकट्ठा कर लिये गये तो हर क्षेत्र की आबादी की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की सटीक जानकारी उपलब्ध हो जायेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नीलांबर पीतांबर पलामू के दो महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 ई की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने में अहम भूमिका निभायी थी। नीलाम्बर एव पीताम्बर शाही भोगता का जन्म 10 जनवरी 1823ई को गढ़वा जिला के भंडरिया स्थित चेमू सेनया गांव में हुआ था। नीलाम्बर पीताम्बर दोनों सहदोर भाई थे। इनके पिता का नाम चेमू सिंह भोगता था।**

# देश की आजादी में वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर के योगदान को भुलाया नही जा सकता

**विश्वनाथ गंझू**

देश की आजादी की लड़ाई की बात हो और वीर शहीद नीलांबर पीतांबर का नाम ना लिया जाये, यह हो नही सकता है। आजादी की लड़ाई में इन दोनों भाइयों के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। नीलांबर पीतांबर पलामू के दो महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 ई की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने में अहम भूमिका निभायी थी। नीलांबर एव पीतांबर शाही भोगता का जन्म 10 जनवरी 1823 ई को गढ़वा जिला के भंडरिया स्थित चेमू सेनया गांव में हुआ था। नीलांबर पीतांबर दोनों सहदोर भाई थे। इनके पिता का नाम चेमू सिंह भोगता था।

## 10 जनवरी : नीलांबर पीतांबर जयंती पर विशेष



**समस्त अंग्रेजी सरकार दोनों भाइयों को पकड़ने के लिए कई बार कोशिश की, लेकिन हमेशा दोनों भाइयों ने अंग्रेजों के मंसुबे को कामयाब नही होने दिया। लेकिन अंत में कर्नल डाल्टन ने दोनों भाइयों को एक भोज के अवसर पर पकड़ लिया। दोनों भाइयों के खिलाफ एक संक्षिप्त मुकदमा चला कर उन्हे फांसी पर लटका दिया।**

### भोगता-खरवार का संगठन बनाया

अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के लिए दोनों भाइयों ने भोगता तथा खरवार समुदाय को मिलाकर एक शक्तिशाली संगठन बनाया। पलामू जिला में चेरो तथा खरवार जाति की प्रधानता है। नीलांबर पीतांबर ने अपनी शक्ति को मजबूत करने के लिए चेरो के जागीरदारों से दोस्ती की। उन्हे उनका अधिकार वापस दिलाने की शर्त पर उनका समर्थन प्राप्त किया।

**28 मार्च 1859 को नीलांबर और पीतांबर को फांसी पर लटका दिया गया।**

### अंग्रेजों के कैंप पर किया हमला

21 अक्टूबर 1857 ई को दोनों भाइयों के नेतृत्व में चैनपुर, शाहपुर तथा लेस्लीगंज स्थित अंग्रेजों के कैंप पर आक्रमण किया गया, जिसमें वह काफी हद तक सफल रहे। इसी बीच अंग्रेजी सरकार को इन दोनों भाईयों के नेतृत्व की सुचना मिली। जिसके बाद उनका प्रतिरोध करने के लिए मेजर कोर्टर के नेतृत्व में इनको दबाने के लिए एक सैनिक टुकड़ी को भेजा गया। बाद में अंग्रेज सैन्य अधिकारी ग्राहम को भी सैनिक टुकड़ी के सहयोग के लिए भेजा गया। दोनों भईयों ने लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ गोलबंद किया।

नीलांबर-पीतांबर के विद्रोह को कुचलने के लिए डाल्टन ने एक बड़ी सेना लेकर 27 जनवरी, 1858 में पलामू किले पर आक्रमण कर दिया था। अंग्रेजी सेना ने पलामू किले को तीनों ओर से घेर कर तोपों से अंधाधुंध गोले दागे थे। इससे उसमें छिपे नीलांबर-पीतांबर और उनके साथी किसी तरह घने जंगल के रास्ते भागने में सफल रहे थे। यद्यपि उन्हें भारी मात्रा में अपने हथियार और रसद छोड़ कर भागना पड़ा था। इस दौरान अंग्रेजों को पलामू किले से बाबू कुंवर सिंह के भाई अमर सिंह का लिखा पत्र एक थैले से मिला, जिसमें उनकी ओर से विद्रोहियों की जान गयी थी, जबकि एकमात्र अंग्रेज सैनिक मारा गया था और दो सैनिक घायल हुए थे। इसके दूसरे दिन 28 जनवरी,1858 को डाल्टन के संदेह के आधार पर मनिका के निकट टिकैत उनारस सिंह और उनके दीवान शेख भिखारी को विद्रोह में शामिल रहने के अभियोग में पकड़ लिया गया था

### डाल्टन ने चेमु सनेया को घेरा

13 फरवरी,1858 को पहली बार डाल्टन अपने सैनिकों के साथ नीलांबर-पीतांबर के गांव चेमु सनेया पंहुचा था। उस समय उसने चेमु और सनेया दोनों गांवों को तीनों ओर से घेर कर मजबूत मोर्चा बना लिया था, लेकिन इस दौरान भी अंग्रेज सैनिकों को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। पलामू गजेटियर में इस बात का उल्लेख है कि नीलांबर-पीतांबर को पकड़ने के लिए डाल्टन को लगातार 23 फरवरी तक कोयल नदी के किनारे चेमो गांव में डेरा डालना पड़ा था, लेकिन इसके बाद भी वह दोनो भाइयों और उनके साथियों को पकड़ने में विफल रहा। इस बीच डाल्टन काफी थक चुका था। इसके कारण वह हाथ मलते हुए डालटनगंज लौटने को मजबूर हो गया। इस दौरान नीलांबर-पीतांबर और उनके साथियों को भी राशन-पानी खत्म हो जाने एवं लगातार लड़ाई में थक जाने की वजह से पहाड़ियों की ओर भाग कर शरण लेनी पड़ी थी। 10 दिनों से लगतार अभियान के दौरान विद्रोहियों के हमले में अंग्रेज सैनिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। डाल्टन के अनेक सैनिक मारे गये थे और दर्जनों सैनिक बुरी तरह से घायल हुए थे। रामगढ़ अश्वसेना का एक दफादार जैसे ही चेमू गांव को पूरी तरह से जलाने का आदेश दे दिया। 22 फरवरी को डाल्टन के लौटने के पूर्व चेमू गांव के घर में तोड़ फोड़ करते हुए उसे आग लगा कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। इसके दूसरे दिन 23 फरवरी को इसी तरह सनेया गांव को भी नष्ट कर दिया गया। यहां तक कि ग्रामीणों के अनाज और उनके मवेशियों पर भी अंग्रेज सैनिकों ने कब्जा कर लिया।

### भोज के अवसर पर पकड़े गये दोनों भाई

समस्त अंग्रेजी सरकार दोनों भाइयों को पकड़ने के लिए कई बार कोशिश की, लेकिन हमेशा दोनों भाइयों ने अंग्रेजों के मंसुबे को कामयाब नही होने दिया, लेकिन अंत में कर्नल डाल्टन ने दोनों भाइयों को एक भोज के अवसर पर पकड़ लिया। दोनों भाइयों के खिलाफ एक संक्षिप्त मुकदमा चला कर उन्हे फांसी पर लटका दिया। 28 मार्च 1859 को उन्हें फांसी पर लटका दिया गया। बाद में दोनों भाइयों की संपत्ति को भी अंग्रेजी हुकुमत द्वारा जब्त कर ली गयी। महज 35 साल की उम्र में दोनों भाइयों ने स्वतंत्रता के आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक कर अपनी प्राणों की आहुति दे दी।

## जमशेदपुर की खबरें

# विश्वजीत पंडा होंगे कोल्हान यूथ इंटक के उपाध्यक्ष और मनोज पाठक सचिव

### प्रदेश महासचिव की अध्यक्षता में कोल्हान कमेटी का हुआ विस्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कोल्हान यूथ इंटक का विस्तार करते हुए विश्वजीत पंडा को कोल्हान प्रमंडल इंटक का उपाध्यक्ष एवं मनोज पाठक को कोल्हान सचिव मनोनीत किया गया है। यूथ इंटक के प्रदेश महासचिव अंजनी पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को कोल्हान कमेटी का विस्तार किया गया। बता दें कि प्रदेश यूथ इंटक के महासचिव अंजनी पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में संगठन की कोल्हान कमेटी का विस्तार किया गया। इसके तहत विश्वजीत पंडा को कोल्हान का उपाध्यक्ष पद



पर एवं मनोज पाठक को कोल्हान के सचिव पद के लिए मनोनीत किया गया। मजदूर नेता सह प्रदेश यूथ इंटक के अध्यक्ष रवि चौबे ने शपथ ग्रहण सह प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस मौके पर यूथ इंटक के प्रचार सचिव अंजनी कुमार तथा यूथ इंटक प्रदेश सचिव मदन शर्मा, सोनी सिंह और रेखा तिवारी उपस्थित थे।

# पोड़ाहाट एसडीओ ने नाली निर्माण की जांच की, तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** पोड़ाहाट एसडीओ सह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रीना हांसदा नेनगर पर्षद की अधूरी योजनाओं को लेकर काफी गंभीर है। इस मामले को लेकर सोमवार को चक्रधरपुर के मेन रोड, बांग्ला टांड़ और पंप रोड में बन रहे करोड़ों रुपया से आरसीसी नाली निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने अब तक हुए तीनों नाली निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन किया।

निरीक्षण में एसडीओ ने कई खामियां पायी और कहा कि तीन दिनों में तीनों नाली का विस्तृत रिपोर्ट बनने के बाद ही इसपर आगे की कार्रवाई की जायेगी। एसडीओ रीना हांसदा ने बताया कि उन्हें कई दिनों से मेन रोड,बांग्ला टांड़ और पंप रोड में



बन रहे नाले की शिकायत मिल रही थी। उसी शिकायत पर वे नाली की जांच करने सोमवार को गयी थी। एसडीओ ने बताया कि नाली निर्माण में कई तरह की खामियां देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां नाली निर्माण में गुणवत्ता से खिलवाड़ किया गया है, वहीं दूसरी तरफ नाली निर्माण के लिए जितनी राशि ठेकेदार द्वारा निकाला गया हैं उसकी तुलना में बहुत कम काम धरातल पर देखने को मिल रहा है। प्रथम द्दष्टया नाली निर्माण में गड़बड़ी का अंदेशा एसडीओ ने जताया. उन्होंने कहा की निर्माण के विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

बता दें कि लगभग एक नाली में 95 फीसदी एक नाली में 85 फीसदी और 80 फीसदी तक की निकासी हो गयी है, जो काम कि तुलना में काफी अधिक है।

# भोजपुरिया बेयार के बैनर तले कवि गोष्ठी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस में भोजपुरिया बेयार के बैनर तले विधायक सरयू राय का अभिनंदन किया गया. साथ ही कवि गोष्ठी सह लिट्टी पार्टी कार्यक्रम आयोजित की गई. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए. भोजपुरिया बेयार के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि लिट्टी पार्टी तो बहाना है दरअसल विधायक सरयू राय सफलता पूर्वक तीन साल कार्यकाल पूरा किए हैं। इस खुशी में एक सजग जनप्रतिनिधि का सम्मान तो बनता ही है। कार्यक्रम के दौरान बलविंदर सिंह, यमुना तिवारी व्यथित, उदय प्रताप हयात, कैलाशनाथ गाजीपुरी आदि कवियों ने सरयू राय के सम्मान में कविताओं की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। विधायक सरयू राय अपने संबोधन में ताजा राजनीतिक घटना क्रम, राजनीति दूरियों के कारण की परिस्थिति आदि पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भविष्य का रास्ता क्या हो सकता है यह विचार करने की बात होनी चाहिए। हम जब किसी की आलोचना करते हैं तो आत्मचिंतन भी कर लेना चाहिए।

उन्होंने कवियों को उनके सम्मान में रचना प्रस्तुत करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अभिजीत रंजन ने बुके भेंटकर सरयू राय का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ विमलेश ठाकुर, बलविंदर सिंह, दुर्गा, परशुराम प्रसाद, आशुतोष, कमल किशोर विधायक प्रतिनिधि, नागेंद्र सिंह, भोला रजक, विजय शाही, राम नारायण शर्मा, अभिजीत रंजन, डॉ अजय ओझा, रविंद्र प्रताप सिंह, कन्हैया दुबे, रविंद्र ठाकुर, विजय साही, बबली, सुबोध श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### कोल्हान डीआइजी अजय लिंडा ने घाटशिला एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** कोल्हान डीआइजी अजय लिंडा ने सोमवार को घाटशिला एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक विभिन्न पंजियों का अवलोकन करते हुए संधारण आदि की जांच की। इसके उपरांत डीआइजी ने बताया कि निरीक्षण काफी संतोषजनक रहा है, कुछ त्रुटियां पायी गयी, जिसे जल्द से जल्द सुधार करने का निर्देश एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो को दिया। निरीक्षण के पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेने के बाद उन्होंने जवानों की वर्दी, जूता, परेड एवं अन्य बिंदुओं के बारीकी से जांच की। वर्दी में कुछ खामियां मिलने पर फटकार लगायी।

# घाटशिला में भाजपा नेत्री डॉ सुनीता सोरेन ने बांटे कंबल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा के आसना पंचायत के छोटा दधिका गांव में भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ सुनीता देबदूत सोरेन के द्वारा इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए 50 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. विदित हो कि कंबल वितरण का कार्यक्रम डॉ सुनीता और उनकी टीम के द्वारा नवंबर 2022 से ही घाटशिला के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। मौके पर डॉ सोरेन ने कहा कि सबसे सुखी वही है, जो किसी और के काम आये। किसी को कुछ देना महज दान मात्र नहीं होता है। यह जीवन का एक सार्थक बदलाव होता है, जब



आप किसी के लिए कुछ अच्छा करते हैं तो कई और लोगों को अच्छा करने के लिए प्रेरित करते हैं और यही एक सामाजिक प्रयास बनता है।

उन्होंने कहा कि इस सर्दी के मौसम में ठंड की वजह से कोई बीमार न पड़े और किसी की मौत न हो, इसलिए इस साल अपने निजी स्तर से घाटशिला के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कंबल का वितरण किया, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। मौके पर आसना पंचायत के मुखिया मान सिंह हेंब्रम, ग्राम प्रधान कन्हाई लाल हेम्ब्रम, रामकृष्ण मुर्मू, भाजपा महामंत्री शंकर सेठ, बिनय बेरा, विश्वनाथ कांझी, कपिल मुंडा, दिलीप मुर्मू, पवन हांसदा, संजय मुर्मू उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने इपीएफ सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. गंगाधर पंडा, प्रति कुलपति प्रो. डॉ. कामिनी कुमार, कुलसचिव प्रो. डॉ. जयंत शेखर के साथ ही सिंडिकेट के सदस्य राजेश कुमार शुक्ला, डॉ. अमर सिंह तथा डॉ. एसपी महालिक को एक मांग पत्र सौंपा।

सोमवार को सौपे गए मांग पत्र में विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में तथा स्नातकोत्तर विभाग में कार्यरत संविदा शिक्षकों को ईपीएफ सुविधा प्रदान करने के लिए आग्रह



किया गया। कुलपति और कुलसचिव ने आश्वस्त किया मांग को सिंडिकेट की बैठक में रखकर निर्णय के लिए प्रयास किया जाएगा। मौके पर कुलसचिव ने मांगों पर सिंडिकेट ने सहमति जताने का आश्वासन दिया।

इपीएफ सुविधा प्रदान करने संबंधित नोटिफिकेशन जारी करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. पुष्पा सिंह, डॉ. फिरदौस जबीन, डॉ. अंजुम आरा, प्रो. दानिश हमाद के अलावे अन्य शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## भ्रष्टाचार को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी विभागों में व्याप्त भ्रष्ट्राचार को लेकर कांग्रेस के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रभात कुमार दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने हुक्मरानों के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने सोमवार को कांडी में एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा। प्रखंड में जनहित से अलग हटकर जो भी कर्मचारी व पदाधिकारी कार्य करेंगे वह बर्दास्त नहीं होगा। ब्लॉक, अंचल, अस्पताल एवं बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से प्रखंड की जनता त्रस्त है। अंचल कार्यालय में जमीन की ऑनलाइन कराने में भी अवैध उगाही किया जा रहा है। पीएम आवास योजना में भी किस्त भुगतान करने के नाम पर अवैध वसूली किया जा रहा है। जो गरीबों को सताया जा रहा है।इन दिनों ब्लॉक भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इसमें लिप्त हैं। जो बर्दास्त से बाहर है। पदाधिकारियों की इस ओछी हरकतों को लेकर सरकार बदनाम हो रही है। अगर एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था में अमूलचुन परिवर्तन नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी ब्लॉक में तालाबंदी के लिए बाध्य होगी। उधर अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन होगा। उन्होंने बिजली विभाग का जिक्र करते हुए कहा कि इस जाड़े की मौसम में लोगों के घरों में कूलर, पंखा एसी सब बंद है फिर भी हजारों रुपये बिजली बिल आ रहा है। जो ज्यादती है। जिसको लेकर 12 जनवरी को प्रखंड की जनता के साथ कांडी बिजली सब स्टेशन का घेराव किया जायेगा। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष झरी प्रसाद, हातिम खलीफा, सुधीर दुबे, एनपी सिंह, कमला सिंह, अजय ठाकुर, इरसाद हवारी, राम नाथ प्रसाद, रंजन ठाकुर, गया ठाकुर, पप्पू कुमार, आसमोहम्मद अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया के रोदो गांव स्थित उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें सर्व समिति से रामराज सिंह अध्यक्ष, परमेश्वर सिंह उपाध्यक्ष, सुरेश सिंह सचिव, उदय यादव कोषाध्यक्ष, मालदेव सिंह सचिव, हरि नारायण सिंह चंद्रशेखर सिंह आदि को सदस्य के रूप में चयन किया गया। मौके पर उपस्थित युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह कमेटी स्थानीय मूलभूत समस्याओं के लिए सजग है।युवा जागृति केंद्र के सदस्य संगठित होकर स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। युवा जागृति केंद्र के कार्यों को देख कर अन्य लोग भी प्रभावित हो रहे हैं तथा संगठन से जुड़ रहे हैं। जिससे संगठन काफी मजबूत हो रहा है। आने वाला समय में युवा जागृति केंद्र क्षेत्र में एक विशालकाय संगठन के रूप में उभर कर आयेगा। इसके लिए संगठन के कार्यकर्ता यहां के लोगों के सुख-दुख में दिन रात लगे हुए हैं। मौके पर अर्जुन राम, विजय सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा ,सरवन कुमार, छोटू तिवारी, संजय सिंह सहित काफी संख्या में युवा जागृति केंद्र के सदस्य उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी स्व जगन्नाथ सिंह के पहली पुण्यतिथि पर अधौरा रोड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद लोगो ने वैदिक मंत्रोच्चार के बाद उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. जगन्नाथ सिंह की जिंदगी प्रेरणादायक है। संघर्षों से सामना करते हुए उन्होंने समाज मे एक अलग मिसाल पेश किया है। इस दौरान उनके पुत्र सह रेल रोको संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, उमेश सिंह और अजय सिंह द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। उनके पुत्र विजय सिंह ने कहा कि अपने पिताजी के पुण्य तिथि पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर अपने पिताजी को श्रद्धांजलि दे रहे है। इस कड़कड़ाती ठंड में गरीबो कंबल से परेशानी कम होगी। उन्होंने कहा कि समाजसेवा से बड़ा पुण्य का कार्य कुछ नही है। इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, वीरेंद्र सिंह, राधेश्याम जायसवाल, प्रणय कुमार देव, उदय प्रताप देव, मनोज कुमार, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, उदय जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, विनोद सिंह, राजा पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विद्यालय के विद्यार्थी फर्श पर बैठने के लिए मजबूर



**केतार (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय पाचाडुमर के प्रधानाध्यापक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी केतार को आवेदन देकर अपने विद्यालय का छत्तीस बेंच डेस्क लौटाने की मांग किया है। विदित है कि राजकीय मध्य विद्यालय केतार में हो रहे मैट्रिक की परीक्षा मे तत्कालीन प्रखंड प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार की आदेश पर पाचाडुमर राजकीय मध्य विद्यालय से 36 बेंच डेस्क मंगाया गया था। जो अभी तक वापस नहीं किया गया है। जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के आठवी की छात्र-छात्राएं जमीन पर बैठकर पढ़ाई कर रही हैं। जिसके बाद से अभी तक उक्त बेंच डेक्स इसी स्कूल में बेकार पड़ा हुआ है। इस संबंध में पाचाडुमर मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नंद किशोर पासवान के द्वारा तत्कालीन केंद्र अधीक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पत्राचार कर कई बार बेंच डेक्स भिजवाने के लिए आग्रह किया गया। परंतु इस पर अमल नहीं किया गया। इस संबंध में पूछने पर केतार मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के समय बीओ साहब के द्वारा बेंच डेक्स मंगवाया गया था। और परीक्षा समाप्ति के बाद जब भेजने की बात आई तो भाड़ा खर्चा देने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। जिसके कारण बेंच डेक्स मेरे यहां पड़ा हुआ है विभाग को जैसे भेजना चाहे भेजें हम थोड़े ना दबा कर रखे हैं।

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई पहुंचे गढ़वा

# जिला कार्यसमिति की बैठक में हुए शामिल कार्यकर्ताओं में चुनाव के लिए भरा जोश

## कहा: 2024 के चुनाव में जिस सरकार से मुकाबला है उसके लिए संगठनात्मक और सक्षम तैयारी है जरूरी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय गढ़वा में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रभारी एवं राज्यसभा के सांसद सह मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत बाजपेई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम से शुरू हुआ वाजपेई ने नगर मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए कहां की वर्तमान की सरकार से अगले चुनाव में मुकाबले के लिए संगठनात्मक तैयारी वएवं सक्षम तैयारी के लिए यह कार्यसमिति की बैठक जरूरी है। हम कार्यकर्ताओं के बीच आज आप सब की राय जानने के लिए ही आये हुए हैं, जिसके बाद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने घंटों तक लंबी मीटिंग कर उनसे उनकी विचारों को जाना एवं उन्हें भारतीय जनता पार्टी के लिए अगले चुनाव में किस मजबूती से जीत दिलाना है, उसके लिए उन्हें गुरु मंत्र भी दिया साथ ही कहा कि संगठन को मजबूत करना है, तो हमें बूथ का वर्गीकरण करना होगा। जिस बूथ पर हमें ज्यादा वोट मिलता है। उसे ग्रुप वाइज के रूप में वगीर्कृत करना होगा। हमें सोशल मीडिया को और ज्यादा सक्रिय करना होगा। हमें लीगल टीम गठित करना होगा। वही कहां की संगठनात्मक बैठक है, और प्रभारी बनने के बाद झारखंड प्रदेश में पहले चरण में कार्य करने का मौका मिला उसके बाद दूसरा दौरा है। पहले दौरे में सात संगठनात्मक जिले में गया और अब 4 जिलों में जाकर सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी क्या राय है, क्या चाहते हैं उनसे जानकारी लेकर सारा नोट कर रहा हूं और उसके अनुसार अगले कार्यपद्धती तय करेंगे। 2024 में ज्यादा दिन बाकी नहीं है जिस सरकार से हमारी मुकाबला है। उसके लिए हमें कमर कसकर संगठनात्मक तैयारी वह सक्षम तैयारी करनी होगी साथ ही उन्होंने कहा कि बाकी बाद में क्या होगी। वह आगे आगे देखी जायेगी जबकि बूथ नंबर 127 के बूथ अध्यक्ष अभिषेक कश्यप को कार्य से प्रसन्न होकर उन्हें फूल माला से सम्मानित भी किया।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, गढ़वा जिला के प्रभारी अमित सिंह, पलामू सांसद बीडी राम, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडे, सूरज गुप्ता, जवाहर पासवान, ईश्वर सागरचंद्रवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री यशवंत मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के प्रभारी पुष्प रंजन किये। मौके पर उपस्थित भाजपा नगर मंडल के सभी पदाधिकारी शक्ति केंद्र के प्रभारी सह प्रभारी बूथ अध्यक्ष सातों मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री एवं जिला टीम उपस्थित थे।

## आजादी के महानायक थे शेख भिखारी और टिकैत उमरांव: अंसारी एकता संगठन

**रंका (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के द्वारा 8 जनवरी को जलुवा स्थित जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी के आवास पर 65वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संरक्षक रंका निवासी आफताब आलम ने कहा कि शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव छोटानागपुर के महान क्रांतिकारी योद्धा थे। शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह 1857 के आजादी संग्राम के महानायक थे। जिन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे किये यातनायें सही मगर सर नहीं झुकाया और हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गये। इस शहादत दिवस पर हम सभी को राष्ट्रहित में चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला सचिव आदम अंसारी, हिदायतुल्लाह अंसारी, नियाजुद्दीन अंसारी, अफरोज अंसारी, आलम अंसारी, महताब अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सिविल कोर्ट और कचहरी के सामने से हटाया अतिक्रमण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला अनुमंडल पदाधिकारी राज्य महेश्वरम के निदेर्शानुसार अंचला अधिकारी मयंक भूषण एवं बीडीओ कुमुद झा के द्वारा सिविल कोर्ट एवं कचहरी के सामने लगे एनएच 75 मार्ग पर अतिक्रमण ठेला खोमचा को आज हटाया गया साथ ही उन्हें कड़ी निर्देश दिया गया कि यदि दोबारा उनके द्वारा ठेला खोमचा यहां अतिक्रमण कर लगाया गया तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई जिला प्रशासन करेगी। क्योंकि यह लगातार उन्हें यहां से अतिक्रमण करने पर हटाया जा रहा है। बुलडोजर चलाया जा रहा है किंतु यह किसी भी हद में मानने को तैयार नहीं है, अतिक्रमण के दौरान सिविल कोर्ट से लेकर जिला मुख्यालय तक लगभग 20 ठेले खोमचे को हटाकर एनएच 75 मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## कंबल का वितरण गया




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वधान में गढ़वा के अति पिछड़े डोल गांव में आदिम जनजाति कोरवा एवं दलित महिलाओं एवं बुजुर्गों के बीच कड़कड़ाती ठंढ से बचने के लिए गढ़वा के पूर्व निवासी सरदार बचित्तर सिंह बग्गा के सौजन्य से ग्रुप के अध्यक्ष ध्रुव केशरी के अध्यक्षता में एक सौ कंबल का वितरण गया एवं उपस्थित सभी ग्रामीणों के बीच तिलुवा, लाई का भी वितरण किया गया। इस मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय, रेडक्रॉस गढ़वा के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी केशरी रूपा गंजी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए फेड अध्यक्ष अलख पांडेय ने लोगों को बताया कि जायंट्स ग्रुप हर साल एवं हर मौसम में गरीबों एवं जरूरत मंदो की सेवा में लगा रहता है। सरकार तो हर स्तर पर गरीब जरूरत मंदो की मदद करती पर बहुत से ऐसे लोग हैं जो सरकारी सहायता से वंचित रह जाते हैं वैसे लोगों को जायंट्स के द्वारा सहायता पहुंचाने का हमलोग भरसक प्रयास करते हैं। इस मौके डॉ एम पी गुप्ता ने जायंट्स के इस समयानुकूल कार्य की सराहना की तथा लोगों को ठंड से बचने के उपाय बताये। ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी ने यहां की व्यवस्था के लिये बिनोद गुप्ता, गुप्ता इंवेस्टमेंट को अति जरूरतमंदो की सेवा में जायंट्स को डोल जैसे सुदूर गांव में बुलाने के लिये तथा बचित्तर सिंह बग्गा जी को हर साल जरूरत मंद लोगों के बीच वितरणके लिए कंबल उपलब्ध कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जायंट्स के सर्व नंदकुमार गुप्ता, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, राकेश बाबू सर्राफ, डॉ वीरेंद्र कुमार, अशोक केशरी, मनोज केशरी सन रेडियो, अवधेश कुशवाहा, सुरेश गुप्ता, चंद्रभूषण सिन्हा, चंदन चंद्रवंशी, जायंट्स ग्रुप ऑफ आस्था के गौतम कुमार, दिनेश केशरी गोखुल प्रसाद गुप्ता आदि के विशेष सहयोग रहा।

### नहीं रहे गरीबों के मसीहा समाजवादी नेता लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती

## विधानसभा के कर्मचारियों को नियमित कराया



बिहार विधानसभा पहुंचते ही श्री देहाती वहां पर भी अपनी छाप छोड़ी। वो बताते है कि जब मैं बिहार विधानसभा पहुंचा तो देखा कि जो कर्मचारी विधानसभा में अपनी सेवा देते थे वे स्थायी नही थे। बल्कि दिहाड़ी मजदूर की तर्ज पर काम करते थे। जब तक सदन चलती थी वे काम करते थे और प्रतिदिन के हिसाब से उन्हें भुगतान कर दिया जाता था। जब सदन नही चलती थी तो वे अपने अपने घर वापस चले जाते थे और इन दिनों की उन्हें कोई भुगतान नही किया जाता था। सदन 1952 से चल रही थी और जब मैं वहां पहुँचा तो यह साल 1969 था यानी 17 सालों से उनलोगों के साथ अन्याय हो रहा था। उस वक्त कांग्रेस के एवम वामपंथ के कई विधायक हुआ करते थे लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया और उनकी सुधि नही ली।श्री देहाती जी को कर्मचारियों का दर्द का एहसास हुआ और उन्होंने 1970 में उनलोगों का एक यूनियन बनाया। एक दिन जब राज्यपाल महोदय का बजट सेशन में भाषण होना था उसी दिन श्री देहाती के नेतृत्व में सभी विधानसभा के कर्मचारी बगल के मैदान में ही हड़ताल पर बैठ गए। वहां अफरा तफरी मच गयी। सरकार की नींव हिल गयी। सत्ताधारी दल के मुख्यमंत्री सहित सभी विधायकों के होश फाख्ता हो गए। देहाती जी को पुलिस आकर धमकाने लगी, विधायिका से बर्खास्त कर देने की धमकी दी गयी। कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देने की भी धमकी दी गयी लेकिन देहाती जी कहां डरने वाले थे। वे एक ही मांग पर अड़े रहे कि पहले इन कर्मचारियों की सेवा को निमित किया जाए फिर सदन चलेगा। कर्मचारियों ने भी एक स्वर में कहा कि देहाती जी जो कहेंगे हम वही करेंगे। जब तक देहाती जी उठने नही कहेंगे तब तक हम यहां से नही उठेंगे चाहे हमपर गोली ही क्यों न चले।उनलोगों ने विधानसभा का दरवाजा ही नही खोला उस वक्त बिहार के मुख्यमंत्री थे कांग्रेस के नेता दरोगा राय। विधानसभा अध्यक्ष थे रामनारायण मंडल। उनकी जिद्द के आगे सरकार झुक गयी फिर चीफ सेक्रेटरी आये और कर्मचारियों की सेवा की निमितिकरण का लिखित आश्वासन दिया। देहाती जी मान गए और हड़ताल समाप्त कर दिए। उसके बाद एक घंटे विलंब से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। श्री देहाती जी बताते है कि उस दिन पहली बार लगा कि देश मे लोकतंत्र जिंदा है।

**शत शत नमन**
**विनम्र श्रद्धांजलि**



**सूरज नाथ शाहदेव**
स्वतंत्र स्तंभकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

### जब पूरी रात विधानसभा में बंद कर दिये गये थे देहाती जी

पलामू को झारखंड का जैसलमेर भी कहा जाता है। यहां उतरी कोयल, कनहर, सोन, अमानत सहित कई छोटी बड़ी नदियां बहती है। लेकिन ये नदियां गर्मियों में सुख जाती है। यहां के किसानों को सालों भर अपने खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाती है। अतः यहां यदा कदा सूखा या अकाल देखने को मिल जाता है। इस समस्या से समाधान पाने के लिए छोटी-छोटी नदियों पर चेक डैम बनाया गया है। उतरी कोयल नदी जो पलामू की सबसे बड़ी नदी है और यह आगे चलकर सोन नदी से मिल जाती है। इस पर बांध बनाने की योजना बनाई गई थी। लेकिन तत्कालीन बिहार सरकार ने इस पर रोक लगा देती है और बनाई गयी योजना अधर में लटक गई। फिर से एक बार सामने आते है भवनाथपुर के विधायक और समाजसेवी हेमेंद्र प्रताप देहाती जी। वो सदन में सरकार से इस बांध को बनाये जाने की मांग करते है लेकिन सरकार इसे स्वीकार करने से इनकार कर देती है। श्री देहाती जी सरकार की इस रवैया से नाराज हो कर विधानसभा के अंदर ही भूख हड़ताल पर चले जाते है। सरकार फिर भी नहीं झुकती है। यह बात है गर्मी के 30 जून 1970 की। हम सब जानते है कि जून महीने में बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप रहता है। विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के पश्चात सभी विधायक, कर्मचारी अपने अपने घर चले जाते है। श्री देहाती जी अनशन पर बैठे ही रहते है। इन्हें कमरे में बंद कर दिया गया। कमरे की बिजली काट दी गयी। पानी बंद कर दिया गया। ये अपने साथ एक बोतल पानी लेकर अंदर गए थे। गर्मी से हालात खराब हो रही थी। तन पसीना से तर बतर हो गया था। प्यास से होंठ सुख रहे थे। लेकिन पलामू की लाखों लोगों की जीवन मरण का सवाल था ये भी कहाँ झुकने वाले थे। सारी तकलीफ सहते रहे और बैठे रहे। 1 जुलाई के दिन 10 -11 बजे सदन खुलती है तो सत्ताधारी विधायक, मंत्री, स्पीकर विपक्ष के सभी विधायक उनकी हालत देखकर पश्चाताप करने लगते है। रात भर कमरे में बंद रहने की तकलीफ को विपक्ष के विधायक एहसास करते है और सारे विधायक उनकी मांग के समर्थन में खड़े हो जाते है और हाउस नही चलने दिया गया। मुख्यमंत्री श्री देहाती जी को अपने चेम्बर में बुलाते है और अनशन तोड़ने का आग्रह करते है। एवं साथ ही बांध निर्माण को लेकर एक कुडुक डैम समिति का गठन कर देते है।इस समिति में 8 सदस्य सहित सरकारी अधिकारियों को मिलाकर 40 लोग इस काम पर लग जाते है। लगभग 7-8 महीने तक ये लोग पलामू के एक एक गांव का दौरा करते है। और सिंचाई की वस्तुस्थिति की जानकारी इक्कठा करते है। समिति को 6 महीने में रिपोर्ट सौपना था। लेकिन सौपा नही जा सका। हर बार करोडों रुपये खर्च करके प्रोजेक्ट बनाया जाता था । लेकिन काम नही हो पा रहा था। इन चीजों से आजिज होकर श्री देहाती जी इस मुद्दे को लेकर 2009 में हाई कोर्ट चले गये। 2013 में अवकाश प्राप्त जज की अध्यक्षता में एक कमिटी बना दी गयी और यह कमिटी अपना काम कर रही है। केंद्र सरकार से अनुमति मिल गयी है लेकिन राज्य सरकार से अभी तक कोई अनुमति नही मिली है। लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि उनका 1970 से लागातर किये गए आंदोलन इस डैम को लेकर बेकार नही जायेगी। वह अवश्य ही पूरा होगा।

### पूर्व विधायकों को दिलाया उनका हक

जब झारखंड अलग राज्य नही बना था उस समय उन्होंने बिहार के पूर्व विधायकों के सहयोग से एक यूनियन बनाया था एवम पूर्व विधायकों की हक की लड़ाई लड़ते रहे।उनको उनका हक दिलवाया। जब झारखंड़ अलग राज्य बना। तो वे झारखंड़ के सभी एक्स एमएलए का एक यूनियन 'पूर्व विधायक परिषद' बनाया उसे निबंधित कराया और यहां के पूर्व विधायको की समस्यओं को लेकर मुखर होकर आवाज उठाते रहे। पूर्व विधायको को पेंशन, चिकित्सा सहित अन्य मांग को लेकर लागातर सरकार से मिलते रहे और मांग करते रहे। आज उनको बड़ी खुशी का अनुभव होता है कि झारखंड के पूर्व विधायकों को जो सुविधा झारखंड़ में मिलता है वो सुविधा भारत की अन्य किसी राज्यों के पूर्व विधायकों को नही मिलता है।

(जारी...कल पढ़ें)

## शोध गोष्ठी का आयोजन किया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष एवं नामधारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, डॉ शशिकांत शुक्ला, अशोक कुमार सिंह, सुशील पांडेय, देव शंकर प्रसाद, विवेक विभूति, अविनाश सहाय एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने विषय प्रवेश कराते हुये कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक समुन्नति के लिये विद्वतजनों के साथ चिंतन मंथन करना एवं तदनरुप क्रियान्वित करना ही इस शोध गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है।

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग के उपसचिव ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग के उपसचिव ओमप्रकाश तिवारी ने मंगलवार को गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड सहित अन्य सुदुरवर्तीय चीनीया रंका मेराल प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम मे धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित 10+2 उच्च विद्यालय धुरकी व कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय के क्लासरूम मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओ से मिलकर शिक्षको के द्वारा घंटीवार विषयगत पढ़ाई के बारे मे भी जानकारी प्राप्त की। वहीं 10+2 उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्य के कक्ष मे थोड़ी देर तक रूक कर प्रधानाचार्य दिनेश पाठक को सबसे पहले विद्यालय भवन की रंगाई पुताई और साफ सफाई पर उप सचिव ने दिशा निर्देश दिया। वहीं इसके अलावा विद्यालय मे पदस्थापित सभी शिक्षको की जानकारी प्राप्त की, इसके बाद 10+2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद बगल मे कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे इसके बाद कस्तुरबा गांधी की वार्डेन अर्चना कुमारी और स्कूल में पढ़ाई कराने वाले शिक्षक और छात्राओं ने उपसचिव का स्वागतगान प्रस्तुत करने के बाद फूल के गुलदस्ते देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागतगान के बाद उपसचिव केजीबीवी के कार्यकाल में पहुंचकर सभी शिक्षक और कर्मियों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। जिसमें स्कूल की अकाउंटेंट खुशी कुमारी अनुपस्थित मिली, वहीं उपसचिव अकाउंटेंट की अनुपस्थिती पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्डेन से कहा की अकाउंटेंट को सस्पेंड किया जायेगा। इसके बाद उपसचिव ने विद्यालय मे बने भोजन को स्कूल की छात्राओं के साथ बैठकर साथ में किया। इसके बाद उपसचिव ने स्थानीय मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए बताया की वह शिक्षा सचिव झारखंड सरकार के निर्देश पर गढ़वा जिला का वह नोडल भी है, उन्होंने कहा की उनका यह निरीक्षण निर्धारित था और उन्होंने सबसे पहले मेराल रंका चिनीया प्रखंड के विभिन्न स्कूल का निरीक्षण करने के बाद धुरकी के बरहसोती अंबाखोरया के अलावा धुरकी के स्कूलों का निरीक्षण किया। निरिक्षण में उन्होंने कहा की तमाम शैक्षणिक गतिविधी संतोषजनक मिला है। इस दौरान धुरकी के बीइइओ सचिदानंद सिंह, रवींद्र चौबे, मझीआंव के बीईओ विद्यासागर मेहता कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश ठाकुर, 10+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश पाठक वार्डन अर्चना कुमारी उपस्थित थी।

आजाद सिपाही
रांची, मगलवार, 10 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## अज्ञात बाइक की चपेट में आकर वृद्ध घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पुल के समीप देर शाम सड़क दुर्घटना में एक 80 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया। घायल को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की पहचान कोराम्बे निवासी स्वर्गीय तेजू गोप के 80 वर्षीय पुत्र जगदीश गोप के रूप में किया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम जोगना पुल के समीप चौपाल सड़क हादसा से एन एच पर जाम था। जिसमें प्रशासन जाम हटाने में जुटी हुई थी। उसी दौरान देर शाम अज्ञात बाइक वाला वृद्ध को धक्का मार फरार हो गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु स्थित नेतरहाट होटल के समीप बाइक एवं टेम्पू के टक्कर में बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल युवक को निजी टेम्पू से इलाज के लिये सेन्हा पीएचसी भेज दिया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों द्वारा बताया जाता है कि युवक के सिर में गम्भीर चोटें लगी है। घायल युवक की पहचान अरु निवासी राशीद अन्सारी का 20 वर्षीय पुत्र इमरान अन्सारी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि टेम्पू जे एच 08 एफ 7556 कल्हेपाट की ओर से लोहरदगा जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से बाइक जे एच 08 ई 9985 आ रहा था। जिसे खड़ी टेम्पू से ओवर टेक करने के दौरान बाइक को टक्कर मार टेम्पू भागने लगा। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए टेम्पू को जब्त कर लिया गया है। वहीं घायल इमरान अन्सारी का स्थिति चिंताजनक बना हुआ है।

## डिफेंस अकादमी ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा।** डिफेंस एकेडमी लोहरदगा के द्वारा सेन्हा प्रखंड के बूटी झखरा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं को नशा पान छोड़ शैक्षणिक और आर्मी, पुलिस, एसएसबी, जीडी, रेलवे, इंडियन नेवी और इंडियन एयरफोर्स जैसे भर्ती कंपटीशन करने के लिए प्रेरित किया गया। डिफेंस एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव व उनकी टीम ने पंचायत एवं गांव-गांव में जाकर नशा पान, जुआ, प्रेम जाल में फंसने-फंसाने जैसे गलत राह में जाकर समय बर्बाद कर रहे युवा-युवतियों के समय रहते अपने माता-पिता के उम्मीद और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का रास्ता बतलाया। मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि यह जागरूक अभियान चरणबद्ध अनुसार सबसे पहले लोहरदगा जिला के सभी प्रखंड के पंचायत और गांव-गांव में जाकर युवा युवतियों से मिलकर जागरूक किया जायेगा और सभी युवा वर्ग को प्रेरित किया जायेगा। मौके पर उपस्थित डिफेंस एकेडमी एकेडमी के सचिव निलेश कुमार तमेड़ा, एकेडमी के संरक्षक आदित्य कुमार साहू, हरि भगत, राजकुमार उरांव, सविता कुमारी, रोहित उरांव आदि शामिल रहे।

## मनिका में वाहन चेकिंग अभियान चला



**मनिका (लातेहार)।** मनिका थाना क्षेत्र में जिला के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर डीटीओ [illegible] मनिका थाना प्रभारी भानु राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना के सामने रांची मुख्य मार्ग में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दरमियान सड़क से गुजरने वाले दुपहिया बाइक को चेकिंग किया गया। जहां बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, ड्राइवरी लाइसेंस के बिना वाहन चलाने वाले को जांच की गयी। जिसमें सैकड़ों बाइक स्कूटी पकड़ी गयी। दो पहिया वाहन सुरक्षा वाहन नियम का उल्लंघन करने पर फाइन कर कार्रवाई करते हुए वाहन जप्त किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया लगातार सड़क दुर्घटना हो रहा है इसे देखते हुए वाहन सुरक्षा नियमों का पालन करना है और हेलमेट पहनकर ड्राइव करना है। लगातार चेकिंग अभियान जारी है। किसी भी सूरत में वाहन सुरक्षा नियम का उल्लंघन करने पर बख्शे नहीं जायेंगे। मौके में सैकड़ों ग्रामीण एवं पुलिस मौजूद थे।

## डीसी ने प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का निरीक्षण किया

**लोहरदगा।** डीसी ने सोमवार को कुड़ू, किस्को और सेन्हा में अधिष्ठापित किये जा रहे प्रखण्ड स्तरीय लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। तीनों प्रखंडों में क्षेत्र के लोगों के लिए लाइब्रेरी का अधिष्ठापन किया जा रहा है ताकि उस क्षेत्र में रहनेवाले युवा व अन्य उम्र के लोग एक शांत वातावरण में बैठकर अध्ययन कर सकें। निरीक्षण में उपायुक्त द्वारा कुडू व किस्को प्रखंड में तैयार लाइब्रेरी का निरीक्षण किया जिसमें बेंच-डेस्क का कार्य पूर्ण पाया गया। वहीं सेन्हा प्रखंड के बीडीओ को लाइब्रेरी अधिष्ठापन के कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में संबंधित बीडीओ उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के विकास में क्रिया शोध महत्वपूर्ण : प्राचार्य

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित थे। मौके पर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि शोध आज की प्राथमिक आवश्यकता बन चुकी है जिसके द्वारा हम अपने विद्यालय की क्रिया प्रणाली में नयापन ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि जब तक हम नियमित क्रिया शोध में नयापन नहीं लाएंगे तब तक नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अपने आप को नहीं ढाल पाएंगे। अतः सभी आचार्य क्रिया शोध संबंधी किए गए प्रयोगों को प्रतिदिन अपने विषय में लाएं साथ ही विद्या भारती के लक्ष्य, पंचपदी शिक्षण पद्धति एवं पंच कौशल का विकास इत्यादि पर बल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आचार्य द्वारा किए गए क्रिया शोध के मुख्य बिंदुओं को लिपिबद्ध करके उसे सूचीबद्ध कर लें ताकि भविष्य में प्रस्तुत करने में सुविधा हो साथ ही भविष्य में इसका लाभ लिया जा सके। प्राचार्य ने कहा कि यदि आचार्य अपने दैनिक कार्यों का सही ढंग से मूल्यांकन कर लें तो सारी समस्याएं जड़ से समाप्त हो सकती हैं। विद्यालय की गतिविधि सुचारू रूप से चल सकेंगे।

## मात्र तीन माह में आवास निर्माण पूरा कराने वाले लाभुक हुए सम्मानित



**लोहरदगा/कैरो।** कैरो प्रखंड के गुड़ी पंचायत स्थित नगड़ाटोली में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कुल 15 लाभुकों को बीडीओ के नेतृत्व में समाज के बीच सम्मानित किया गया। ये वैसे लाभुक रहे जिन्होंने मात्र तीन महीने में अपने आवास का निर्माण कार्य अपनी देख-रेख में पूरा कराया। मौके पर कैरो प्रखंड के बीडीओ ने कहा कि कोई जरूरी नहीं कि हमेशा आपको समाज के अगुवा ही प्रेरित करें। कभी-कभी एक साधारण सा व्यक्ति भी आपको बहुत कुछ सिखा जाता है। आज कैरो प्रखंड के उन गरीब और सामान्य किंतु जिम्मेवार और दृढ़ संकल्प वाले लोगों को पगड़ी पत्तना (फेंटा बंधाई/पगड़ी पोशी) कार्यक्रम के माध्यम से पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। निःसंदेह ये समाज के अगुवा हैं और सम्मान के अधिकारी भी। कहा कि वैसे लोग जिन्हें आवास की स्वीकृति मिल चुकी है लेकिन घर नहीं बना रहे हैं। उनके लिए केस, मुकदमा का विकल्प है लेकिन हम नहीं चाहते हैं कि लोगों को कोई ऐसी सजा मिले। वैसे लोगों के लिए यह एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड के मजदूर की मध्य प्रदेश में मौत

संतोष सिन्हा/विनय कुमार



**हेरहंज-(लातेहार)।** मध्यप्रदेश के कटनी शहर स्थित जरुआ खेड़ा नामक स्थान में सड़क ब्रिज का काम करने के दौरान वाल गिरने से तीन मजदूर की मौत हो गयी। इस घटना में प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग पंचायत अंतर्गत लावागड़ा निवासी जगदीश भुइयां उर्फ ननका भुइयां का पुत्र सुनील भुइयां (30) भी शामिल है। जानकारों के मुताबिक बताया जा रहा है कि सुनील भुइयां समेत दर्जनों मजदूर कटनी शहर के नजदीक सड़क में ब्रिज का काम करने गया था। काम करने के दौरान 07 जनवरी 2023 दिन शनिवार को दोपहर वाल गिर जाने से तीन मजदूर की दबकर मौत हो गयी। हालांकि आनन फानन में मृतकों को मजदूरों के पास से मूर्ख बनाकर शव को कंपनी के व्यक्ति अपने कब्जे में लेकर घायल बताकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसमें एक सुनील भुइयां (लावागड़ा) हेरहंज व गढ़वा जिले के दो मजदूर शामिल हैं। जानकारों के मुताबिक बताया जा रहा है कि इन सभी मजदूर वीवीसी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड जरुआ खेड़ा में काम करता था। ठीकेदार साहेब सिंह नामक लोकल ठीकेदार बताया जा रहा है। मृतकों को कम्पनी के द्वारा मुआवजा नहीं मिल सका है। परिजनों ने मुआवजे दिलाने की मांग जिले के वरीय अधिकारियों और पदाधिकारियों से की है। मृतक का शव 09 जनवरी दिन सोमवार को करीब 10 बजे दिन में लावागड़ा गांव पहुंचा, शव पहुंचते ही परिजनों में चीत्कार से गूंज उठा पूरे गांव। मृतक सुनील भुइयां का दो पुत्र व एक पुत्री है। जानकारों के मुताबिक बताया जा रहा है कि मृतक सुनील भुइयां तीन माह पूर्व मजदूरी करने मध्यप्रदेश गया था। परिजनों में रो रोकर बुरा हाल है।

### राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता में जीतकर लौटे खिलाड़ियों के लिये सम्मान समारोह आयोजित

# राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त करना प्रशंसनीय है : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर धमाकेदार जीत के साथ लौटे जिला कराटे संघ के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह कुडू प्रखंड सभागार में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, कुडु उप प्रमुख एनुल अंसारी उपस्थित हुए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इतनी बड़ी सफलता दिल्ली जाकर प्राप्त करना बड़ी बात है। आप सभी को गर्व महसूस हो रहा होगा। जिला भी गौरवान्वित है। आपने जिस क्षेत्र को चुना है, उसमें अच्छे काम कर रहे हैं। आप इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड ले रहे हैं। इसका श्रेय आपके कोच को भी जाता है। आपने जिस क्षेत्र को चुना है निःसंदेह आपके अभिभावक भी प्रशंसा के पात्र हैं। जिन्होंने लड़कियों को बाहर प्रतियोगिता के लिए भेजा और मेडल लेकर आना गौरव की बात है। शिक्षा एवं नॉलेज के साथ खेल भी समाज में सामाजिक कौशल को बेहतर इंसान बनाता है। कराटे सहित कोई भी खेल खेलने से आत्मविश्वास का स्तर बढ़ता है। राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त करना प्रशंसनीय है। इसी तरह आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएं और जिला राज्य एवं देश का नाम रोशन करें, शुभकामना है। मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा कराटे का डेमो फाइट, ब्लैक बेल्ट काता, तलवारबाजी आदि प्रदर्शित किया गया जिसकी सराहना की। स्वागत संबोधन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं खेल परिचय जिला कराटे संघ अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने किया। बताया गया कि 34 खिलाडियों ने 34 पदक जीते, जिसमे दो सुपर गोल्ड , 2 सुपर सिल्वर, 9 गोल्ड, 9 सिल्वर, 12 ब्राउनज मैडल के साथ सकुशल सभी खिलाड़ी लौटे है।

स्वर्ण पदक विजेता में मुकेश उराव, कुमकुम कुमारी, अलीशा टोप्पो, उर्मिला कुमारी, सोनिका कुमारी, अंजलि कुमारी, प्राची कुमारी, प्रतिमा कुमारी, और सुनेहा कुमारी हैं। रजत पदक विजेता में पूजा कुमारी, अमीषा कुमारी, अंजलि कुमारी, राधा कुमारी, पूनम कुमारी, नितेश उराव, जीवन कुजूर, अलका कुमारी, और सरस्वती कुमारी हैं। काश्य पदक विजेता में निखिल प्रेम, रोली कुमारी, लीलावती कुमारी, नैना कुमारी, जूही कुमारी, वर्षा कुमारी, काजल कुमारी, चंद्रमुनी कुमारी, संतोषी कुमारी, आरती कुमारी, मिहिर कुमार त्रिपाठी और राज बाबू महली शामिल हैं। बताया की कुरु प्रखंड से गटका, कराते और साइकिल रेश की टीम ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, ।साइकिल रेश के प्रथम विजेता रामबिलास पासवान को भी सम्मानित किया गया।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**लोहरदगा।** जिला में बढ़ते ठंड को देखते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में 'आपके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार' कार्यक्रम के तहत असहाय, निःशक्त एवं बुजुर्गों के बीच पिछले कई दिनों से कंबल का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा रघुटोली गांव में कंबल का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से जरूरत मंदो की पहचान की गयी और सेनका उरांव, शुकु उरांव, फुलमानिया उरांव, लधु टोप्पो, बरियो उरांव, एतो उरांव, पंचोला देवी, मांगो उरांव, बुधमनिया उरांव, सीरिया उरांव, शुकू उरांव, शनिचरवा उरांव एवं अन्य के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं डालसा अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ते ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। खासकर गरीब लोग जो अभाव के कारण गर्म कपड़े खरीद पाने में असमर्थ है। उन जरूरतमंद लोगों के बीच जिला प्रशासन के सहयोग से डालसा द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। ताकि उन्हें इस कड़ाके की ठंड में राहत मिले। किसी जरूरतमंद को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि प्राधिकार में प्रतिनियुक्त पीएलवी जिले के सभी प्रखंडों में जरूरतमदों को चिन्हित कर रहे है।

# डीडीसी ने की पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में एससीए योजना, अनाबद्ध निधि, आइटीडीए योजना मद से क्रियान्वित योजनाएं, पर्यटन की योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुड़ू, सेन्हा और कैरो में अल्पसंख्यक समुदाय हेतु कियोस्क निर्माण में संवेदक को नोटिस दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में विभाग के द्वारा डीएमएफटी मद से पेयजलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा की गयी। ग्रामीण कार्य विभाग को मन्हे-कुराग पथ में वन विभाग से एनओसी की प्रक्रिया प्राप्त कर लेने का निदेश दिया गया। बक्सीडीपा-बदला पथ, मेरम-पुतरार में पुतरार नदी, तुरियाडीह-हेसाग पथ में हेसाग नदी, मेरम-पुतरार पथ में ओनेगढ़ा नदी और पुरतौल-जुरनी-सनई हपाथ पथ में लोकल नाला पर पुल निर्माण कार्य पूरा करने के लिए संवेदक को नोटिस देने का निर्देश दिया। एससीए योजनांतर्गत ओनेगढ़ा से हुसरू डेली पहाड़ हतबल रोड को जनवरी माह में व पुंदाग-हुसरू पथ में पुंदाग नदी पर पुल निर्माण जून माह तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल को कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सेन्हा में टूटी हुई चहारदिवारी की मरम्मती व पक्की नाली का निर्माण कार्य, रोरद-चान्दगो पथ में आरसीसी पुलिया निर्माण का कार्य जनवरी माह तक और परहेपाट से देवी मंडप के बीच गार्डवाल का निर्माण मार्च माह तक पूर्ण कर लिये जाने का निदेश दिया गया। पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के द्वारा कैरो-चट्टी कुडू पथ में बिटुमिनस कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। भण्डरा-बक्सीडीपा पथ में कोयल नदी पर बने पुल के लिए पहुंच पथ कार्य जनवरी माह में ही पूर्ण कर लिये जाने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, रांची द्वारा कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई। सेन्हा में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करते हुए पथ निर्माण का कार्य पूर्ण करने व कार्य समाप्ति की स्थिति से भी अवगत कराते हुए प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया।

## पढ़ाई सामग्री का वितरण



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड स्थित नामुदाग पंचायत के ग्राम चेचेंधा आज दिन सोमवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के टुरीटोला चेचेंधा पढ़ने वाले विद्यार्थियों के कॉपी, कलाम, पेंसिल, कटर, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स इत्यादि पढ़ाई सामग्री का वितरण किया गया। विद्यालय में सैकड़ों विद्यार्थियों को पढ़ाई की सामग्री मिलने के बाद काफी उत्साह देखा गया सभी शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधि लोगों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना किया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमिताभ बच्चन तुरी, प्रधानाध्यापक रूपन यादव, वार्ड सदस्य सह पंचायत समन्वय समिति के शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग के सदस्य योगेश्वर टुरी, अमलेश तुरी, भोला टूरी, मालवी देवी, एवं सैकड़ों विद्यार्थी ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## लकड़ी भरा ट्रक घाटी में पलटा, चालक फरार



**चंदवा।** चंदवा के डेढ़ टंगवा घाटी में लकड़ी भरा ट्रक पलट गया ट्रक पलटने के बाद देखा गया कि ट्रक में ऊपर से भूसी की बोरी भरी हुई थी और नीचे पूरा सखुआ का बोटा से भरा ट्रक है। यह देख कर चंदवा पुलिस ने वन विभाग को दूरभाष पर सूचना दिया सूचना के बाद वन विभाग डेढ़ टंगवा घाटी पहुंचकर ट्रक की जांच पड़ताल शुरू किया परन्तु नही पता चला। उसके साथ ही वन विभाग के लोग लकड़ी कहां से लाई जा रही थी और कहां ले जाया जा रहा है इसकी कोई पुख्ता सबूत जुटाने में जुटा है। परंतु अभी तक नहीं मिल पाया है। वही दुर्घटना होने के बाद चालक भी घटनास्थल से फरार पाया गया। उसके बाद वन विभाग की टीम ने लकड़ी और ट्रक अपने कब्जे में कर लिया है। वन विभाग के रेंजर राकेश कुमार से पूछे जाने पर उसने कहा कि अभी तक कोई मालिक हमसे संपर्क में नहीं आया है संपर्क में आते ही मैं बताने का काम करूंगा। इसके साथ ही मामला को भी दर्ज कर लिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि सखुआ का बोटा 81 पीस हमलोगों ने जब्त किया है।

## प्रतुल शाहदेव ने सड़क दुर्घटना की सीआइडी जांच कराने की मांग की



**लातेहार।** लातेहार जिले के मनिका दोमुहान के पास रविवार की रात दुर्घटना की खबर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ है। राष्ट्रवादी विचार के तीन शेर दिल युवक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी तक पता नहीं चला है कि यह दुर्घटना थी कि या साजिश रही है। जिस तरह मनिका थाना पुलिस दो घंटे तक अरुण उपाध्याय को खोज नहीं पाई है जो पचीस फिट दूर घायल गिरा पड़ा हुआ था। अगर मनिका थाना पुलिस दो घंटे पहले ही खोज लिया जाता तो अरुण उपाध्याय की जान बच सकती थी। लातेहार के एसपी मनिका पुलिस पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि हमें यह लगता है कि गौ रक्षा में भी यह सारे लड़के एक्टिव थे। गौ तस्करों से इन लोगों का बराबर सामना होता रहता था। यह दुर्घटना रही या साजिश है। इसकी जांच सीआईडी से कराने की मांग की है।

## बरवाडीह में वाहन चेकिंग अभियान चला

**बरवाडीह।** जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर काशी महली व आईआरबी जवानों के द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए लाभर पिकेट के समीप विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान दर्जनों वाहन के कागजात इंश्योरेंस ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की जा रही है साथ ही साथ सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि लगातार दो दिनों से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके आलोक में आज तीसरे दिन भी चेकिंग अभियान चलाया गया। और आगे भी ये जारी रहेगा।

## पवन यादव साइबर ठगी का शिकार



**बारियातु।** थाना क्षेत्र के फुलसु ग्राम निवासी छात्र पवन यादव साईबर ठगी का शिकार हुआ। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी छात्र पवन ने बताया कि मेरे भाई धिरज यादव एयरटेल पेमेंट बैंक चलाता है। वह मोबाइल मेरे पास था कि रविवार दोपहर तीन बजे 8249794235 से मेरे मोबाइल नंबर 7250430612 पर कॉल आया और अपने आप को एयरटेल पेमेंट बैंक का मैनेजर बता कर कहा कि धिरज का केवाईसी पेंडिंग है। केवाईसी के लिए आपके नंबर पे ओटीपी जा रहा है ओटीपी संख्या दें ताकि आप का केवाईसी पूर्ण हो सके। बीना सोचे समझे बात करते करते ओटीपी दे दिया जैसे ही ओटीपी दिया और मेरे एयरटेल पेमेंट बैंक खाते से 5828 रूपया 6394016550 पर ट्रांसफर हो गया। मैसेज देख कर संपर्क किया तो अभद्र गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया और कहा कि मेरा रोज का काम है। जो करना है कर लो।

## बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र टोंटी-2 में सोमवार को शिविर का आयोजन कर 32 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण का कार्य पंचायत के मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, समाज सेवी निलु सिंह, सेविका नन्दनी देवी, सहायका सरोज मसोमात ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाले नन्हें मुन्हे बच्चों के बीच ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया गया। पंसस होजैफा ने बच्चों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और केन्द्र की सेविकाओं के माध्यम से शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खान पान के बारे में विशेष जानकारी के साथ ही साथ केंद्र में वितरण किए जाने वालें पोषाहार का जायजा भी लिया। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा स्वेटर उपलब्ध कराया गया था जिसे आज मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व पंचायत प्रतिनिधियों के हाथों वितरण कराया गया। मौके पे कई अभिभावक मौजूद थे।

## जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज मंगलवार को किया जायेगा। इस संबंध में बीडीओ ने कहा जनता अधिकार दिवस में वैसे सभी आवेदक जिन्होंने प्रखंड या अंचल कार्यालय से राहत पाने के लिए अपना आवेदन किसी भी स्तर पर दिया हो चाहे वह उपायुक्त के जनता दरबार में हो या जिले के किसी भी पदाधिकारियों के यहां दिया हो या आप की योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिया हो या पूर्व में प्रखंड कार्यालय या अंचल कार्यालय में किसी भी विभाग में दिया हो वैसे सभी आवेदक प्रमाण सहित यदि उनके पास उक्त आवेदन की छाया प्रति है या रिसिविंग है उसको लेकर के आज उक्त अधिकार दिवस शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन का हिसाब हम(बीडीओ) लोगों से प्राप्त करेंगे सिर्फ आवास के आवेदनों के संबंध में कार्रवाई नहीं होगी आवास के लिए आवेदन देने वाले लोग इस शिविर में नहीं आए साथ ही पूर्व की तरह जनता दरबार भी चलता रहेगा। बीडीओ सभी आदि अमित को से आवश्यक रूप से जनता अधिकार दिवस में शामिल होकर अपने अधिकार का उपयोग करने पर जोर दिया।

### जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण घायल, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

# तेंदुआ होने का शक, वन विभाग ने शुरू की जांच

रवि कुमार गुप्ता



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क से सटे केचकी पंचायत के सरईडीह के लाली माटी टोला में अज्ञात जंगली जानवर के हमले से गंभीर रूप से राजदेव सिंह नामक युवक घायल हो गया है। घटना अहले सुबह 4:00 बजे की आसपास की बताई जा रही है। राजदेव सिंह अपने घर से ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन केचकी जा रहा था। इसी क्रम मे जंगली जानवर ने उसपर हमला कर दिया। जिसके बाद राजदेव सिंह के द्वारा शोर शराबा किए जाने के बाद उसके आस पास के लोग उस जंगली जानवर का सामना करते हुए उसे खदेड़ दिया। फिर इसकी सूचना लोगो ने गांव वालों को दी। फिर देखते देखते गांव में आग की तरह खबर फैल गयी। मामले की सूचना मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को मिली उन्होंने यूथ स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह को घटनास्थल पर भेजा। जिसके बाद राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अली हसन अंसारी और यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह के द्वारा वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ अनुपमा एक्का और ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू व कुंदन कुमार की देख रेख मे प्राथमिक उपचार किया गया। एक घंटे तक रहा जाम रहा बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ जानवर के हमले से नाराज ग्रामीणों ने केचकी चेक नाका के पास एक घण्टे तक सड़क को जाम कर दिया। विभाग के पदाधिकारियों के जानवर से हमले के बाद भी नहीं पहुंचने पर लोग आक्रोशित हैं सड़क जाम के दौरान जमकर वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

जिसके बाद मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह से टेलीफोनिक वार्ता व बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह बीडीओ के समझाने बुझाने के बाद व वन विभाग के सार्थक आस्वाशन के बाद जाम हटाया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में चापानल पड़े हैं खराब

**चंदवा।** चंदवा के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने आंगनबाड़ी केंद्र कुजरी, भुसाढ़, पतरा टोली, चटुआग, कामता, दामोदर, हिसरी, भंडारगढ़ा मे पानी शौच और भवन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि दामोदर मे आंगनबाड़ी केंद्र भवन ही नहीं है, सामुदायिक भवन में किसी तरह केंद्र चलाया जा रहा है, पानी और शौचालय का कोई साधन नहीं है। भंडारगढा में किराए के निजी मकान में केंद्र चलाए जा रहे हैं, केंद्र का भवन की ढलाई हुई है, राशि नहीं मिलने के कारण केंद्र का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। बच्चों और सहायिका को पानी के लिए क्या हालत होगी इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है वहीं शौच के लिए बच्चों को कठानाईयों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र कुजरी का चापानल करीब तीन चार वर्ष से खराब पड़ा हुआ है।

## शिव मंदिर में संघ की हुई बैठक



**बालूमाथ/मुरपा।** बालूमाथ प्रखंड के मुरपा ग्राम स्थित शिव मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक मंडल प्रभारी शशि भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी संघ द्वारा 29 जनवरी को होने वाली मंडल सम्मेलन को लेकर चर्चा करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पलामू विभाग कार्यवाह जानकी नंदन राणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिन्होंने कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की और इसके रूपरेखा को बताया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के अरविंद कुमार के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवी डॉ. रोहन गोप संतु भगत गोपाल चंद्र यादव जगन्नाथ यादव लक्ष्मण कुशवाहा राजेश यादव बंधन साव मुखलाल साव प्रदीप साहू सुरेश साव पप्पू यादव सुभाष कुंदन सुजीत प्रमोद फुलदेव योगेंद्र यादव विष्णु देव ठाकुर कामेश्वर वर्मा अमित कुमार सुजीत शाह मनोज पाठक जगदीश राम अशोक कुमार अक्षय कुमार अर्जुन कुमार पुरुषोत्तम यादव सचिंदर यादव रघुनंदन सोनी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहकर इस कार्यक्रम को तन मन धन से सहयोग देकर सफल सफल बनाने का संकल्प लिया।

## वाहन जांच चलाया गया

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** सोमवार को थाना प्रभारी अनिल लिंडा के निर्देश पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जांच चलाया गया। इस अवसर पर पालकोट थाना परिसर के सामने और काली मंदिर के पास गुमला-सिमडेगा मुख्य सडक में पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान ।सडक सुरक्षा नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों पर कडी कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने सभी वाहन चालकों से आग्रह और अपील करते हुये कहा है। की सभी वाहन चालक अपने वाहनों के सभी कागजात साथ लेकर चलें और दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय नियमित रुप से हेलमेट का प्रयोग करें। नहीं तो बाध्य होकर सडक सुरक्षा नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जब्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## राशन वितरण में अनाज कटौती और पीडीएस दुकानदार पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गांव गरई में संचालित उज्वला महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान के उपर ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनाज कटौती करने एवं पीडीएस दुकानदार के द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने का आरोप लगाते हुये बसिया के एसडीओ और अंचलाधिकारी कामडारा को एक आवेदन सौंप कर जांच कराने की मांग की है। दिये गये आवेदन मे लाभूक पवन साहू ने बताया है कि 8 जनवरी को वह राशन उठाव के लिये पीडीएस दुकान गया हुआ था। जब दुकानदार के द्वारा कि जा रही अनाज कटौती के संदर्भ मे पूछताछ की गई तो वह झुंझलाते हुये गाली गलौज करते हुये उसके साथ दुर्व्यवहार किया। वहीं अन्य लाभूक देवकी देवी, सुमति देवी, पार्वती देवी, बहालेन डांग सहित अन्य लगभग दर्जनों लोगों को निर्धारित तौल से काफी कम मात्रा मे अनाज दी गई है। इधर उक्त मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने आज सोमवार को बसिया एसडीओ, अंचलाधिकारी कामडारा और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कामडारा के नाम पर आवेदन सौंप कर जांच एवं कारवाई करने की मांग की है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ शोध गोष्ठी का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में सोमवार को शोध गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी दो सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र वंदना सभा में विद्यार्थियों को शोध के बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने समझाते हुए कहा कि शोध मानव ज्ञान को दिशा प्रदान करता है। तथा ज्ञान भंडार को विकसित करने में सहायक है। यह व्यक्ति के बौद्धिक विकास में सहायक होता है। विद्यालय के सभी आचार्य भी निरंतर शोध प्रक्रिया से जुड़े रहते हैं जो विद्यालय की विधि व्यवस्था को बनाए रखने में काफी सहायक साबित होते रहे हैं। दूसरे सत्र में विद्यालय के सभी आचार्यों के बीच शोध विषय पर चर्चा की गई। पूर्व शोध प्रमुख आचार्य सुदर्शन शर्मा एवं रविंद्र महापात्रा ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए कहा की शोध निरंतर विद्यालय व्यवस्था तथा शिक्षण व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया है। शोध प्रमुख अमित कुमार ने सभी आचार्यों के सहयोग से जलपान व्यवस्था तथा वेश बस्ता पर हुए शोध के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा की निरंतर शोध के परिणाम ही आज विद्यालय के शत प्रतिशत भैया बहन जलपान लेकर विद्यालय आने लगे हैं। शोध गोष्ठी के उपरांत प्रबंधक कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह की उपस्थिति में विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न हुई जिसमें कुल 34 आचार्य जी दीदी जी की सहभागिता रही। सम्मिलित आचार्यों में 20 दीदी जी तथा 14 आचार्यों की संख्या रही। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल संचालन के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमुख देवेंद्र नाथ तिवारी को धन्यवाद दिया।

## दुनिया की सबसे बड़ी ताकत शिक्षा है: मिशन बदलाव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव कामडारा के द्वारा और एक सामुदायिक शिक्षा केंद्र की शुरूआत कामडारा प्रखंड सलाहकार कमिटि के सदस्य सिकनदर सिह,जेम्श होरो एवं आशीष सिंह के नेतृत्व में कोनसा पंचायत के लतरा गांव में शुरू किया गया।मिशन बदलाव सलाहकार कमिटि के सदस्यों ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा से बड़ा दुनिया में कोई शक्ति नहीं है। लक्ष्य निर्धारित करने से पहले बच्चों को किताब से प्यार करना पड़ेगा। वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे महंगे बाइक और महंगे मोबाइल के लिए अपने माता-पिता से लड़ाई करते हैं। बच्चों को यह तय करना चाहिए कि उन्हें बाइक मोबाइल प्यारा है या अपने माता पिता। उन्होंने अनुशासन का अनुपालन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और लक्ष्य के अनुकूल कॉलेज में संकाय और विषय चयन के बारे में बताया। जेम्श होरो ने कहा कि जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए। अर्जुन की तरह आपका निशाना किताब के हर पन्ने पर होना चाहिए। खूब पढ़ना और खूब लिखना चाहिए। एक, दो अधिक से अधिक तीन बार गलतियां होगी। उसके बाद तो सुधार होगा। मिशन बदलाव कामडारा प्रखण्ड सलाहकार कमिटि सदस्य सिकनदर सिंह ने कहा कि गरीबी भी कभी पढ़ाई में बाधक नहीं होगी। बच्चे अपना कैरियर शिक्षण क्षेत्र में रखते हैं तो अपने से नीचे क्लास के बच्चों को पढ़ा सकते हैं। अपनी पढ़ाई खर्च की व्यवस्था स्वयं कर सकते हैं। इससे करियर हासिल करने में भी सहायता होगी।

### लुचूतपाट से छत्तीसगढ़ सीमांत तक आठ वर्ष पूर्व हुआ पथ निर्माण कार्य

## राशि का ठेकेदार ने किया गबन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** टांगीनाथ से लुचूतपाट एवं लुचूतपाट से छत्तीसगढ़ सीमांत तक पथ निर्माण कार्य के लिए कार्य करा रहे अनहद इंफ्रास्ट्रक्चर राणा प्रताप नगर चास बोकारो के ऑनर धर्मेंद्र सिंह पर अपने पेटीदार का रुपया गबन करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कांग्रेस नेत्री अमृता भगत ने बताया कि उन्हे लुचूतपाट प्रखंड डुमरी के निवासी बेलसाजर मिंज के द्वारा जानकारी दी गई कि ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह ने ग्रामीण कार्य विभाग गुमला के साथ इस सड़क निर्माण के लिए एकरारनामा किया है। ग्रामीण कार्य विभाग गुमला ने वर्ष 2012-13 में समेकित कार्य योजना के तहत डुमरी प्रखंड अंतर्गत इस पथ निर्माण का ठेका ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह को दिया है। ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह ने इस पथ निर्माण कार्य को ग्राम लुचूतपाट प्रखंड डुमरी के निवासी बेलसाजर मिंज से पेटी में देकर काम करवाया। पथ निर्माण कार्य पूरा हुए 8 वर्ष बीत गये हैं। पेटीदार बेलसाजर मिंज का बकाया राशि ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह द्वारा भुगतान अब तक नहीं किया गया है। ठेकेदार चंपत है। किसी तरह संपर्क साधने पर टालमटोल किया जाता है।

### ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: अमृता भगत

बेलसाजर मिंज ने गुमला जिला महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमृता भगत को जब इस मामले की जानकारी दी। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह द्वारा इस कार्य को क्लोज भी नहीं कराया गया है। अब देखने वाली बात तो यह है कि कार्य पूरा हुए आठ वर्ष हो जाने के बावजूद कार्य क्लोज नही कराने के संबध में ग्रामीण कार्य विभाग क्यों इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया है। सुश्री भगत ने कहा कि जनहित के इस समेकित कार्य योजना में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस संबंध में उपायुक्त गुमला को आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। नक्सलवाद हावी होने के बावजूद क्षेत्र के विकास को देखते हुए बेलसाजर मिंज ने जोखिम उठाकर पथ निर्माण का कार्य कराया है मजदूरों का मजदूरी भी दिया जाना बाकी है। ग्रामीण कार्य विभाग इसे गंभीरता से लें ठेकेदार उपस्थित होकर कार्य को क्लोज कराएं और बकाया राशि भुगतान करे।

## कांग्रेस पार्टी पंचायत कमिटी का गठन किया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुरबुंगा में गठन पंचायत प्रभारी सह प्रखंड उपाध्यक्ष जीवन मसीह बारला के अध्यक्षता में कॉग्रेस पार्टी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शकील खान, उपाध्यक्ष अल्बर्ट सोरेंग कुलदीप साहू एवं प्रकाश टोपनो, महासचिव रामचंद्र साहू, अजित टोप्पो, अबीतित सुरीन एवं राजमोहन नायक कोषाध्यक्ष फुरनेदु बड़ाईक, सचिव सलीम खान,जगदीश सिंह,सिंग्रेन सुरीन,जोसेफ एक्का एवं जट्टू बड़ाईक को बनाया गया।युवा अध्यक्ष एनिमा सोरेंग को बनाया गया।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, युवा जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू , राजेश कुल्लू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


### रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया शुद्ध शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन

## लोगों ने लिया जनहित में कार्य करने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पालकोट रोड गुमला स्थित रोटरी भवन में रविवार की देर शाम शुद्ध शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया। आम जनता को समर्पित यह प्याऊ रोटरी क्लब द्वारा निर्मित कराया गया। इस का उद्घाटन क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो संजीव कुमार ठाकुर और अध्यक्ष रो अनमोल कुमार गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात रोटरी भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य शंकर पंडित के द्वारा गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर भैरव प्रसाद और पी राम ने क्लब के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर मौजूद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही जनहित में कार्य करने का सभी लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनमोल गुप्ता ने बताया कि आने वाले दिनों में जनहित में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से सचिव मनोज शर्मा कोषाध्यक्ष बसंत कुमार, विमल कुमार, अशोक साह, पंकज,बिनोद अग्रवाल, पवन गुप्ता, संदीप गुप्ता, पूनम देवी, अजय कुमार, पंचू साहू, राजकुमार जयसवाल, डॉक्टर सुगेंद्र साय, हीरा सोनी, भगवान साबू, भैरव प्रसाद, पी राम, सतनारायण प्रसाद, उषा गुप्ता फस्ट लेडी चांदनी गुप्ता,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आठ माह में कुरान पाक के तीस पारा कंठस्थ कर हाफिज की उपलब्धियां प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** फैजुल रशीद मदरसा सिसई में मुस्लिम धार्मिक शिक्षा ग्रहण कर रहे बघनी गांव निवासी सईद अंसारी के 14 वर्षीय पुत्र अब्दुल अंसारी ने 8 माह में कुरान पाक के तीस पारा कंठस्थ याद कर हाफिज की उपलब्धियां प्राप्त की। इनके उपलब्धि पर सोमवार को फलाउल मुस्लेमीन अंजुमन सिसई के सदर सलमान अली, मौलाना मोती उल्लाह साहब, हाजी अब्दुल मन्नान ने शॉल और बैग देकर अब्दुल अंसारी को सम्मानित किया। इस मौके पर हाजी मनान साहब ने कहा कि झारखंड में पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई धार्मिक शिक्षा ग्रहण कर रहा बच्चा 8 महीना में हाफिज प्राप्त किया है। हाफिज का उपलब्धि एक या डेढ़ वर्ष प्राप्त करने में लगता है। लेकिन अब्दुल अंसारी ने 8 माह में ही यह कारनामा कर गुमला जिला और झारखंड में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि कुरान पाक किताब के 30 पारा को कंठस्थ याद करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। फैजुल रशीद मदरसा विगत 70 वर्षों से चल रहा है, यहां झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के गरीब बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण करते हैं। इन बच्चों की उपलब्धि में मदरसा में शिक्षा दे रहे शिक्षकों की काफी अहम भूमिका है। आने वाले समय में इसे और बेहतर किया जायेगा।

### मौके पर ये रह मौजूद

इस मौके पर मदरसा के पूर्व सदर हाजी रिजवान अंसारी, हाजी जहुर अंसारी, हाजी मोहताज अंसारी, अमजद अली, अंजुमन के सचिव मास्टर हाजी रहमान अंसारी, राजेबुल अंसारी, फैयाज अंसारी, हाफीज कमालउद्दीन, मौलाना खतेबुलाह रहमान काली, मो. हुजेयफ साहब, मौलाना जेयाउल्ला मुफ्ती रशीद साहब, हाफीज खादीम साहब, हाफीज अब्दुल रशीद साहब, हाफीज मुंतजीर साहब, मास्टर जलाल साहब सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी सरना नवयुवक संघ की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आदिवासी सरना नवयुवक संघ गुमला की बैठक संघ के अध्यक्ष विनोद मिंज के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता सतीश भगत ने की। बैठक में मुख्य रूप से विगत माह आयोजित पिकनिक सह पारिवारिक मिलन समारोह की समीक्षा की गई। साथ ही संघ की 2022 की क्रियाकलापों की समीक्षा भी हुई। बैठक में वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान संघ के नाम को लेकर भी व्यापक विचार विमर्श किया गया। वर्ष 2023 के लिए कार्ययोजना का खाका तैयार किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार मिंज,सचिव कमल उरांव, बीडियो सोमा उरांव,के ओर कॉलेज गुमला के सहायक प्राध्यापक डॉ तेतरू उरांव, प्रदुमन भगत, लालू उरांव, सचिव कमल उरांव, मनिजर भगत,राजेंद्र लकड़ा, तेंबा उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, बुधवा उरांव,ब्रह्म देव उरांव, जितिया उरांव, जितेश मिंज, रामजीत उरांव, शिवनंदन उरांव, महाद्वीप कच्छप उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने एक किलोमीटर सड़क का निर्माण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के कॉलेज रोड में जर्जर हो चुके सड़क का वार्ड सदस्य निर्मल भगत के नेतृत्व में 3 दर्जन से ऊपर ग्रामीणों ने सोमवार को आर्थिक दान एवं श्रमदान कर मिट्टी मोरम का करीब 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया। इस क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में मिट्टी की सड़क बह जाने से कई जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे। कई बार मुखिया जनप्रतिनिधि प्रखंड प्रशासन को इस बाबत मौखिक तौर से अवगत कराया गया था। बावजूद इस और ना तो अधिकारियों ने ध्यान दिया और न ही जनप्रतिनिधियों ने अंततः सभी ग्रामीण रविवार को बैठक कर सोमवार से सड़क बनाने का निर्णय लिया। जिसमें सभी अपने घरों से आर्थिक रूप से चंदा देकर मोरम गिराया और श्रमदान कर सड़क बनाया ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था आने के बावजूद भी प्रखंड मुख्यालय के लोग हम सभी को सड़क के लिए भटकना पड़ा कई लोगों में जनप्रतिनिधि और प्रखंड प्रशासन के खिलाफ रोष भी देखा गया। यहां बता दे की पंचायती राज व्यवस्था के तहत 12 वर्ष बीतने के बाद भी उक्त जगह पर सड़क का निर्माण पक्की नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सिर्फ वोट मांगने के लिए जनप्रतिनिधि घर-घर घूमते हैं लोगों की समस्या से उन्हें कोई लेना देना नहीं। कई मूलभूत सुविधा का अभाव कॉलेज मोहल्ला में बनी हुई है बावजूद इस और कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में लगे जनता दरबार में भी आवेदन ग्रामीणों द्वारा लिखित तौर पर दी गई थी। बावजूद इस और कोई भी ध्यान नहीं गया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यहां 200 घर उक्त मोहल्ला में बनी हुई है सभी लोगों को उक्त सड़क से गुजरना पड़ता है। इस मौके पर श्रमदान करने वाले लोगों में वार्ड सदस्य निर्मल भगत, पंकज भगत, दिल केश्वर उराव, तेज नारायण, महेश उरांव, जॉन कुजुर, उदित यादव, पुष्पा देवीधनिया देवी, नीलकुसुम देवी, सरिता देवी, राधा उरांव, सविता देवी, नदिया देवी, निराश देवी, आशा देवी, गुड़िया कुमारी, शकुंतला कुजुर, अनीता देवी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## तीन दिवसीय युवा नेतृत्व और सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के तत्वधान में एसएस हाइ स्कूल घाघरा के सभागार में तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, थाना के एसआई प्रवीण महतो, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करके ही शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक विकास हेतु युवाओं को सरकारी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने चाहिए उन्होंने समाज विकास के लिए युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। वही अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा कि युवाओं के लिए 18 से 22 का उम्र जीवन निर्माण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है युवा सामुदायिक विकास व स्वयं में नेतृत्व की भावना का विकास कर एक आदर्श युवा बन सकता है। सचिव अनिरुद्ध चौबे ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता का विकास, सामुदायिक विकास राष्ट्र निर्माण, देश प्रेम, नशा पान, सामाजिक कुरीतियां, अंधविश्वास जैसे विषयों पर 3 दिन तक विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अतिथियों का स्वागत एवं मंच का संचालन कोषाध्यक्ष राजेश कुमार पंडित एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य संतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी प्रवीण तिर्की पूर्व प्राचार्य टाना भगत कॉलेज विपिन बिहारी सिंह एसआई प्रवीण महतो पवन केवट जोले उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## चेंबर के पूर्व अध्यक्ष ने की जर्जर सड़कों और नालियों के निर्माण कराने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने नगर परिषद के ईओ से शहर की जर्जर सड़कों और नालियों का निर्माण कराने की मांग की है। कहा है कि करीब आठ माह पूर्व शहर की मुख्य सड़कें व नालियां, जो जर्जर हो चुकी है। उनके निर्माण के लिए निविदा निकाली गई थी। बाद में फंड के अभाव में उस निविदा को रद्द कर दिया गया। किंतु कुछ समय बाद विभागीय आवंटन प्राप्त हो चुका था। लेकिन अब तक पुनः नालियों व सड़कों के निर्माण की दिशा में पहल नहीं की गई। जिससे कई पथ चलने लायक नहीं है। जनहित में इन सड़कों और नालियों का निर्माण अति महत्वपूर्ण है। इसलिए मांग है कि जनता की सुविधाओं का ख्याल और शहर के विकास के मकसद से निविदा आमंत्रित कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। उन्होंने हाल के समय में राजस्व संग्रहण में तेजी के लिए भी ईओ को धन्यवाद दिया है। कहा है कि राजस्व संग्रहण से नप की आर्थिक स्थिति में अवश्य सुधार हुआ है। लेकिन अब शहर के विकास की भी बारी है। इसपर भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए।

## सड़क चौड़ीकरण से प्रखंड के दो सरकारी स्कूलों का अस्तित्व खतरे में

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाइवे बाइपास सड़क चौड़ीकरण में प्रखंड के दो सरकारी स्कूलों का अस्तित्व खतरे में है। वहीं इन दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 250 छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में लटकता नजर आ रहा है। मामला प्रखंड के रा. प्रा. विद्यालय पंडरिया एवं रा.उ.मध्य विद्यालय नागफेनी का है। एनएच चौड़ीकरण में दोनों स्कूलों का भवन पूर्ण रुप से अधिग्रहण क्षेत्र में आ रहा है। वहीं



इन दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर अब तक कोई ठोस पहल विभाग की ओर से नहीं किया गया है। जिससे भविष्य में बच्चों के पठन पाठन को लेकर बच्चों के अभिभावकों एवं शिक्षकों को चिंता सताने लगी है। ज्ञात हो कि रा.प्राथमिक विद्यालय पंडरिया में कक्षा एक से पांच में कुल 52 विद्यार्थी पढ़ते हैं, यहां दो शिक्षक प्रधानाचार्य जेवियर बारला एवं पारा शिक्षिका शोभा कुजूर हैं। वहीं रा.उ. मध्य विद्यालय नागफेनी में कुल 186 विद्यार्थी एवं प्रधानाचार्य गणेश साहू सहित कुल छह शिक्षक हैं। बीइओ जोहानी टोप्पो से इस संबंध में बात करने पर उन्होंने बताया की पंडरिया स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा उक्त समस्या की जानकारी मिलने के उपरांत विभाग के उच्चाधिकारियों को तीन बार पत्राचार किया गया है, जैसे ही विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त होता है, आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य के अनुसार पंडरिया गांव के ग्रामीणों ने स्कूल के लिए गांव में भुमि उपलब्ध कराने को इच्छा जताई हैं, किन्तु नये विद्यालय भवन के निर्माण के लिए फंड मिलने पर ही नया स्कूल भवन बनाया जा सकता है। सड़क निर्माण को लेकर भवन टुटने पर गांव के नजदीक के दुसरे स्कूल में बच्चों को शिफ्ट किया जा सकता है। वहीं रा.उ.मध्य विद्यालय नागफेनी में भी विद्यालय परिसर में अतिरिक्त सरकारी जमीन नही होने को लेकर वरीय पदाधिकारीयों से आगे विद्यालय संचालन को लेकर दिशा निर्देश की मांग की गई है।

## दो फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया कुर्की जब्ती का इश्तेहार

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्त के घर पर सोमवार को कुर्की जब्ती का इस्तीहार चिपकाया। यहां बताते चलें की बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के पचघरा खुर्द ग्राम निवासी अजय मेहता पर हत्या का मामला दर्ज है। वहीं बिश्रामपुर नप मुख्यालय के बहादुर चौधरी पर भी मामला दर्ज है। दोनो प्राथमिकी अभियुक्त पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट भी जारी हुआ था। लेकिन दोनो काफी अरसे से फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि अजय मेहता और बहादुर चौधरी काफी दिनों से फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा अब न्यायालय से आदेश लेकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। इस बीच अगर आरोपी पुलिस को सरेंडर कर दे तो कुर्की जब्ती से वह बच सकता है। दोनो अभियुक्तों के घर इश्तहार चिपकने एएसआई संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गये थे।

## मकर संक्रांति पर शिवसंपत धाम में लगेगा दो दिवसीय मेला



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उंटारी प्रखंड के प्रसिद्ध देव स्थल शिव संपत धाम परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय मेला लगेगा। मेला आयोजन को लेकर जिला पार्षद सह धाम समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह की अध्यक्षता में दर्जनों गांव के ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमे विशेष पूजा अर्चना से लेकर सफल व भव्य मेला आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 व 15 जनवरी को भव्य मेला का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति द्वारा मकर संक्रांति के दिन दही चूड़ा व 15 जनवरी को महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया जायेगा। इसके अलावा बाहर से आये हुए अतिथियों को रुकने व खाने पीने का प्रबंध भी किया गया है। श्री सिंह ने पलामू प्रमंडल वासियों से इस विशेष धार्मिक कार्यक्रम व मेला में आने का आग्रह किया है। मौके पर कमेटी के सचिव अगस्त तिवारी,कोषाध्यक्ष आरसी यादव,फेकू सिंह,योगी सिंह,शम्भू सिंह,महेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिजिनिवार में प्रभावित रैयतों के लिए हुआ विशेष कैंप का आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत रा.उ.म. विद्यालय बिजिनिवार परिसर में किसानों की मांग पर सोमवार को भु-अर्जन विभाग द्वारा विशेष कैंप का आयोजन किया गया।इस दौरान कैंप में जिले और अंचल कार्यालय से आये अधिकारियों ने प्रभावित रैयतों की समस्याएं सुनी। साथ ही ढाब कला, ढाब खुर्द, बिजिनिवार, सेमरवार सहित कई गांवों के किसानों की विसंगती एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिए गएं। कैंप में प्रभावितों ने कहा कि सरकार द्वारा एनएच 98 फोरलेन निर्माण में जितना भूमि अधिग्रहित की गई है उससे कहीं ज्यादा जमीन में जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिस पर किसानों ने आपति जताते हुए पुनर मूल्यांकन कर शेष जमीन की मुआवजा दिलाने की मांग की है।कैंप का निरीक्षण करने आये फोरलेन निर्माण में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने अधिकारियों को कई विन्दुओं पर निर्देशित किया। साथ ही मुआवजा राशि ले चुके किसानों को स्वेक्षा पुर्वक मकान हटा लेने का निर्देश दिया और जिन्हें मुआवजा नहीं मिली है उन्हें आवेदन देने की बात कही। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, पत्थरा पीकेट प्रभारी नितीश कुमार, भू-अर्जन कानूनगो विकाश पांडे, प्रधान सहायक संजय पासवान, प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी, पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, सीआई प्रगति प्रकाश, कर्मचारी दिपक पांडे, रितेश तिवारी, भू-अर्जन अमिन धनेश्वर सिंह व अंचल अमिन राकेश कुमार सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## केचकी दो मुहान नदी में गोस्वामी समाज का वनभोज सह मिलन समारोह




**सतबरवा/पलामू(आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य गोस्वामी समाज इकाई के बैनर तले पलामू जिला कमेटी के द्वारा रविवार को केचकी संगम पर वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष सुनील गोस्वामी व संचालन प्रदेश सचिव श्यामलाल गोस्वामी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक गणेश गिरी गोस्वामी तथा विशिष्ट अतिथि पलामू जिला जज चंदन गोस्वामी, प्रदेश सचेतक अरविंद गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष चक्रधर नाथ गोस्वामी, प्रदेश कोषाध्यक्ष रविंद्र गोस्वामी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश गोस्वामी उपस्थित थे। कार्यकम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गणेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि मेरा समाज अत्यंत पिछड़ा है जिसका सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है।अगर हमें आगे बढना है, तो हर हाल में बच्चो को शिक्षित करना होगा। विशिष्ट अथिति पलामू जिला जज चंदन गोस्वामी ने कहा कि हमारा धर्म संस्कृति बताता है की हम कुल समाज में सर्वश्रेष्ठ है।इसलिए हमें अपनी गरिमा बनाए रखनी है।हम लोगों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना है।समाज को नई दिशा देने के लिए हर क्षेत्र में हमें आगे होंना होगा। वहीं समाज के चक्रधरनाथ गोस्वामी, सुशीत गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी, रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है।जब हम संगठित रहेंगे, तब हम हर मुश्किलों का सामना कर सकेंगे।समाज में जो सबसे पिछड़े हैं,उन्हें आगे लाने के लिए समाज को एक साथ खड़ा होंना होगा, उनकी आर्थिक मदद भी करनी होगी।इस मौके पर महिला पलामू जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसमिति से जिला अध्यक्ष शीला गोस्वामी, सचिव कविता गोस्वामी, उपाध्यक्ष पूनम गोस्वामी, सह सचिव चिंता देवी, कोषाध्यक्ष सनेह लता गोस्वामी, संरक्षक आशा गोस्वामी, सावित्री देवी को बनाया गया है।

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के वार्षिकोत्सव में उद्योगपति ज्ञान शंकर को बनाया गया प्रदेश अध्यक्ष

# सभी उप जातियों को एक किया जायेगा: ज्ञान शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राजधानी रांची में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश संघी ने करते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष का ताज झारखंड के जाने-माने उद्योगपति ज्ञान शंकर को पहनाकर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया। इस महासम्मेलन में रांची के अलावे दुमका, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, पलामू, रामगढ़, हजारीबाग एवं झारखंड के कई जिलों से हजारों लोग उपस्थित हुए। गिरीश संघी ने सम्मेलन का उद्घाटन



करते हुए कहा कि धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था समाज को मात्र चार वर्णों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र में विभाजित करती है। हमारा वैश्य समाज बहुत बड़ा है जो लोग ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र वर्ण से नहीं आते वह सारे वैश्य हैं। पूर्व मे जो लोग जिस चीज का व्यवसाय करते थे उन्हें उसकी जाति बना दी गई जैसे लकड़ी का काम करने वाले को बढ़ई, कुम्हार का काम करने वाला कुम्हार, लोहा का काम करने वाला लोहार ऐसे कई जाति मिलेंगे लेकिन सारे लोग व्यवसाय करने वाले थे यह सारे वैश्य हैं और हमें सबों को लेकर चलना है। श्री संघी ने झारखंड प्रदेश महामंत्री के तौर पर संजय चौधरी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें दोबारा झारखंड प्रदेश का महामंत्री बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद ज्ञान शंकर ने कहा हमारा परिवार शुरू से समाज की सेवा में लगा रहता है। मुझे बड़ी जवाबदेही प्रदेश स्तर पर दी गई है,एक नई टीम बनाकर पुराने लोगों के मार्गदर्शन में समाज के सभी लोगों की सुनने वाली संस्था राज्य स्तर पर खड़ी की जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि गुड़गांव के पूर्व विधायक गोपाल एस मौर्य, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व अध्यक्ष बलिराम साहू, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर, रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, पूर्व महाधिवक्ता झारखंड अजीत कुमार, संजय पोद्दार, अमित साहू, कृष्णा अग्रवाल, प्रेम कटारुका, अरविंद गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद, अहिल्या गुप्ता एवं समाज के कई हस्ती उपस्थित थे।

## भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने प्रदेश प्रभारी का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** परिसदन भवन में भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डां लक्ष्मीकांत वाजपेई से भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने मिलकर अंगवस्त्र से स्वागत किया तथा प्रशासन द्वारा पांडू के ग्राम मुरुमातु से चार माह पूर्व दिन दहाड़े उजाड़े गए विस्थापन का अत्यंत तंगहाल जीवन



जी रहे महादलित मुसहर परिवार प्रकरण में प्रशासन द्वारा सरासर झूठे मुकदमें दर्ज कर बेवजह परेशान किए जाने की घटना को विस्तार से जानकारी देते हुए साथ ही संगठन के भूमिका की भी पूरी जानकारी दी।

## अररुआ पाठशाला के प्रधानाध्यापक का ब्रेन हेमरेज से निधन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र रा.उ.म विद्यालय अररुआ में कार्यरत प्रधानाध्यापक 54 वर्षीय नागेश्वर राम का आकस्मिक निधन सोमवार के अगले सुबह ब्रेन हेमरेज होने से हो गया। वे अपने पीछे पुत्र रोहित कुमार, राहुल कुमार, राकेश कुमार,पुत्री शकुंतला देवी, पत्नी रजकलियां देवी को छोड़ गए। उनके आकस्मिक निधन से शिक्षको, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों ने बताया कि नागेश्वर राम कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज भी चल रहा था। इसी बीच सोमवार की अहले सुबह ब्रेन हेमरेज होने से उनकी मौत हो गई। उनके मौत की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करते हुए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह सतरोनंत उच्च विद्यालय पिपरा के प्रधानाध्यापक विजय राम, शिक्षक अजय कुमार, अर्जुन राम ,जमुना राम, दिनेश कुशवाहा, बिंदेश्वरी राम, अशोक कुमार यादव सहित समाजसेवी प्रमोद कुमार रवि, कमलेश कुमार यादव, राजकुमार गौतम, सुरेश राम ने कहा कि नागेश्वर राम एक शिक्षक होने के साथ-साथ वो समाजसेवी भी थे।

## शीतलहर में नवजात शिशु को गर्म वस्त्र देना सामाजिक दायित्व : राजू मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर प्रसव कक्ष में दर्जनों से ज्यादा नवजात शिशुओ के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया। इस मौके पर श्री मेहता ने कहा कि पलामू जिला में इन दिनों ठंड और शीतलहरी का प्रकोप बढ़ गया हैं ऐसे परिवेश में नवजात शिशुओं को ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह कार्य किया।जिससे कि नवजात शिशु को ठंड से राहत मिल सके।आगे उन्होंने अस्पताल पहुंच कर डॉक्टरों से प्रसव में भर्ती मरीजों



और बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को कहा उन्होंने आगे कहा कि आप नवजात शिशु हमारे भविष्य और धरोहर हैं इनकी सुविधा और सुरक्षा में आपलोग लापरवाही नही बरते। उन्होंने कहा कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए आवश्यकता पड़ी तो सरकार और जिले के वरीय पदाधिकारीयो को भी अवगत कराकर निदान का प्रयास करूंगा।इस मौके पर प्रसव कक्ष में भर्ती महिलाओं व चिकित्सको ने कहा कि जिप सदस्य श्री मेहता का नवजात शिशु के प्रति सामाजिक दायित्व सराहनीय प्रयास है। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर पीएन सिंह ,बिडीएम सुनील कुमार मेहता,रंजीत कुमार ,एएनम गायत्री कुमारी अलविना कच्छप सचितानन्द, सुनील कुमार मेहता, वार्ड आदेश पाल कौशल्या देवी, एवं रामसुन्दर मेहता ,उदय यादव, दिनेश्वर प्रसाद चौधरी ,सुबोध मेहता के अलावा प्रसव कक्ष में भर्ती कई महिलाएं मौजूद थे।

## फोरलेन प्रोजेक्ट निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर एसडीओ ने किया निरिक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** छत्तरपुर एसडीओ नरेन्द्र गुप्ता ने एनएच 98 फोर लेन प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर सोमवार को ढाब, सेमरबार आदी जगहों पर अतिक्रमण हटाने के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही पांच जगहो पर उन्होंने अतिक्रमण मुक्त कराया।वहीं इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अब तक 41 घरों को तोड़ा जा चुका है जबकि अभी 53 घरों को तोड़ने का कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रभावितों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उन्हें स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लेने के लिए प्रेरित कर उनकी समस्याओं को भी सुनीं जाए। बताया कि सड़क निर्माण में कई सरकारी भवन भी हैं जिन्हें हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सेमरबार पंचायत भवन को भी हटाने का निर्देश दिया ताकि सड़क निर्माण कार्य में कोई बाधा न पहुंचे। मौके पर एसडीपीओ अजय कुमार , पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास , सीओ बासुदेव राय, शिवालया कंस्ट्रक्शन के कई पदाधिकारी, मुखिया जितेन्द्र पासवान आदि मौजूद थे।

## शहीद शेख भिखारी और टिकैत के बताये मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के माली मोहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी पलामू के जिला कार्यालय में शहीद -ए-वतन अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का 165 वीं शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।आयोजन के मुख्य अतिथि सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह को बुके देकर स्वागत किया गया। तंजीम के सचिव नसीम अहमद ने विषय प्रवेश कराया एवं कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार साह ने कहा कि झारखंड के सपूत शहीद शेख भिखारी व टिकैत ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने जान को बलिदान कर दिया। झारखंड की



धरती बलिदानियों की धरती है। हमें ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेने एवं उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। ये हमारे सदा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। यही संकल्प अमर शहीद शेख भिखारी व टिकैत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने ने कहा कि ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण जारी रहेगा। साहित्यकार एवं शायर डॉ मकबूल मंजर, शायर हाजी शमीम रिजवी, शायर हाजी अमीन रहबर, हाजी मोबीन अली, शिक्षक मन्जूर अली, सहित कई वक्ताओं ने अमर शहीद शेख भिखारी व टिकैत के संघर्षपूर्ण जीवनी को याद किया एवं कविता के माध्यम से श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। धन्यवाद ज्ञापन तंजीम के सरपरस्त जियाउद्दीन अंसारी ने की। मौके पर सरपरस्त हाजी नूर अजीजी, राजीव कुमार, सरपरस्त सुखाड़ी मियाँ, खजांची मो.सेराज अन्सारी, मो. शमसुद्दीन, रवायत हुसैन, हेशामुद्दीन अंसारी, तंजीम के प्रवक्ता मो. फैजुन्नबी उर्फ रजा, जेनुल अंसारी, मो. इरशाद अंसारी, महफूज आलम, मकबूल अंसारी, उर्दू शिक्षक संघ के अध्यक्ष यासीन कादरी, मनव्वर हुसैन,मुस्ताक अहमद, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थें।

## कार्यालय मोटरयान निरीक्षक, हजारीबाग

### सूचना

सूची में अंकित सभी गाडी वाहन स्वामियों को संदर्भ ससूचित किया जाता है कि आपके द्वारा अपने वाहन एवं वाहनों के संबंधित यथावांछि अभिलेखों कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण संबंधित वाहन की **Fitness Certificate, Alteration** का कार्य लंबित है । मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 56 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली के नियम 81 तथा संगत नियम 52 एवं 73 के तहत वाहन का **Fitness Certificate, Altertration** का निर्गमण प्रावधानित है।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि के 07 के अंदर कार्यालय में कागजात एवं वाहन के साथ उपस्थित होकर वाहन कि जाँच करवा लें। उपस्थित नहीं होने से इसे निरस्त कर दिया जाएगा।

| Sr.No | Application No | Application <br/> Date | Vehicle No | Purpose | Pending At | Pending Since |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH22071908399037 | 19-Jul-2022 | JH02R3198 | Alteration of Motor Vehicle | Approve | 17-Aug-2022 |
| 2 | JH19012298386070 | 22-Jan-2019 | JH02AP6125 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 22-Jan-2019 |
| 3 | JH22051752506953 | 17-May-2022 | JH02AV0029 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 17-May-2022 |
| 4 | JH22060735155009 | 07-Jun-2022 | JH02AV0047 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 07-Jun-2022 |
| 5 | JH22060775189643 | 07-Jun-2022 | JH02BF2266 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 07-Jun-2022 |
| 6 | JH22062397217333 | 23-Jun-2022 | JH02X4605 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 23-Jun-2022 |
| 7 | JH22071909465523 | 19-Jul-2022 | JH02K6506 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 19-Jul-2022 |
| 8 | JH22080812860550 | 08-Aug-2022 | JH02AG8396 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 08-Aug-2022 |
| 11 | JH22120138375867 | 01-Dec-2022 | JH02Y3720 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 01-Dec-2022 |
| 12 | JH22120128376528 | 01-Dec-2022 | JH02AY0102 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 01-Dec-2022 |
| 13 | JH22120518805259 | 05-Dec-2022 | JH02AQ6584 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 05-Dec-2022 |
| 14 | JH22120759143367 | 07-Dec-2022 | JH02AV0025 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 07-Dec-2022 |
| 15 | JH22120899302415 | 08-Dec-2022 | JH02AU0749 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 08-Dec-2022 |
| 16 | JH22122002810222 | 20-Dec-2022 | JH02X9311 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 20-Dec-2022 |
| 17 | JH22122106884052 | 21-Dec-2022 | JH02AX6412 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 21-Dec-2022 |
| 18 | JH22082514899292 | 25-Aug-2022 | JH02Q3725 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 27-Aug-2022 |
| 19 | JH22090916828048 | 09-Sep-2022 | JH02V3311 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 09-Sep-2022 |
| 20 | JH22091397187795 | 13-Sep-2022 | JH02P7864 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 13-Sep-2022 |
| 21 | JH22101911982697 | 19-Oct-2022 | JH02AY9437 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 19-Oct-2022 |
| 22 | JH22110524727139 | 05-Nov-2022 | JH02Q7562 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 05-Nov-2022 |
| 23 | JH22110524727532 | 05-Nov-2022 | JH02AJ2225 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 05-Nov-2022 |
| 24 | JH22111716366162 | 17-Nov-2022 | JH02AW9825 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 17-Nov-2022 |
| 25 | JH22111786367168 | 17-Nov-2022 | JH02AW9371 | Alteration of Motor Vehicle | Entry | 17-Nov-2022 |
| 27 | JH22072841573325 | 28-Jul-2022 | JH02AQ2526 | Alteration of Motor Vehicle | Verify | 28-Jul-2022 |
| 28 | JH22081814021422 | 18-Aug-2022 | JH02AK9752 | Alteration of Motor Vehicle | Verify | 22-Aug-2022 |
| 29 | JH22081834021694 | 18-Aug-2022 | JH02AX7648 | Alteration of Motor Vehicle | Verify | 22-Aug-2022 |
| 33 | JH22092238305718 | 22-Sep-2022 | JH02T6171 | Alteration of Motor Vehicle | Verify | 15-Oct-2022 |
| 34 | JH22092298344763 | 22-Sep-2022 | JH02P3398 | Alteration of Motor Vehicle | Verify | 01-Oct-2022 |
| 35 | JH220615V2240179 | 15-Jun-2022 | JH02R3452 | Fitness Inspection/Certificate | Approve | 03-Dec-2022 |
| 38 | JH221129V1477564 | 29-Nov-2022 | JH02R6159 | Fitness Inspection/Certificate | Approve | 21-Dec-2022 |
| 40 | JH221213V4577958 | 13-Dec-2022 | JH02R7074 | Fitness Inspection/Certificate | Approve | 28-Dec-2022 |
| 42 | JH221221V2328527 | 22-Dec-2022 | JH02D5674 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 44 | JH221222V1405197 | 22-Dec-2022 | JH02R8719 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 30-Dec-2022 |
| 45 | JH221222V8436749 | 22-Dec-2022 | JH02AA4883 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 26-Dec-2022 |
| 47 | JH221223V5528538 | 23-Dec-2022 | JH02BC3683 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 29-Dec-2022 |
| 56 | JH221226V5703404 | 26-Dec-2022 | JH02X0179 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 30-Dec-2022 |
| 58 | JH221226V2731412 | 26-Dec-2022 | JH02AV0487 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 28-Dec-2022 |
| 99 | JH220418V6846914 | 18-Apr-2022 | JH02AU7385 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 31-Dec-2022 |
| 100 | JH220425V3362560 | 25-Apr-2022 | JH02AL7539 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 05-Jul-2022 |
| 101 | JH220509V4456595 | 09-May-2022 | JH02F2057 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 05-Jul-2022 |
| 103 | JH220517V9210391 | 17-May-2022 | JH02AH3383 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 01-Sep-2022 |
| 104 | JH220601V2249696 | 01-Jun-2022 | JH02BB5131 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 01-Sep-2022 |
| 105 | JH220617V1399372 | 17-Jun-2022 | JH02Y9843 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 17-Jun-2022 |
| 106 | JH220621V6630954 | 21-Jun-2022 | JH02B1119 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 21-Jun-2022 |
| 107 | JH220623V2854686 | 23-Jun-2022 | JH02AU6811 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 01-Sep-2022 |
| 108 | JH220629V7285732 | 29-Jun-2022 | JH02AN0112 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 11-Nov-2022 |
| 109 | JH220705V2962377 | 05-Jul-2022 | JH02AK4850 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 10-Aug-2022 |
| 110 | JH220707V9139157 | 07-Jul-2022 | JH02Y7650 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 15-Dec-2022 |
| 111 | JH220729V0000236 | 29-Jul-2022 | JH02AZ9920 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 14-Sep-2022 |
| 112 | JH220810V9930040 | 10-Aug-2022 | JH02BC1318 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 20-Aug-2022 |
| 113 | JH220823V1895196 | 23-Aug-2022 | JH02S8822 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 24-Aug-2022 |
| 117 | JH221117V2558657 | 17-Nov-2022 | OR19N1152 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 19-Nov-2022 |
| 118 | JH221119V2771452 | 19-Nov-2022 | JH02AE8782 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 119 | JH221121V4842572 | 21-Nov-2022 | JH02AK6731 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 24-Nov-2022 |
| 121 | JH221129V4491309 | 29-Nov-2022 | JH02BA1479 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 29-Nov-2022 |
| 122 | JH221201V3716429 | 01-Dec-2022 | JH02BD8719 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 123 | JH221202V1762738 | 02-Dec-2022 | JH02AZ6582 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 02-Dec-2022 |
| 124 | JH221205V4942057 | 05-Dec-2022 | JH02AA7859 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 12-Dec-2022 |
| 126 | JH221208V9289517 | 08-Dec-2022 | JH02AV7915 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 30-Dec-2022 |
| 127 | JH221209V1380344 | 10-Dec-2022 | JH02AB3118 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 14-Dec-2022 |
| 128 | JH221212V5552878 | 12-Dec-2022 | JH02U0658 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 30-Dec-2022 |
| 129 | JH221214V7700061 | 14-Dec-2022 | JH02S4823 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 16-Dec-2022 |
| 130 | JH221215V3868084 | 15-Dec-2022 | JH02AH0691 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 131 | JH221215V1885576 | 15-Dec-2022 | JH02AW6618 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 17-Dec-2022 |
| 133 | JH221215V1853119 | 16-Dec-2022 | JH02AM8502 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 31-Dec-2022 |
| 134 | JH221217V0039542 | 17-Dec-2022 | JH02P0217 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 135 | JH221217V0114587 | 17-Dec-2022 | JH02W6495 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 22-Dec-2022 |
| 136 | JH221219V0684159 | 19-Dec-2022 | JH02BD7429 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 20-Dec-2022 |
| 137 | JH221221V1322052 | 21-Dec-2022 | JH02AN5530 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 138 | JH221221V4323178 | 21-Dec-2022 | JH02AK2709 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 139 | JH221221V5329730 | 21-Dec-2022 | JH02AX1051 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 29-Dec-2022 |
| 140 | JH221221V5335194 | 21-Dec-2022 | JH02BB6073 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 23-Dec-2022 |
| 141 | JH221221V4355836 | 21-Dec-2022 | JH02BC2474 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 29-Dec-2022 |
| 142 | JH221221V8356530 | 21-Dec-2022 | JH02AX2961 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 29-Dec-2022 |
| 143 | JH220912V1282025 | 12-Sep-2022 | JH02AU4584 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 12-Sep-2022 |
| 144 | JH22091657587587 | 16-Sep-2022 | JH02BH5701 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 16-Sep-2022 |
| 145 | JH22091647587969 | 16-Sep-2022 | JH02BH5859 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 16-Sep-2022 |
| 146 | JH220922V8219840 | 22-Sep-2022 | JH02V1559 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 30-Dec-2022 |
| 147 | JH220923V9296481 | 23-Sep-2022 | JH02BA5286 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 29-Sep-2022 |
| 148 | JH221006V2557060 | 06-Oct-2022 | JH02M3936 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 30-Nov-2022 |
| 149 | JH22100805408162 | 08-Oct-2022 | JH02T4845 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 08-Oct-2022 |
| 150 | JH221013V3228984 | 13-Oct-2022 | JH02P7010 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 18-Oct-2022 |
| 151 | JH221023V5245718 | 23-Oct-2022 | JH02X2930 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 02-Nov-2022 |
| 152 | JH221026V2332948 | 26-Oct-2022 | JH02Q0191 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 20-Dec-2022 |
| 154 | JH221104V8257217 | 04-Nov-2022 | JH02AW8022 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 31-Dec-2022 |
| 155 | JH221105V3341646 | 05-Nov-2022 | JH02AW0971 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 09-Nov-2022 |
| 156 | JH221105V7342106 | 05-Nov-2022 | JH02AW8652 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 09-Nov-2022 |
| 157 | JH221112V4985121 | 12-Nov-2022 | JH02AZ1389 | Fitness Inspection/Certificate | Entry | 01-Dec-2022 |

आदेशानुसार
मोटरयान निरीक्षक, हजारीबाग

PR 287028 Transport (22-23)_D

## स्पोर्ट्स



पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से पहले कटक में आयोजित किया जाएगा एक भव्य उत्सव कार्यक्रम

# ज्ञान निकेतन बालिका वर्ग के फाइनल में 21 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 21 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 18 दिन बालिका वर्ग के मैच में आर के पब्लिक स्कूल ने ब्राइट फ्यूचर को छह विकेट से जबकि दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेल चंपा की टीम ने बीएनटी संत मैरी को 67 रनों से हराकर बालिका वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता से पूर्व मझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला, गढ़वा महिला थाना के प्रभारी सीमा कुमारी एसबीआई के डिप्टी मैनेजर प्रार्थना प्रिया और डॉ कुलदीप चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे बालिका वर्ग के पहले मैच में



आर के पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर स्कूल ब्राइट फ्यूचर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया स्कूल ब्राइट फ्यूचर के गुलापशा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 22 रनों की पारीक बदोलत 4 विकेट खोकर 55 रन बनाए। आर के पब्लिक स्कूल की ओर से संस्कृति ने दो विकेट प्राप्त की। जवाबी पारी खेलने उतरी आर के पब्लिक की टीम ने शिल्पी के नाबाद 40 रनों की बदौलत 6 ओवर में ही 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर अपने टीम के लिए पूरे अंक अर्जित किए। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेल चंपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरन के विस्फोटक बल्लेबाजी 48 और सुहानी के नाबाद 39 सहयोग से निर्धारित ओवरों में 2 विकेट खोकर 130 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बीएनटी संत मैरी की ओर से रंजिनी ने एक विकेट प्राप्त किया।

# बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने किया अदालत में आत्मसमर्पण, भेजे गये जेल

## 2013 में पुलिस कस्टडी से आरोपी को जबरन छुड़ाने का मामला

**साजिश के तहत मेरे ऊपर दर्ज कराये गये थे कई मामले, न्यायालय पर है पूरा भरोसा : ढुल्लू महतो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने सोमवार को धनबाद अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। झारखंड हाईकोर्ट ने विधायक ढुल्लू महतो को वर्दी फाड़ने और पुलिस हिरासत से वारंटी राजेश गुप्ता को जबरन छुड़ाने के मामले में 12 दिसंबर को एक माह के अंदर निचली अदालत में समर्पण करने का निर्देश दिया था। इस मामले में मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई होनी है। इससे पहले रविवार की रात विधायक ढुल्लू पेट दर्द की शिकायत के बाद बाघमारा क्षेत्र के निचितपुर स्थित एक स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुए थे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें पुरानी बीमारी कोलाइटिस होने की बात कह कर दुगार्पुर मिशन के लिए रेफर कर दिया था। पर सोमवार को दुगार्पुर इलाज के लिए जाने से पहले ढुल्लू महतो ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### अदालत के सम्मान में इलाज से पहले जाकर किया आत्मसमर्पण : ढुल्लू महतो

अदालत में आत्मसमर्पण के बाद जेल जाने के दौरान विधायक ढुल्लू महतो ने पत्रकारों से कहा कि उनकी तबीयत खराब है। बेहतर इलाज के लिए उन्हें दुगार्पुर स्थित मिशन अस्पताल रेफर किया गया था। पर न्यायालय का सम्मान करते हुए वह कोर्ट के समक्ष पेश हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनपर कई मामलों को जबरन थोप दिया गया है। यहां तक कि जिस मामले में उन्होंने आत्मसमर्पण किया उन्हें इसकी जानकारी भी नहीं थी। आगे कहा कि ऐसे जबरन थोपे गए मामलों पर उन्होंने हमेशा से सीबीआइ जांच की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला

ढुल्लू महतो पर वर्ष 2013 में धनबाद के बरोरा थाना के तत्कालीन थानेदार आरएन चौधरी द्वारा विधायक व उनके कई समर्थकों पर सरकारी काम में बाधा डालने, वारंटी राजेश गुप्ता को जबरन पुलिस कस्टडी से छुड़ाने व पुलिस की वर्दी फाड़े जाने का मामला दर्ज कराया था। वहीं मामले का कोर्ट में ट्रायल के बाद धनबाद की अनुमंडल दंडाधिकारी शिखा अग्रवाल में ढुल्लू को दोषी ठहराते हुए अक्टूबर 2019 को 18 महीने की सजा सुनाई थी। जिसके बाद निचले अदालत की सजा को ढुल्लू महतो ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाइकोर्ट में इस मामले को लेकर 10 जनवरी को सुनवाई होनी है। इससे पहले हाइकोर्ट ने 12 दिसंबर को ढुल्लू महतो को निर्देश दिया था कि वे एक महीने के अंदर आत्मसमर्पण कर दें।

---

कतरास में निजी कंपनी में थे कार्यरत, ठंड से बचाव के लिए घर में जलाकर रखा था चूल्हा

# दम घूंटने से चाचा-भतीजे की मौत

**बिहार के भोजपुर के रहने वाले थे, दो साल से कतरास में किराये के मकान में रह कर कर रहे थे काम**

आजाद सिपाही संवाददाता









कंपनी का लोगो और घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग। घर में जल रहा चूल्हा व जमीन पर पड़ा मृतक।

**कतरास।** कतरास थाना अंतर्गत राहुल चौक के समीप हीरक रोड स्थित निदान म्यूच्युअल बेनिफिट निधि लिमिटेड नामक कार्यालय में काम करने वाले दो कर्मचारियों का शव सोमवार की सुबह उसने अवासा से ही बरामद किया गया। मृतकों की पहचान कृष्णकांत तिवारी (33) और पवन तिवारी (32) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं। दोनों बिहार के भोजपुर जिले के रहने वाले थे। इस दिन सुबह मकान मालिक सतीश वर्णवाल ने घटना की सूचना फोन पर कतरास पुलिस को दिया। पुलिस के निर्देश पर मकान मालिक ने ताला तोड़ कर कमरे में देखा तो दोनों एक ही बेड मृत पड़े थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। वहीं, मकान मालिक और पड़ोसियों का कहना था कि अत्यधिक ठंड की वजह से कार्यालय के ऊपर स्थित अपने कमरे में दोनों चूल्हा जलाकर दरवाजा बंद कर सो गए होंगे। कमरे में धूंआ भर जाने और दम घूंटने के कारण दोनों की मौत हो गई होगी। उधर, पूछताछ में मकान मालिक सतीश ने बताया कि सुबह करीब 7.30 बजे कंपनी के कर्मी आए थे। वे लोग शोर मचाकर दोनों को जगाने का प्रयास किया। जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो उन लोगों ने फोन भी किया। लेकिन भीतर से किसी ने किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद मैंने (मान मालिक) ने खुद एक को फोन किया, लेकिन किसी ने उसका फोन भी नहीं उठाया। इसके बाद संदेह होने पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मकान मालिक ने बताया कि मृतकों के स्वजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक कतरास में मृतक के परिजन नही आये थे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई : थानेदार

कतरास थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने भी दो लोगों के शव बरामद होने की पुष्टि की है। कहा कि यूडी केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

---

# विभिन्न मांगों को लेकर बोकारो जिला समिति ने प्रधानमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ललपनिया।** आदिवासी कुरमी/कुड़मी समाज केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार बोकारो जिला समिति की ओर से सोमवार बोकारो जिला समाहरणालय जाकर सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम डीसी को 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें कुड़मी जनजाति समुदाय को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने, भारत की जनगणना के भाषा सूची में स्वतंत्र रूप से कुड़मालि भाषा कोड लागू करने, धर्म के कॉलम में सरनाधर्म कॉलम लागू करने, कुड़मालि भाषा को जनजातीय भाषा की मान्यता देते हुए संविधानकी आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने, कुड़मालि भाषा की पढ़ाई प्राथमिक विद्यालय स्तर से लेकर महाविद्यालय और सभी विश्वविद्यालय स्तरतक कराते हुए सभी स्थानोंपर यथोचित संख्या में कुड़मालि अध्यापकों और प्राध्यापकों की नियुक्ति करने आदि शामिल है। साथ ही कल्चरल बोर्ड का गठन करने और चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो संताल हुल के वीर शहीद चानकु महतो, मेड़ि विद्रोह के वीर शहीद कालिया मोहंता एवं भीम मोहंता (ओड़िशा), सविनय अवज्ञा आंदोलन के वीर शहीद गोकुल महतो, मोहन महतो, शीतल महतो, सहदेव महतो और गणेश महतो, भारत छोड़ो आंदोलन के वीर शहीद चुनाराम महतो एवं गोविंद महतो (पश्चिम बंगाल) आदि महापुरुषों की जीवनी और वीर गाथाओं को सरकारी पाठ्यक्रम में शामिल करने आदि की भी मांग की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद सागर, पूर्व मुखिया रेणुका देवी, मनोज महतो, अनिल महतो, सहजनाथ महतो, मनेश्वर महतो, रवीणा कुमारी, सुलेखा कुमारी, प्रतिमा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा बंद : विजय झा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद-चंद्रपुरा डीसी लाइन पर डीजीएमएस के महानिदेशक के ब्यान पर कतरास के रेल आंदोलनकारी विजय झा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विरोध जताते हुए बीसीसीएल और डीजीएमएस के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कहा कि डीजीएमएस का काम है आने वाली विपदा से आम जनजीवन बचाना, न की आग के बहाने जनाता को डराना। डीसी रेलवे लाईन को कैसे सुरक्षित किया जाए और आगे कैसे सुचारु रुप रेल मार्ग की वजह से आम लोग कैसे लाभान्वित हो इसके लिए डीजीएमएस जैसी बड़ी संस्था की स्थापना धनबाद में की गई है। बीसीसीएल डीजीएमएस फिर से धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर षड्यंत्र कर रहा है। कहा कि रेल लाइन से लाखों लोगों को रोजी-रोजगार जुड़ा हुआ है। इसलिए इस रेल लाइन को चालु रखना ही एक मात्र विकल्प है। रैक परिचालन एवं आम जनता के लिए लाइफ लाइन है। 15 जून 2017 को बंदी की घोषणा उचित नहीं थी। जन आंदोलन के कारण पुनः 24 फरवरी-2019 को लाईन चालू की गई जो आज तक सुरक्षित चल रहा है। उन्होंने कहा कि डीजीएमएस संभवतः किसी के दबाव में आकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जगह बयानबाजी कर रही है। इस मौके पर गौतम मंडल, जागो संस्था के चुन्ना यादव, आरटीआई एक्टिविस्ट छेदी शर्मा, निमाई मुखर्जी, अधिवक्ता एनुल हक, शंकर चौहान और बंटी राय उपस्थित थे।

---

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी-6 के बच्चों का 25वां बाल अधिकार कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी-6 की दो प्रतिभाशाली छात्राएं गायन व सुनैना कुमारी के *दूषित भूमिगत जल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा* विषय को साइंस फॉर सोसाइटी झारखंड की ओर से गुमला के विशुनपुर में आयोजित 25वां बाल अधिकार कांग्रेस में एक्सीलेंट अवार्ड मिला। बतातें चलें कि जिला स्तर पर सबसे पहले कुल 48 शोध आधारित प्रोजेक्ट में से राज्य स्तर के लिए 33 प्रोजेक्ट का चयन हुआ। जिसमें डीएवी-6 की दो छात्राओं का भी चयन हुआ। पुनः 33 प्रोजेक्ट में से राष्ट्रीय स्तर पर 16 प्रोजेक्ट का चयन हुआ जिसका आयोजन विशुनपुर, गुमला में प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र एवं भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा आकलन के आधार पर कुल नौ प्रोजेक्ट का चयन अंतिम रूप से हुआ। इन दोनों विद्यार्थियों को एक्सीलेंट अवार्ड से प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बच्चों के साथ ही उनके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य एसके मिश्र ने बच्चों की राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि पर गाइड शिक्षक के साथ ही बच्चों को बधाई दी है।

### स्वास्थ्य केंद्र में समूचित व्यवस्था की मांग को लेकर आजसू ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** केंदुआडीह शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समूचित स्वास्थ्य व्यवस्था की मांग को लेकर सोमवार को लोयाबाद मोड़ पर आजसू की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आजसू के नगर अध्यक्ष जीतू पासवान ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र में घोर कुव्यवस्था है। व्यवस्था में सुधार को लेकर पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो के नेतृत्व में आंदोलन चलाया जा रहा है। करीब ढाई लाख से अधिक आबादी पर यह एक मात्र चिकित्सालय है। जिसमें चारों तरफ गंदगी का अंबार है। दोपहर दो बजे के बाद अस्पताल में एक चिकित्सक नहीं रहते हैं। रात में कोई बीमार पड़ जाता है तो लोगों को इलाज के लिए धनबाद जाना पड़ता है। जब तक अस्पताल में सुधार नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे लोग भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस मौके पर विभा सहाय, पूनम प्रसाद, बेबी देवी, रेखा देवी, संतोष महतो, संतोष पासवान, अमर पासवान, बालकिशोर भुइंया, जीतू वर्णवाल, डिस्को महतो, रमेश रवानी, मदन मल्लाह, चिंटू गुप्ता, पप्पू महतो, पुनीत सिंह, सुभाष महतो और लालू खान आदि मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर मासस ने किया प्रतिवाद सभा

**कतरास (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा को नजरंदाज किए जाने को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मासस समर्थकों ने सोमवार को कतरास के राहुल चौक के समीप प्रतिवाद सभा का आयोजन किया। जिसे संबोधित करते मासस के केंद्रीय सचिव हलधर महतो ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-32 सोनारडीह से लेकर कतरास लिलोरी मंदिर तक सड़क का काम अभी पूरा नहीं हो पाया है। सोनाडीह रेलवे फाटक एवं निचीतपुर कतरास रेलवे फाटक तक आए दिन वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है, जिससे लोग परेशान रहते हैं। मुख्य मार्ग रहने के कारण स्कूली बस एंबुलेंस रास्ते में ही फंस जाते है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है, बावजूद इसके टोल टैक्स वसूला जाता है। उन्होंने कहा शीघ्र इन सभी समस्या का समाधान समय रहते नहीं किया गया तो मासस समर्थक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर सुनील महतो, ठाकुर महतो, कार्तिक महतो, देवआनंद महतो, दिलीप महतो, याकूब अंसारी, रोबिन महतो, लखी हेंब्रम, सनी शर्मा, विक्रम महतो, सोना महतो आदि थे।

### तोपचांची बम धमाके में आरोपी के घर पुलिस का छापा, 264 जेनेटिक बरामद



**कतरास (आजाद सिपाही)।** तोपचांची थाना क्षेत्र के सुभाष चौक में रविवार की दोपहर हुए बम धमाका मामले में सोमवार को पिंटू मोदी के घर पुलिस ने छापामारी की। जहां से 264 पीस जेनेटिक पावर बरामद किया है। छापामारी में रांची, गोमो और तोपचांची पुलिस शामिल थी। सोमवार को घायल पिंटू मोदी के लोको बाजार गोमो स्थित घर पर रांची ऐंटी बम एस्कॉड टीम, तोपचांची थानेदार जयराम प्रसाद व हरिहरपुर गोमो थानेदार योगेन्द्र महतो ने छापामारी कर प्लास्टिक के दो बोरे में रखे 264 पिस जेनेटिक पावर बरामद कर अपने साथ लेकर गयी। पुलिस ने बताया पिंटू मोदी सहित जो भी लोग शामिल है उन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बरामद जेनेटिक पावर गोमीया और बर्दवान का है। फिलहाल पुलिस हर बिंदू पर जांच पड़ताल कर रही है।

# अवैध उत्खनन पर संयुक्त कार्रवाई, सैकड़ों बोरा अवैध कोयला जब्त



**कतरास (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सलानपुर तीन नंबर खदान के पीछे चल रहे अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करते हुए सीआइएसएफ, कतरास पुलिस और बीसीसीएल प्रबंधन की संयुक्त टीम ने भराई कर सैकड़ों बोरा कोयला जब्त किया। सोमवार को कतरास पुलिस, सीआइएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधन ने थाने से महज कुछ ही दूरी पर चल रहे अवैध उत्खनन स्थल का छापामारी की। वहां भराई कर अवैध कोयला जब्त कर बीसीसीएल प्रबंधन को सौप दिया। दूसरी ओर, संयुक्त कार्रवाई से अवैध धंधेबाजो के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

बेरमो विधायक ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया

# बेरमो में तेजी से हो रहा विकास : कुमार जयमंगल

आजाद सिपाही संवाददाता



विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्या स करते बेरमो विधायक कुमार जयमंगल।

**करगली/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने सोमवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 13 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए विधिवत पूजा कर शिलान्यास किया। यह कार्य विधायक मद से तीन लाख रुपये की लागत से किया जाना है। वार्ड संख्या 24 में पटेल चौक और वार्ड संख्या 06 में अमलो कर्बला मैदान के पीछे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। उक्त कार्य पर लगभग 93 लाख रुपये की लागत आयेगी, जिसे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना मद से किया जाएगा। पटेल चौक में सड़क निर्माण भेड़मुक्का स्थिति तुरी टोला से ढोरी बस्ती गणेश मंदिर तक निर्माण किया जाएगा। जबकि अमलो में कर्बला के पीछे हिड़क रोड से अमलो बस्ती तलाब होते हुए अमलो माइंस तक निर्माण किया जाएगा। बेरमो विधायक ने कहा कि सड़क सही नहीं रहने के कारण यहां के लोगों को काफी परेशानी होती है। विभिन्न योजनाओं के तहत पूरे बेरमो विद्यानसभा क्षेत्र में विकास कार्य किया जा रहा है। पूरे बेरमो विधानसभा क्षेत्रों में विकास की गति को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में लोग किसी प्रकार की सुविधा से वंचित नहीं रहेंगे। इस मौके पर फुसरो नप के उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, बेरमो प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, वरिष्ठ कांग्रेसी गिरजाशंकर पांडेय, शिवनंदन चौहान, मिथिलेश तिवारी, लक्ष्मण सिंह, मो मुस्तकीम, रामदेव रवि, रिंकू निषाद, रोहित मित्तल, परवेज अख्तर, आबिद हुसैन, अरूण सिंह, वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्रा, पूर्व पार्षद जसीम रजा उर्फ गुडडू, अशोक अग्रवाल, महेंद्र महतो, संतन गिरी, ओमशंकर सिंह, सुमित बंसल, भोली सिंह, परशुराम महतो, वसीम अंसारी, बैजनाथ तुरी, पप्पू तुरी, पिंटू सिंह, ललन रवानी, हाशिम अंसारी, महेश रविदास, शिवपूजन स्वर्णकार, विनोद सिंह, रवि सिंह, हरिलाल महतो, प्रदीप महतो, अरुण सिंह, संतन सिंह, सत्यनारायण सिंह, अफ्सर हुसैन आदि लोग मौजूद थे।

**जिला स्तरीय कार्यालय**
**झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर**
**गोला रोड़, रामगढ़ कैंट**
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

**शुद्धि पत्र**

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अस्थायी, अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु आवश्यक सूचना।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ का कार्यालय पत्रांक SSA-R/22-23/707, दिनांक– 17.11.2022 के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन जिसका PR No. – 282562 है के द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित चार कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर लघुकालीन संविदा आधारित चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त विज्ञापन में केवल उन अभ्यर्थियों को विज्ञापन में शामिल किया गया था, जिन्होंने मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा झारखण्ड राज्य से उत्तीर्ण की है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्थानीय नीति को निरस्त कर दिया गया है। अतः राज्य परियोजना कार्यालय पत्रांक–GE/08/163/2022/3694, दिनांक–30.12.2022 के आलोक में अब निर्धारित अहर्त्ता के अनुरूप जिले में संचालित चार कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतः अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्त्ताधारी दिनांक–16.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़, पिन–829122 विहित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। विज्ञापन से संबंधित संपूर्ण सूचना, विज्ञापन एवं प्रपत्र www.ramgarh.nic.in पर उपलब्ध है।

पूर्व में निर्गत विज्ञापन के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन समर्पित किया जा चुका है, उन्हें पुनः आवेदन देने की आवश्यकता नहीं होगी। अतः पूर्व में निर्गत विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, रामगढ

ह०/–
उपायुक्त,
रामगढ़

PR287098 (District)22-23*D

**जिला स्वास्थ्य समिति, सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर, सिमडेगा**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, सिमडेगा के लिए चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु **Walk In Interview** हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या 04/2022 — साक्षात्कार की तिथि 16.01.2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, सिमडेगा के लिए कुल 01 GDMO (चिकित्सा पदाधिकारी) की आवश्यकता है। चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु Walk In Interview दिनांक 05.01.2023 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित की जाती है। शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, सिमडेगा के लिए चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अहर्त्ता निम्नांकित है :–

| क्रम सं0 | विवरणी | शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर हेतु आवश्यक अहर्त्ता |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 65 वर्ष |
| 3 | सेवा की अवधि | अधिकतम 67 वर्ष की आयु तक |
| 3 | मानदेय | रू0 65000.00 प्रतिमाह |
| 4 | कार्य अवधि | प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक एवं रविवार को अवकाश देय है। आवश्यकता अनुसार समय सारणी में बदलाव किया जा सकता है। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सक से 15 वें वित्त आयोग द्वारा बजट आवंटन के आलोक में ही सेवा ली जाएगी। | |

**नोट :–** शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, सिमडेगा के लिए सूचीबद्ध चिकित्सकों द्वारा किया जाने वाला कार्य :–
1. निर्धारित समय अवधि में OPD का संचालन, गैर संचारी रोग का प्राथमिकी स्क्रीनिंग।
2. अन्य सरकारी/गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
3. हेल्थ एण्ड वेलनेस क्रियाकलाप।
4. टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराना, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोतर सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
5. परिवार नियोजन – परामर्श एवं गर्भ निरोधक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
6. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों/योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना।
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों/योजनाओं का प्रतिवेदन ससमय कार्यालय को उपलब्ध कराना।
8. कोविड–19 संक्रमण के आलोक में आवश्यकतानुसार कोविड–19 के ईलाज एवं प्रबंधन की जिम्मेवारी।

उक्त चिकित्सकों के सूचीबद्ध करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्त्ता, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरण सिमडेगा जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय, सिमडेगा के सूचना पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक चिकित्सक दिनांक 16.01.2023 को कार्यालय अवधि में शैक्षणिक प्रमाण–पत्र के साथ Walk In Interview हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.287001 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# केंद्र वन रैंक - वन पेंशन का एरियर जल्द दे : सुप्रीम कोर्ट

## 15 मार्च तक वक्त दिया, कहा : पेंशनधारी किसी बात से नाखुश हैं तो बतायें

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वन रैंक वन पेंशन मामले में सोमवारको सुनवाई की। इस दौरान केंद्र से जल्द से जल्द पेंशन का एरियर देने के लिए कहा गया। इसके लिए कोर्ट ने सरकार को 15 मार्च, 2023 तक का समय दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि पेंशनधारी किसी बात से नाखुश हैं तो बता दें।

भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन ने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि कंट्रोलर ऑफ डिफेंस अकाउंट्स इलाहाबाद ने लगभग 25 लाख पेंशनरों की लिस्ट बनायी है, जो रक्षा मंत्रालय के पास भेजी गयी है।

कोर्ट ने कहा कि 15 मार्च, 2023 तक प्रक्रिया पूरी करें और यदि कोई मुद्दा हो तो हमारे पास वापस आयें। इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा- मैं व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी रख रहा हूं। अभी फाइल रक्षा मंत्रालय के फाइनेंस सेक्शन के पास है। जल्द भुगतान किया जायेगा।

### 1 जुलाई, 2019 से लागू किया जायेगा

जानकारी के अनुसार एक जुलाई 2014 के बाद सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को मिलाकर लाभार्थियों की संख्या 25 लाख पार हो चुकी है। इससे सरकार पर 8,450 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। संशोधन के बाद पेंशन योजना को जुलाई 2019 से जून 2022 तक का एरियर या बकाया भी दिया जायेगा। यानी कुल 23,638.07 करोड़ रुपये दिया जायेगा। एरियर का भुगतान चार छमाही किश्तों में किया जायेगा। इसका लाभ सभी डिफेंस फोर्सेस से रिटायर होने वाले और परिवार पेंशनधारकों को मिलेगा।

### क्या है वन रैंक वन पेंशन का मतलब

वन रैंक वन पेंशन का मतलब समान रैंक और समान अवधि की सेवा के लिए समान पेंशन है। इसमें सेवानिवृत्ति की तारीख के कोई मायने नहीं रह जाते। यानी अगर किसी अधिकारी ने 1985 से 2000 तक 15 साल सशस्त्र बलों में सेवा दी और एक अन्य अफसर 1995 से 2010 तक सेवा में रहे, तो दोनों को समान पेंशन मिलेगी। इससे 25 लाख पूर्व सैनिकों को फायदा होगा।

# सहायक मृतिका संरक्षण अधिकारी रायगड़ा विजिलेंस की गिरफ्त में

**अब तक 11 लाख रुपये से अधिक नकदी जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सहायक मृतिका संरक्षण अधिकारी रायगड़ा विजिलेंस की गिरफ्त में हैं। विजिलेंस ने रायगड़ा जिला मृतिका संरक्षण अधिकारी से 11 लाख 34 हजार 560 रुपये जब्त किये। खबरों के मुताबिक रविवार की रात को विजिलेंस ने उसे 6 लाख रुपये नकद के साथ उसकी बुलेट पर जाते हुए पकड़ था। रायगड़ा अरविंद नगर में जब उसे पकड़ा गया और तलाशी ली गयी, तो उसके यहां से नकदी मिली। बाद में रायगड़ा शहर में उनके किराये के मकान में जांच की गयी। इसी तरह विजिलेंस की टीम ने नबरंगपुर में उसके पिता के घर और भुवनेश्वर पात्रपडा में उसकी पत्नी के घर पर भी जांच की। अब तक विजिलेंस ने 11 लाख 34 हजार 560 रुपये जब्त कर चुका है। विजिलेंस अधिकारी ने बताया कि जब्त की गयी रकम का हिसाब नहीं दे पाने के कारण किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी आज शाम 4.45 बजे रवाना होगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 22823 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 10 जनवरी मंगलवार को भुवनेश्वर से सुबह नौ बजे के स्थान पर शाम 16.45 बजे रवाना होगी। उत्तर भारत में घने कोहरे की वजह से कनेक्टिंग ट्रेनों के चलने में हो रही देरी के चलते यह फैसला लिया गया है।

## एसटीएफ ने एक करोड़ से अधिक की ब्राउन शुगर जब्त की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एसटीएफ ने नयागड जिले के कंटीलो इलाके में छापेमारी कर एक करोड़ से अधिक कीमत की ब्राउन शुगर जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कल शाम फतेगड थाना अंतर्गत कंटीलो स्थित नारायणी पीठ में ब्राउन शुगर की बड़ी डील की सूचना मिलने के बाद एसटीएफ ने छापेमारी की। एसटीएफ ने खंटपड़ा थाने छामुसाही में आरोपी हर प्रसाद प्रसाद पृष्टि के पास से 1 किलो 190 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत एक करोड़ 19 लाख रुपये है। इस संबंध में बताया गया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मामला संख्या 2/23 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट चलाने की सूचना मिली है।

# तमिलनाडु विधानसभा में स्पीच अधूरी छोड़ कर चले गये राज्यपाल

**तमिलनाडु का नाम तमिझगम करने का सुझाव दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जमकर हंगामा हो गया। राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा में कहा कि राज्य का नाम तमिलनाडु के बजाय तमिझगम करना ज्यादा बेहतर होगा। इस पर सरकार में काबिज डीएमके, सहयोगी कांग्रेस और विदुथलाई चिरुथिगाल काची (वीसीके) के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। हंगामे के बाद राज्यपाल स्पीच बीच में छोड़कर सदन से बाहर चले गये।

डीएमके समेत कांग्रेस, वीसीके ने सदन में राज्यपाल के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही कहा कि वे राज्य में भाजपा और आरएसएस की विचारधारा न थोपें। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ विधायकों ने यह भी कहा कि यह नगालैंड नहीं है, यह प्राउड तमिलनाडु है।

**भाजपा अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे राज्यपाल-डीएमके :** डीएमके सांसद टीआर बालू ने कहा कि राज्यपाल रवि को भाजपा के दूसरे प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करना बंद कर देना चाहिए। वे भ्रम, अलगाव और संघर्ष पैदा करने के लिए हर दिन विवादित टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल कहते हैं कि द्रविड़ दलों ने राजनीति के 50 सालों के दौरान लोगों को धोखा दिया है। यह बेहद निंदनीय है। उन्हें यह बात राजभवन से नहीं, बल्कि भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कमलालयम से कहनी चाहिए।

**ऑनलाइन गेम्स बैन करने का विधेयक रोकने का आरोप :** विधानसभा में डीएमके विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने अब तक ऑनलाइन जुए पर बैन लगाने वाले विधेयक को मंजूरी नहीं दी है। राज्य में डीएमके और राज्यपाल के बीच कई विधेयकों को लेकर खींचतान चल रही है। इनमें ऑनलाइन जुए पर रोक लगाने और रमी के दांव जैसे ऑनलाइन गेम शामिल हैं। इसके चलते दिसंबर 2022 तक 21 बिल राजभवन के पास लंबित पड़े हुए थे।

## जोशीमठ पहुंची केंद्र की टीम, शहर 3 हिस्सों में बांटा गया

# डेंजर जोन के घर ढहाये जायेंगे बफर जोन के मकान खतरनाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के जोशीमठ में स्थिति गंभीर बनी हुई है। सोमवार शाम को इमारतों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्र की एक टीम यहां पहुंची। टीम आज ही राज्य सरकार को रिपोर्ट सौपेंगी। उधर, राज्य सरकार ने जोशीमठ को तीन जोन में बांटने का फैसला किया है। ये जोन होंगे- डेंजर, बफर और सेफ जोन। जोन के आधार पर शहर के मकानों को चिह्नित किया जायेगा। डेंजर, जोन में ऐसे मकान होंगे, जो ज्यादा जर्जर हैं और रहने लायक नहीं हैं। ऐसे मकानों को मैन्युअली गिराया जायेगा, जबकि सेफ जोन में वैसे घर होंगे जिनमे हल्की दरारें हैं और जिसके टूटने की आशंका बेहद कम है। वहीं, बफर जोन में वो मकान होंगे, जिनमें हल्की दरारें हैं, लेकिन दरारों के बढ़ने का खतरा है। बता दें कि एक्सपर्ट्स की टीम दरार वाले मकानों को गिराने की सिफारिश कर चुकी है।

**जोशीमठ के मकानों पर रेड क्रॉस :** जोशीमठ के सिंधी गांधीनगर और मनोहर बाग एरिया डेंजर जोन में हैं। यहां के मकानों पर रेड क्रॉस लगाये गये हैं। प्रशासन ने इन मकानों को रहने लायक नहीं बताया है। चमोली उद्ट हिमांशु खुराना ने बताया कि जोशीमठ और आसपास के इलाकों में कंस्ट्रक्शन बैन कर दिया गया है। यहां 603 घरों में दरारें आई हैं। ज्यादातर लोग डर के चलते घर के बाहर ही रह रहे हैं। किरायेदार भी लैंड स्लाइड के डर से घर छोड़ कर चले गये हैं।

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय की टीवी चैनलों को दो-टूक, कहा

# खून, शारीरिक हमलों की फुटेज-तस्वीरें दिखाना करें बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार (9 जनवरी) को सभी टेलीविजन चैनलों को एक परामर्श जारी किया है। सरकार ने कहा कि टीवी चैनल परेशान करने वाले वीडियो और तस्वीरों के प्रसारण को दिखाना बंद करें। सरकार ने टीवी चैनलों को आगाह करते हुए प्रोग्राम कोड के खिलाफ खून, शवों और शारीरिक हमले की तस्वीरों को कष्टप्रद बताया है। मंत्रालय ने टेलीविजन चैनलों द्वारा विवेक की कमी के कई मामलों पर ध्यान दिए जाने के बाद यह सलाह जारी की है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि टेलीविजन चैनलों द्वारा सोशल मीडिया से लिए जा रहे हिंसक वीडियो को बिना किसी एडिटिंग के जारी किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि टेलीविजन चैनलों ने व्यक्तियों के शवों और चारों ओर खून के छींटे, हिंसा सहित दुर्घटनाओं और घायल व्यक्तियों के फुटेज और तस्वीरों तक को टीवी पर दिखाया है और यह परेशान करने वाला है।

मंत्रालय ने कहा कि टीवी चैनलों के प्रोग्राम कोड के खिलाफ ब्लड, शवों और शारीरिक हमले की तस्वीरें कष्टप्रद है। एडवाइजरी में कहा गया है कि ऐसी हिंसात्मक और विचलित कर देने वाली खबरों से बच्चों के मनोविज्ञान पर विपरीत असर पड़ता है। सरकार ने इस प्रोग्रामों और प्रसारित कंटेंट की सूची उदाहरण के लिए जारी की है।

# यात्रियों की सुविधाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है संबलपुर मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के अपने प्रयास के रूप में, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल द्वारा विभिन्न पहल की गयी हैं। बलांगीर और बरगढ़ रोड स्टेशनों पर 34अतिरिक्त बेंच की व्यवस्था की गयी है, जो यात्रियों की संख्या बढ़ने पर उनके बैठने की जरूरतों को पूरा करेगी।

दिव्यांगजनों के लिए सरगीपाली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर वाटर बूथ प्रदान किया गया है। बलांगीर और कोमाखान के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक मानक टेक्टाइल गाइड/पाथवे टू प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया है। स्टेशन भवन के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए बारगढ़ रोड स्टेशन पर डिजिटल मल्टीप्लेक्स कंट्रोलर (डीएमएक्स) के साथ एलइडी आधारित आरजीबी (रेड, ग्रीन और ब्लू) लाइट प्रदान की गयी है। इसके अलावा बरगढ़ रोड पर अतिरिक्त पीएफ शेड उपलब्ध कराया गया है। महासमुंद, कोमाखान और लखना स्टेशनों पर परिसंचारी क्षेत्र में सुधार किया गया है। लखना और आरंग महानदी स्टेशनों में प्लेटफार्म की सतह का कंक्रीटीकरण किया गया है। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल पूरे मंडल में यात्री सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

# मेटा का हिस्सा बने टाटा क्लिक के पूर्व सीइओ

## मेटा ने विकास पुरोहित को इंडिया में ग्लोबल बिजनेस ग्रुप का हेड बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा ने टाटा क्लिक के पूर्व सीइओ विकास पुरोहित को इंडिया में ग्लोबल बिजनेस ग्रुप का हेड नियुक्त किया है। इस बात की जानकारी सोमवार को मेटा ने एक स्टेटमेंट जारी कर दी है। कंपनी ने स्टेटमेंट में कहा कि मेटा ने देश के लीडिंग एडवर्टाइजर्स और एजेंसी पार्टनर्स पर केंद्रित चार्टर की स्ट्रेटजी और डिलीवरी को लीड करने के लिए भारत में ग्लोबल बिजनेस ग्रुप के डायरेक्टर के रूप में विकास पुरोहित को नियुक्त किया है। पुरोहित भारत में मेटा के ऐड्स बिजनेस के डायरेक्टर और हेड अरुण श्रीनिवास को रिपोर्ट करेंगे।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAiSTe DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**